✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 34 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 30 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बक्सर के धनसोई में आयोजित संत शिरोमणी रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह में भाग लेते सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

संक्षिप्त समाचार

स्पर्शाघात से दो बहनों की मौत

कटिहार(नबिटा ब्यूरो)। कदवा प्रखंड के धनगमा पंचायत के वृन्दाबारी बहियार में धान की रोपनी करने गई दो सगी बहनों की बिजली का करंट लगने की वजह से मौत हो गई जबकि दो महिला घायल हो गई हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को भमरेली वृन्दाबारी निवासी हांजी किष्कु एवं जज्जी किष्कु अन्य मजदूर के साथ जोबरा साह के खेत मे धान की रोपनी करने गई थी। इसी बीच करंट की चपेट में आने से हांजी एवं जज्जी की मौत हो गयी।

युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

पटना(नबिटा ब्यूरो)। जिले के बिहटा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक शिव शक्ति नगर में रामजी शर्मा के मकान में किराए पर रहता था। मृतक की पहचान गोलू कुमार के रूप में हुई है। बड़े भाई रोहित कुमार ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से गाजीपुर (यूपी) का है।

स्पर्शाघात से मौत

बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)। सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक स्कूल के पास करंट की संपर्क में आने से वेल्डिंग मिस्त्री की शनिवार की रात मौत हो गई। मृतक की पहचान गया के सरबहदा थाना अंतर्गत बाल बिगहा नरौली के रहने वाले रामसेवक प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। परिजन संवेदक पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

2027 तक बनकर तैयार होगी पटना की टनल गैलरी, चीन से आएगी खुदाई मशीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजधानी पटना में बन रही भारत की पहली म्यूजियम-टू-म्यूजियम अंडरग्राउंड टनल के निर्माण का काम तेजी से बढ़ रहा है। बिहार म्यूजियम को पटना म्यूजियम से जोड़ने वाली इस हेरिटेज टनल का लगभग 35 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मेट्रो नेटवर्क की तरह इस टनल की खुदाई के लिये जरूरी टनल बोरिंग मशीन अभी तक नहीं आई है। यह मशीन चीन से मंगाई जा रही है और अगले महीने तक पटना पहुंचने की संभावना है। जैसे ही टीबीएम पहुंचेगी टनल की खुदाई का काम चालू कर दिया जाएगा। इसके लिये बेस स्लैब और लांच शाफ्ट पहले ही तैयार किया जा चुका है। इन



स्थानों से मशीन को प्लेटफार्म मिलेगा और सुरंग की खुदाई बिना किसी रुकावट के की जा सकेगी। बीते महीने सीएम नीतीश कुमार ने इस सुरंग निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल का निर्माण जल्द और सही तरीके से पूरा किया जाए। सीएम ने कहा कि बिहार म्यूजियम अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान बना चुका है और पटना म्यूजियम में भी भारी संख्या में लोग आते हैं। सुरंग के बनने से दोनों म्यूजियम के बीच सीधी कनेक्टिविटी होगी जिससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस हेरिटेज टनल का निर्माण कार्य 2027 में पूरा होने का अनुमान है। यह टनल लगभग 1.5 किलोमीटर लम्बा होगी और पटना म्यूजियम, विद्यापति मार्ग, तारामंडल क्रॉसिंग, इनकम टैक्स गोलंबर, पटना विमेंस कॉलेज और अंत में बिहार म्यूजियम से मिलेगी। सूचना के अनुसार इस टनल को आर्ट गैलरी के तरह बनाया जा रहा है जिसमें मधुबनी पेंटिंग समेत अन्य **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

फाइलेरिया मरीजों को मिलेगा एमएमडीपी किट

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य में चिह्नित सभी फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. श्यामा राय ने सभी जिलों के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को इस बाबत निर्देश जारी किया है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि ऐसे जिले जहां एमएमडीपी किट उपलब्ध नहीं हैं, वे पीपल्स लेप्रा फाउंडेशन से किट की खरीदारी कर समय पर इनका वितरण शुरू करें। अपने जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ओर से मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। राज्य स्तर पर किट वितरण का नियमित निगरानी की जाएगी।

!! तमसो माँ ज्योर्तिगमय !!
Reg. No. :-23014082021121712204 1 (Bihar Govt.)
UDISE Code- 10281211602
:-0526016 (PSB Ed. Council, New Delhi)

मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल
सह
मॉन्टेसरी एजुकेशन ट्रस्ट

कृष्णापुरी (गायत्री मंदिर के निकट), मसौढ़ी (पटना)

नर्सरी से दशम् वर्ग तक (सी.बी.एस.ई पाठ्यक्रम)

अंग्रेजी माध्यम

छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करने वाला एक मात्र संस्थान !

➡ RTE के तहत गरीब एवं मेधावी छात्र–छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्था ।
➡ CCTV कैमरे से बच्चों की निगरानी ।

यहाँ आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, सिमुलतला विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालय की तैयारी कराई जाती है एवं फार्म इसी विद्यालय से भरा जाता है ।

पारदर्शी प्रशान | वाहन सुविधा। | उत्तम खान पान
नामांकन प्रारंभ है। | स्थान सीमित है । | अलग छात्रावास की सुविधा।



व्यवस्थापक :-
R.P. Prasad (Mantu Sir)
B.Sc. (PHY. HONS.)
Mob. : 09135275111

प्राचार्य :-
अमृता भारती
B.ed
Mob. : 09142079839

ऑन लाईन नामांकन की सुविधा !
Email :- montessoripschool@gmail.com
Website :- https://psbi.site/mpss
YouTube :- Montessori educational group Masaurhi

राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की होगी जांच

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की जाएगी। इसके लिए समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने तैयारी शुरू कर दी है। हर सप्ताह एक जिले में तीन से चार आंगनबाड़ी केंद्र की जांच होगी। इसमें बच्चों की वृद्धि माप के साथ उनकी उपस्थिति को देखा जाएगा। इसके लिए आईसीडीएस की ओर से एक टीम गठित की जाएगी। बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

भागलपुर से होगी भारत गौरव एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करने के उद्देश्य से चर्चित भारत गौरव एक्सप्रेस चलने का फैसला लिया गया है जो बिहार और झारखंड सहित अनेक राज्यों के लोगों को दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक ले जाएगी। भागलपुर स्टेशन से इस भारत गौरव एक्सप्रेस की शुरुआत होगी और 12 दिवसीय यात्रा के तहत यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वर, मदुरई, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन करवायेगी। आईआरसीटीसी की इस विशेष पर्यटक ट्रेन के द्वारा भक्तों को दक्षिण भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र स्थानों पर दिव्य उपस्थिति का अनुभव करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन में भागलपुर, जसीडिह, मधुपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुडा, चाम्पा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग सहित कई बोर्डिंग और डिबोर्डिंग पॉइंट शामिल हैं। इस भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर क्लास (इकोनॉमी) की 640 सीटों की व्यवस्था की गई है जबकि तृतीय वातानुकूलित श्रेणी में 70 सीटें हैं। भारत गौरव यात्रा की टिकट लेने वाले यात्रियों को रेल यात्रा के साथ-साथ सड़क यात्रा, भोजन (चाय, नाश्ता, लंच, डिनर), डबल/ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास (इकोनॉमी के लिए नॉन-एसी, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट क्लास के लिए एसी), बसों द्वारा स्थानांतरण **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड





हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हूल दिवस
30 जून 2025

अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो
समेत हज़ारों वीर शहीदों को हूल जोहार

PR -356179 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को न केवल चलना सीखा रहा बल्कि उन्हें जीने की उम्मीद भी दे रहा : राज्यपाल

नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क शिविर में 470 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। उदयपुर स्थित नारायण सेवा संस्थान द्वारा पटना के दानापुर में आयोजित नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में शनिवार को एक नई मिसाल कायम हुई जब 470 दिव्यांगजनों को उच्च गुणवत्ता के कृत्रिम अंग व कैलिपर्स लगाए गए। इस सेवा के माध्यम से न केवल उन्हें चलने-फिरने की स्वतंत्रता मिली, बल्कि आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता की भावना का नव संचार भी हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। दिव्यांगजनों से स्नेहपूर्वक संवाद करते हुए उन्होंने कहा 'भारत की सेवा संस्कृति अमर है। नारायण सेवा संस्थान इस संस्कृति को साकार कर रहा है, जो नर में नारायण देखकर सेवा कर रहा है। नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को न केवल चलना सिखा रहा, बल्कि उन्हें जीने की उम्मीद भी दे रहा है। संस्थान दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर उनके खोये आत्मविश्वास को लौटा रहा है - यह कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने संस्थान को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। शिविर में संस्थान ट्रस्टी-निदेशक देवेंद्र चौबीसा सहित बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, पद्मश्री विमल जैन, एवं समाजसेवी विजय जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। देवेन्द्र चौबीसा ने अतिथियों का पारंपरिक मेवाड़ी पद्धति से स्वागत करते हुए बताया कि 9 मार्च को आयोजित पूर्व-जांच शिविर में 1100 से अधिक दिव्यांगों का परीक्षण किया गया था जिनमें से 470 का चयन कृत्रिम अंगों के लिए किया गया। आज उन्हें यह उपहार सौंपा गया। शिविर में अपर व लोअर लिम्ब, मल्टीपल कृत्रिम अंग एवं जर्मन टेक्नोलॉजी आधारित कैलिपर्स लगाए गए। लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक अंग पहनकर मार्च पास्ट भी किया जिससे उनकी आत्मशक्ति झलकती रही।

विपक्ष रोजगार के नाम पर युवकों को दे रहा झांसा : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि विपक्ष बिहार के युवाओं को रोजगार का झांसा देकर अपनी खुद की बेरोजगारी दूर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो टुकड़ों में सरकार में रोजगार दिया था। श्री सुमन ने कहा कि पहली बार महज 20 महीने बाद ही सीएम ने तेजस्वी यादव को सरकार से निकाल कर बेरोजगार कर दिया था क्योंकि वे अपने ऊपर भ्रष्टाचार व बेनामी सम्पत्ति हथियाने के लगे आरोपों की सफाई नहीं दे सके थे।

उन्होंने कहा कि 2022 में तेजस्वी ने पिछले दरवाजे से दूसरी बार सरकार में अपने लिए रोजगार का जुगाड़ किया मगर तिकड़म के कारण 17 महीने में ही फिर पैदल हो गए। तीसरी बार अब बिहार के युवाओं को झांसा देकर 20 महीने का मौका मांग रहे हैं, मगर उनका पिछला ट्रैक रिकार्ड इतना खराब है कि अब कभी मौका मिलने वाला नहीं है। इसलिए उन्हें 2030 तक बेरोजगार ही रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा और अन्य मतदाता सत्ता के लिए बेचैन तेजस्वी यादव के झांसे को समझ रहा है।

भाजपा की बदौलत ही लालू यादव मुख्यमंत्री बने थे : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को निशाने पर लेते हुए रविवार को कहा कि उन्हें भाजपा का शुक्रगुजार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू यादव भाजपा की कृपा से ही मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन आज वह भाजपा के सबसे बड़े विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को पता भी नहीं होगा कि भाजपा ने ही लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाया था। अगर भाजपा ने अपने 32 विधायकों का समर्थन नहीं दिया होता, तो लालू यादव मुख्यमंत्री बने ही नहीं होते, कहीं भजन कीर्तन कर रहे होते। सम्राट चौधरी ने एक इंटरव्यू में लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मेरी राजनीतिक पैदाइश ही नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हुई। मैं तो राजनीति में आता ही नहीं। लालू यादव अगर हमें जेल नहीं भेजा होता, तो मैं राजनीति में आता ही नहीं। उन्होंने कहा कि पहले राजा आए, फिर रानी लाए, फिर राजकुमार लाए, राजकुमारी लाए। यही लालू जी का राजनीतिक विचारधारा है। उनके लिए बिहार के विकास का कोई मॉडल नहीं है, लेकिन मेरी राजनीति स्पष्ट है, अगर 1995 में लालू जी ने मेरे परिवार के 22 लोगों को जेल में नहीं डाला होता, तो मैं राजनीति में भी नहीं आता। मैं तो 3 साल केस लड़ता रहा जिसने मच्छर भी नहीं मारा होगा उसके ऊपर लालू यादव ने 17 मर्डर केस डाले। मैं पीड़ा से राजनीति में आया हूं और संघर्ष भी करता हूं। नीतीश विरोधी राजनीति के सवाल के जवाब में सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की राजनीति घूमती रहती है। कभी हम सत्ता में होते, कभी विपक्ष में होते हैं जब हम नीतीश जी के खिलाफ में थे तो उनके खिलाफ लड़ता था। आज समर्थन में हैं तो सबसे पहले सम्राट चौधरी उनकी पीठ पीछे खड़ा है। इसमें कहां कोई संशय है। लालू बताएं वो नीतीश के पीछे क्यों जाते हैं? सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को नीतीश कुमार ने बनाया है, इसमें कोई मतभेद नहीं है। लालू यादव को भी बड़ा मौका मिला था। 15 साल खुद मुख्यमंत्री रहे और फिर अपने मुखौटा को 8 साल रखा, लेकिन बिहार में कुछ नहीं किया। वो कहते हैं सामाजिक न्याय का काम किया, लेकिन सामाजिक न्याय का मतलब ये थोड़े ही होता है कि कोई राजा बन जाए। वो आए थे गरीब का बेटा बनकर और सत्ता में बैठकर राजा हो गए।

चुनाव आयोग की पहल सराहनीय : डा. प्रेम कुमार


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने बिहार मतदाता सूची में एस आई आर/गहन विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची का समर्थन में कहा कि इसको लागू करना चुनाव आयोग का सराहणीय कदम है। वहीं डॉक्टर कुमार ने विपक्ष के बयान का खंडन करते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद, वामदल, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों देश को, बिहार को, बंगाल को शरणार्थी कैंप/धर्मशाला बनाकर रखना चाहती है। देश के मूल निवासी सभी गरीब-गुरबों के पास देश के नागरिक होने के पर्याप्त सबूत है। अवैध प्रवासी/घुसपैठ कर भारत में रह रहे लोग देश पर आर्थिक बोझ बने हुए हैं। विकास की योजनाओं का नाजायज लाभ लेते हैं। देश के गरीब-गुरबों की हकमारी कर रहे हैं। भारत के मूल निवासी के पास अगर पर्याप्त सबूत नहीं होते तो 7 मार्च 2025 तक 55.05 करोड़ जन धन खाते गरीब के नहीं खुले होते जिसमें 36.63 करोड़ रुपए जमा है। इन खाता के खुलवाने में लोगों ने पर्याप्त दस्तावेज बैंक में जमा कर खाता खुलवाएं हैं। वही आज देश के नौ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं। देश के सीमावर्ती 200 जिलों की जनसंख्या का डेमोग्राफी बदल चुका है। देश में 10 करोड़ से अधिक अवैध बांग्लादेशी, रोहंगिया रह रहे हैं। देश में पांच ऑस्ट्रेलिया देश के बराबर भारत में अवैध प्रवासी रह रहे हैं। जनसंख्या का बोझ देश की आर्थिक तरक्की में बाधक है। कांग्रेस, तृण मूल, वामदल, राजद, सपा जैसी पार्टियों वोट की लालच में अवैध प्रवासियों को मतदाता बनाए हुए हैं जिन्हें हटाना आवश्यक है। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण मतदाता सूची का होने से अवैध मतदाता का नाम हटेगा। देश के गरीबों का हाकमरी बंद होगी। देश तेजी से तरक्की करेगा। चुनाव आयोग के इस कदम का मैं समर्थन करता हूं।

लैब टेक्नीशियन जल्द कहलाएंगे 'लैब टेक्नोलॉजिस्ट' : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने रविवार को पटना के आईजीआईएमएस ऑडिटोरियम में एआईएमएलटीए की ओर से आयोजित लैबटेकॉन - 2025 राज्यस्तरीय सम्मेलन एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में सरकार ने लगभग 2,200 से अधिक लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की है और 2350 पदों पर वैकेंसी निकाली गई है। 2300 पदों पर होने वाली बहाली किसी तकनीकी कारणों से पूर्ण नहीं की गई जो प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी सदर अस्पतालों में 100 प्रतिशत इन-हाउस पैथोलॉजिकल सेवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी इसके लिए आवश्यक केमिकल्स और उपकरण जिलों को भेजे जा रहे हैं। एआईएमएलटीए निजी क्षेत्र में काम कर रहे लैब टेक्नोलॉजिस्ट को भी नीतिगत समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले टेक्नीशियन को भी ट्रेनिंग, आर्थिक और संस्थागत मदद मिल सके ताकि वे भी स्वास्थ्य सेवा के स्तर को ऊपर उठाने में भागीदार बनें। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार शीघ्र ही एआईएमएलटीए द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर कार्रवाई करेगी और जल्द ही लैब टेक्नीशियन की 'लैब टेक्नोलॉजिस्ट' के नामांकन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह सिर्फ नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि उनके परिश्रम और तकनीकी ज्ञान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आपका काम सिर्फ नमूनों की जांच नहीं बल्कि किसी भी बीमारी के निदान की पहली और निर्णायक कड़ी है। स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ अगर कोई है, तो वो आप हैं।

कांग्रेस हमेशा वंचितों के साथ खड़ी रही : दिग्विजय सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रविवार को राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आपकी मांगों के साथ खड़ी है। हमारी सरकार बनती है तो हम आपके लिए सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा की व्यवस्था करेंगे। हम इसे अभी बिहार के चुनाव घोषणापत्र में भी डालेंगे। आप हमारे लिये अपना घर बार सब छोड़ कर अठारह घंटे काम करते हो, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम आपके साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि घरेलू कामगार अपना सब कुछ छोड़ लोगों के पास जाती है, पर न तो उसे सामाजिक सुरक्षा ही मिल पाती है और न ही आर्थिक सुरक्षा है।

विश्व की शिक्षा राजधानी बिहार को भाजपा-जेडीयू ने बदहाल कर दिया : दिग्विजय सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार की शिक्षा का परचम पूरे विश्व में लहराता था। नालंदा विश्वविद्यालय हो या विक्रमशिला विश्वविद्यालय तिब्बत, चीन, जापान, कोरिया, सुमात्रा, मंगोलिया आदि देशों से विद्यार्थी यहां शिक्षा लेने आते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग और इ-त्सिंग ने इसके वैभव की बहुत प्रशंसा करते नहीं थकते थे। आज उसी बिहार को भाजपा और जेडीयू की सरकार ने युवाओं के भविष्य बेचने का केंद्र बना दिया है। भर्ती प्रवेश परीक्षा के घोटाले, जर्जर स्कूल भवन और युवाओं का पलायन ये बिहार की शिक्षा का भाग्य बन गया है। आज मोदी सरकार खुद कह रही है कि बिहार को बर्बाद भाजपा जेडीयू ने किया है। ये बातें बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कही। राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने क्रमवार आंकड़े पेश करके विस्तार से निम्नांकित बातों को प्रमुखता से संवाददाता सम्मेलन में रखी। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की स्कूली शिक्षा की रिपोर्ट बिहार के लिए चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों की बदहाली और ड्रॉपआउट रेट देश में सबसे ज्यादा, न स्कूलों में बिजली न शिक्षक, न कंप्यूटर न लाइब्रेरी मौजूद है। पटना यह प्रदर्शन पूरे देश में सबसे खराब है। बिजली की सुविधा से वंचित स्कूल पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 78,120 में से 16,529 स्कूलों में अब भी बिजली नहीं है। कंप्यूटर रहित स्कूल और कुल 78,120 शासकीय स्कूलों में से मात्र 5,057 स्कूलों में कंप्यूटर हैं, अर्थात मात्र 6.5% स्कूलों में यह सुविधा मौजूद है । बिहार में 2,637 स्कूल ऐसे हैं जहां सिर्फ एक शिक्षक है और इन स्कूलों में 2.91 लाख छात्र नामांकित हैं। वहीं राज्य में 117 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी छात्र नहीं पढ़ता है, फिर भी इन स्कूलों में 544 शिक्षक तैनात हैं। स्कूलों से ड्रॉप-आउट रेट भी सबसे अधिक बिहार का ही है जिसमें प्राइमरी (1-5): 8.9%, अपर प्राइमरी (6-8): 25.9%, सेकेंडरी (9-10): 25.63% ड्रॉप-आउट रेट है।

वक्फ और संविधान दोनों को बचाना है : सलमान खुर्शीद

सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने रविवार को कहा कि वक्फ को भी बचाना है और संविधान को भी बचाना है। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश की सांप्रदायिक सद्भावना और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। सलमान खुर्शीद पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वह वक्फ कानून के विरोध में यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पटना पहुंचे थे। उन्होंने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी चिंताएं जाहिर की है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए क्योंकि मतदाता सूची में अनियमितताएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं। सलमान खुर्शीद ने कहा कि भारत आज एक ऐसे मोड़ पर है जहां हमें यह देखना जरूरी है कि हम कहां हैं और किस दिशा में जा रहे हैं। हम झगड़ते और लड़ते हुए पीछे हट रहे हैं। इसलिए पूरे देश को इस स्थिति पर ध्यान देना चाहिए और मिलकर यह समझना होगा कि हम कहां-कहां पिछड़ रहे हैं। उन्होंने संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सभी वर्गों और समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है। सलमान खुर्शीद ने इस बात पर भी बल दिया कि राजनीतिक दलों को एकजुट होकर देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए ताकि भारत विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सके। पटना में उनके आगमन के दौरान, विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने वक्फ कानून के संरक्षण और मतदाता सूची के उचित पुनरीक्षण की मांग को समर्थन दिया।

चिकित्सा क्षेत्र के मसीहाओं को मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने दिया सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। समाज के लिए समर्पित चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी पटना ने रविवार को एक गरिमामय समारोह में कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों को सम्मानित किया। डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर राजेन्द्र नगर रोड नंबर 7 स्थित सोसाइटी परिसर में यह यादगार आयोजन हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के उपनेता एवं समाजसेवी ललन सर्राफ और विशिष्ट अतिथि पद्म श्री से सम्मानित डॉ. हेमंत कुमार ने किया। इस मौके पर ललन सर्राफ ने कहा कि चिकित्सक समाज की रीढ़ हैं। उनके बिना न केवल बीमार व्यक्ति, बल्कि पूरा सामाजिक ढांचा असंतुलित हो जाता है। डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते, वे जीवन की आशा लौटाते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला बताया और हेल्थ सोसाइटी की सराहना की। साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में गरीबों के लिए चलाई जा रही लाभकारी सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि यह सम्मान केवल चिकित्सकों का नहीं, उनके समर्पण, सेवा और उस मानवीय संवेदना का है जो उन्होंने वर्षों से समाज के प्रति दिखाई है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ सम्मान करना नहीं, बल्कि युवाओं में सेवा और स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना भी है।

इस अवसर पर अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन एवं ब्लड जांच मशीन का लोकार्पण भी किया गया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इससे गरीब व वंचित तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

अल्पसंख्यकों के प्रति राजद की हमदर्दी महज दिखावा : उमेश सिंह कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद की अल्पसंख्यकों के प्रति हमदर्दी महज दिखावा है। यह केवल राजनीतिक स्वार्थ और वोट बैंक की लालसा से प्रेरित रही है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद की मानसिकता रखने वाले लोग समाज के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते और बिहार की जनता इस सच्चाई को भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल के 15 वर्षों में अल्पसंख्यकों के वास्तविक सशक्तिकरण हेतु ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ जिसे उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। कुशवाहा ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भागलपुर दंगे के मुख्य आरोपी को संरक्षण दिया और उसे सार्वजनिक मंच पर सम्मानित कर अल्पसंख्यक समाज की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाया जिसे समाज आज तक नहीं भूल पाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की रक्षा, उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं, वे पूरे देश में अनुकरणीय हैं। वर्ष 2005 में जहां अल्पसंख्यक कल्याण बजट मात्र 3.53 करोड़ था, वह अब बढ़कर 1004.22 करोड़ से अधिक हो चुका है, जो इस दिशा में सरकार की संकल्पबद्धता का प्रमाण है।

वाणिज्य महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय के 1980-84 के स्टार बैच ग्रुप के छात्रों का द्वितीय पुनर्मिलन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। वाणिज्य महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय के 1980-84 के स्टार बैच ग्रुप के छात्रों का द्वितीय पुनर्मिलन 28 जून 2025 को संध्या वाराणसी में ओम विलास रिसॉर्ट बहुत धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस पुनर्मिलन का मुख्य उद्देश्य चालीस वर्षों के पुराने मित्रों को जो पूरे देश-विदेश में रहते उन लोगों एकत्रित करना और उन मित्रों समन्वय स्थापित करना साथ कुछ सामाजिक कार्य करना भी है इसमें मुख्य भूमिका के रूप में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संजय किशोर के साथ अजय जी, पवन जी अमरेंद्र जी के साथ में अन्य मित्र भी थे। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संजय किशोर ने बताया कि हमारे पुनर्मिलन की पहली बैठक 17 मई 2025 को होटल मौर्या में हुई थी जिसमें हमने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई काम करने का निर्णय लिया था साथ हम लोग प्रत्येक महीने में बैठक करेंगे और अपने 40 वर्षों पुराने मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इस द्वितीय बैठक में हम अपनी पहली बैठक की चर्चाओं की पुनः समीक्षा किए और आगे के कार्यों की योजना बनाएंगे जिसमें मुख्य रूप से अगले बैठक संभावित रांची में आयोजित करने के लिए विचार विमर्श किया गया।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सांख्यिकी के सामाजिक-आर्थिक योजना निर्माण में महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। यह दिन भारत के महान सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षे. सं. प्र.), क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम 'राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष' है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रो. महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू के द्वारा किया गया। उपमहानिदेशक रोशन लाल साहू ने अपने संबोधन में प्रो. पी. सी. महालनोबिस के योगदान को याद करते हुए कहा कि सांख्यिकी न केवल अनुसंधान का माध्यम है, बल्कि सुशासन की नींव भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आंकड़ों के महत्व को समझें और इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आगे आएं। इसके पश्चात महेश प्रसाद, उपनिदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, श्रीमती रश्मि, उपनिदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के अलावे विशिष्ट अतिथियों (डॉ. नम्रता सहायक प्राध्यापक, मगध महिला कॉलेज पटना, डॉ. प्रमीत कुमार विनीत सहायक प्राध्यापक, साइंस कॉलेज पटना, विशाल विजय सहायक प्राध्यापक बी.डी.कॉलेज पटना, डॉ. शान्तनु साहू सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग पटना विश्वविद्यालय) ने अपने सारगर्भित वक्तव्यों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सांख्यिकी के मूलभूत सिद्धांतों एवं उसकी उपयोगिता से अवगत कराया।

वैश्य समाज बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की सरकार बनने पर व्यापारियों, युवाओं और गरीबों के लिए कई वादे किए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि बनिया होने का मतलब क्या होता है? तेजस्वी ने वैश्य समाज से अपील की कि वे महागठबंधन को वोट देकर बिहार को नई दिशा दें।

तेजस्वी यादव पटना के बापू सभागार में आयोजित वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय वैश्य सभा ने किया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि वैश्य समाज बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी सरकार बनने पर व्यापारियों को हर संभव सहायता दी जाएगी। स्मार्ट मीटर हटाकर 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी और गैस सिलेंडर के दाम 1200 से घटाकर सस्ते किए जाएंगे। उन्होंने छोटे-मोटे उद्योगों और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रियल क्लस्टर और टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने का वादा किया। साथ ही जमीन सर्वे में गड़बड़ियों को रोकने और डोमिसाइल नीति लागू करने का आश्वासन दिया ताकि बिहार के मूल निवासियों को नौकरियों में प्राथमिकता मिले।

वक्फ कानून की लगातार लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : डॉ सैय्यद नासिर हुसैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। वक्फ संशोधन कानून पर पटना में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पटना पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने विरोध प्रदर्शन के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राष्ट्रीय महासचिव व सांसद डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि पटना में वक्फ एक्ट को लेकर गांधी मैदान में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस विरोध प्रदर्शन में देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आमंत्रण था, लेकिन पूर्व कार्यक्रम के कारण उन्होंने अपना संदेश आज यहां भेजने का काम किया। संसद में बिल संख्या बल पर कानून बन जाती है। भाजपा सेक्युलर शब्द को संविधान से निकालने के लगातार प्रयास में है और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की पहचान को खत्म करने की कवायद यह चल रही है। ये भाजपा के द्वारा संगठित तौर पर देश की संविधान को खत्म करने की ओर कदम है। ये संविधान बदलने की पूरी तैयारी कर रखे थे और इसीलिए बार-बार संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद का ही इस्तेमाल करके भाजपा अंतिम प्रयास कर रही है। संविधान के संशोधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने, ऊंच नीच को बढ़ाने, असमानता बढ़ाने और देश की निरपेक्षता पर हमला कर रहे हैं। विकास और देश की बेहतरी के मुद्दे पर भाजपा चुनाव नहीं लड़ना चाहती है इसलिए वो ऐसे मुद्दों को चुनकर हमेशा देश को दंगे फसाद में झोंकने की ओर कोशिश की जा रही है।

प्रशासन की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था रहेगी चौकस, मतगणना आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। नगरपालिका उप निर्वाचन-2025 के तहत कैमूर जिला अंतर्गत नगर पंचायत मोहनियां एवं नगर पंचायत कुंदरा के वार्डों में मतदान का कार्य 28 जून सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात मतगणना कार्य 30 जून दिन (सोमवार) को प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ होकर सम्पन्नता तक किया जाएगा। मतगणना हेतु सुरक्षा, निष्पक्षता एवं विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नगर पंचायत मोहनियां की मतगणना बीआरसी भवन, मोहनिया में होगी। नगर पंचायत कुदरा की मतगणना प्रखंड कार्यालय परिसर, मोहनियां में आयोजित की जाएगी। मतगणना केंद्रों पर प्रवेश केवल अधिकृत कर्मियों, पर्यवेक्षकों, गिनती कर्मियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को ही प्रवेश पास के आधार पर दिया जाएगा। किसी भी आम व्यक्ति या मीडिया कर्मी को बिना पूर्व अनुमति के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा हेतु केंद्रों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल एवं दण्डाधिकारी की तैनाती रहेगी। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर, तलाशी व्यवस्था, मोबाइल उपकरणों एवं आपत्तिजनक वस्तुओं की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना स्थल पर लाठी, डंडा, चाकू, हथियार, विस्फोटक, या कोई अन्य खतरनाक सामग्री पूरी तरह वर्जित होगी। प्रत्येक केंद्र पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। वीडियोग्राफी की व्यवस्था हर मतगणना स्थल पर की जाएगी। पेयजल, बिजली, चिकित्सा सहायता एवं शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा मतगणना प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। टीयर गैस दस्ता, लाठी बल, एवं त्वरित प्रतिक्रिया दल की तैयारी पूरी कर ली गई है। किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम उपलब्ध रहेगी। पूर्व अनुमति प्राप्त मान्य पत्रधारी मीडिया कर्मियों को ही टेंट या गैलरी में स्थान मिलेगा। कैमरा, माइक्रोफोन आदि के प्रयोग की अनुमति गिनती कक्ष के बाहर तक सीमित रहेगी। विधि व्यवस्था हेतु नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। शांति एवं समन्वय हेतु सूर्य प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त एवं गजेंद्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक को विशेष दायित्व सौंपा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला पदाधिकारी, कैमूर एवं पुलिस अधीक्षक, कैमूर ने संयुक्त रूप से सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता को सर्वोपरि रखते हुए मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।

बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण कार्य शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 का शुभारंभ आज प्रखंड मोहनियां से हुआ। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनियां-सह-सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा स्वयं गणना प्रपत्र वितरित कर अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित निर्वाची पदाधिकारी, मोहनियां ने बताया कि आयोग के आदेशानुसार कैमूर जिले में इस विशेष अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। जिला स्तर पर की गई प्रमुख पहल में जिला निर्वाची पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ के साथ बैठक आयोजित कर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद कर उन्हें पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया है। प्रतिनिधियों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे इस प्रक्रिया की निगरानी करें ताकि किसी भी तरह की शिकायत की संभावना न रहे। मतदाता जागरूकता पर विशेष बल देते हुए जिला निर्वाची पदाधिकारी ने सभी निर्वाची पदाधिकारियों और सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएं जिससे सभी योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। गणना प्रपत्र भरने व वितरण की अवधि 25 जून से 26 जुलाई 2025, ड्राफ्ट सूची प्रकाशन 1 अगस्त 2025, दावे एवं आपत्तियां 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 और अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को होगा।

12 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में पॉक्सो एक्ट, हत्या के प्रयास, चोरी, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। पांच लीटर अंग्रेजी शराब व एक बाइक जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण विभिन्न कांडों के तीन आरोपितों ने शनिवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 94हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

ऑल इंडिया पासवान परिवार ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

समाज के उत्थान में रहेगी सक्रिय भूमिका : प्रमोद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। ऑल इंडिया पासवान परिवार का स्थापना दिवस पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय रेल सांकेतिक सेवा के सीनियर अधिकारी व मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता पूर्व मध्य रेल हाजीपुर प्रमोद कुमार ने कहा कि इस ट्रस्ट की स्थापना हमारे समाज को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है। हमारा संकल्प है कि हम समाज की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव लाकर इसे सशक्त, सुखी और समृद्ध बनाएंगे। समाज के उत्थान में रहेगी संगठन की सक्रिय भूमिका। उन्होंने समाज के शिक्षित एवं बुद्धिजीवी वर्ग से आह्वान किया कि आइए एकजुट होकर हम इस मिशन को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करें। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज पासवान ने अपने सम्बोधन में इस ट्रस्ट के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लोगों से बड़ी भागीदारी पर बल दिया। ताकि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर हर स्तर पर समाज के होनहारों को आगे लाया जाय। इसके लिए तन, मन और धन से भी ट्रस्ट सहयोग करेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ योगेन्द्र पासवान, पूर्व सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार, चन्द्रशेखर आजाद स्नेही, भारतीय रेल परिचालन सेवा, अरविंद पासवान मंडल वित्त प्रबंधक दानापुर उपस्थित थे। इस स्थापना दिवस समारोह में निम्नलिखित ट्रस्टीगण/ पदाधिकारीगण को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रमोद कुमार, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार, दिलीप कुमार शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव, मनोज पासवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तम कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अरूण पासवान, राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष, मुकेश पासवान, प्रदेश सचिव पश्चिम बंगाल, सुदर्शन पासवान, अध्यक्ष बिहार प्रदेश, सत्येन्द्र प्रसाद, अध्यक्ष पश्चिम बंगाल, मुंशी राम, अध्यक्ष मध्य प्रदेश, अमोद पासवान, अध्यक्ष झारखंड प्रदेश, बसराज पासवान, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, उमेश पासवान, सचिव बिहार प्रदेश, मुकेश पासवान, सचिव पश्चिम बंगाल प्रदेश, उपेन्द्र पासवान, बिहार प्रदेश कोषाध्यक्ष, संदीप पासवान, जिलाध्यक्ष नालंदा, धीरज कुमार, जिलाध्यक्ष दरभंगा, अजय प्रसाद, जिलाध्यक्ष कटिहार, मिथिलेश कुमार आयकर अधिकारी पटना, संजय कुमार, श्रम आयुक्त, संतोष कुमार साहब, पटना जिला सचिव, जितेन्द्र पासवान जिलाध्यक्ष पटना बनाया गया। समारोह में पांच राज्यों एवं बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में ट्रस्ट से जुड़े सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

महिला सिपाही को गोली मारने का आरोपित धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क पर महिला सिपाही को गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक भी बरामद कर लिया है।

धराया आरोपी अभिषेक कुमार पिता स्व. अरुण पासवान ग्राम बहेरा थाना वेलांव कैमूर व वर्तमान पता कुदरा थाना के चनवख गांव निवासी है। मालूम हो कि महिला सिपाही सरिता कुमारी सुबह पटना जाने के लिए अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर कुदरा रेलवे स्टेशन जा रही थी। फोरलेन सड़क पर अंडरब्रिज के नीचे घात लगाए अपराधियों ने महिला सिपाही को गोली मार दी। घटना के बाद महिला सड़क पर गिर गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने लहूलुहान स्थित में इलाज के लिए पीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हाइयर सेंटर रेफर कर दिया। घटना घटना सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ था जिसमें दो की संख्या में अपराधी बुलेट बाइक से आते दिख रहे थे। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी व तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

वैश्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पांच जिलों के वैश्य समाज के लोग लेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल से जुड़े वैश्य समाज के लोग भाग लेने के लिए 11 जुलाई 25 को डिहरी कैनाल रोड स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब के प्रांगण में आयोजित सम्मेलन की तैयारी को लेकर शहर के मिलन मैरेज सभागार में बैठक हुई। अध्यक्षता निवर्तमान भाजपा बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता व संचालन संजय गुप्ता ने किया। बैठक में राजू गुप्ता ने कहा कि बैठक में 11 जुलाई को आहूत एनडीए गठबंधन के वैश्य समाज के शौर्य सम्मान समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, बक्सर व भोजपुर के एनडीए गठबंधन के सभी पांचों घटक दल से जुड़े वैश्य समाज के लोग शामिल होंगे। इसकी सफलता के लिए विधानसभा व प्रखंड में एक-एक प्रभारी नियुक्त कर जिले के सभी प्रखंडों में अपने समाज के लोगों से जनसंपर्क कर सम्मेलन में चलने के लिए आग्रह करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद, संजीव गुप्ता, बबल कश्यप, ओमप्रकाश गुप्ता, यमुना प्रसाद गुप्ता, मदन वैश्य, चंदन गुप्ता, अजय सिंह, शिव शंकर प्रजापति, गोविंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रेलवे के मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक रश्मि की सेवानिवृति पर दी विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। डिहरी ऑन-सोन रेलवे के मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक रश्मि अग्रवाल के 36 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत समारोह डालमियानगर में रविवार को आयोजित किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि शहर की बेटी रश्मि अग्रवाल ने 36 वर्षों तक रेल की सेवा ही नहीं की बल्कि सामाजिकता का भी निर्वहन किया। रेलवे में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सेवानिवृत स्टेशन प्रबंधक एम एम पी सिंहा व दिनेश सिंह ने श्रीमती अग्रवाल के योगदान और सेवाओं को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है। उनके उपलब्धियों की चर्चा की व उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। समाजसेवी संजय सिंह बाला, मजदूर नेता नागेश्वर सिंह, मुखिया देवानंद सिंह, ललित सिन्हा, संत शर्मा, दिनेश प्रसाद आदि ने कहा रेलवे में तीन दशक से अधिक वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके योगदान हम सबों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने रेलवे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद जताई कि वे अपने नए अध्याय में भी उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और हमें गर्व होगा। मंच का संचालन इन्द्र कुमार बाधा ने किया। मौके पर उनके व्यवसाई पति बासुदेव हजारिका, पुत्र, पुत्रवधू, चिकित्सक बेटी सीबीएस सासाराम हरेंद्र प्रसाद, सीबीएस डिहरी नंदकिशोर कुमार, दयानंद सरस्वती, बैजू चौधरी, प्रमोद कुमार, मदन सिंह, के के भगवान, अशोक कुमार, मनोज पांडे, पी एन राय, डॉक्टर हरजीत सिंह, ललित सिन्हा, रितु हजारीका, कुमकुम अग्रवाल समेत स्वजन व कई रेलकर्मी मौजूद थे। श्रीमती अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उनके साथ काम करने का अनुभव मेरे लिए अविस्मरणीय है। हमें उनकी कमी खलेगी, लेकिन हमें उम्मीद है कि वे हमें कभी-कभी अपनी सलाह और मार्गदर्शन से नवाजेंगे।

प्राथमिकी आरोपी धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के एक घटना के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

खोया-पाया

निवेदन पूर्वक कहना है कि मैं शुभम भूषण सिंह, पिता-चन्द्र भूषण प्रसाद, ग्राम-मो.-कृष्णापुरी, थाना-मसौढ़ी स्थायी निवासी हूं मैं दिनांक 3.6.2025 को समय 9.50 PM में पटना जं. से अपने घर मसौढ़ी कृष्णापुरी आने के लिए पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में बैठा जिसका टिकट नं. 30351073 है साथ में एक बैग लिए थे उसमें मेरा एक सेट कपड़ा और रेगुलर काम आने वाले समान तथा उसी बैग में मेरा इन्टर का (12) का पूरा सर्टिफिकेट जिसमें मार्कशीट, पासिंग प्रमाण पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, माइग्रेशन प्रमाण पत्र सभी उसी बैग में था। बैग ट्रेन के कैरियर पर रख दिया था। जैसे ही ट्रेन पटना से मसौढ़ी स्टेशन पहुंचा मैं बैग को ट्रेन में छोड़ कर भूलवश प्लेटफार्म-2 मसौढ़ी उतर गया, लेकिन बैग को मैं नहीं उतार पाया। जैसे ही कुछ दूर आया तो याद आया कि बैग मेरा ट्रेन में ही छूट गया तब तक काफी समय बीत गई, ट्रेन गया की ओर चला गया। मैंने काफी खोजबीन किया, लेकिन बैग समान सहित नहीं मिला।

शुभम भूषण सिंह
ग्राम-पो.-मो.-कृष्णापुरी, मसौढ़ी, थाना-मसौढ़ी, जिला-पटना
मो. 9693517515

घर में घुस चोरों ने की लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढी गोला (रोहतास)। आयर कोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौडिहा गांव में घर में घुसकर चोरों ने आभूषण सहित व नगद रुपए कुल मिलाकर लगभग 10 लाख रुपए की चोरी कर ली। गृह स्वामी अमित उपाध्याय पिता बिंदेश्वर उपाध्याय ने बताया कि रात 12 बजे के आसपास हम लोग खाना खाकर सो गए सुबह 4 बजे के आसपास उठने पर जिस रूम में हम सभी लोग सोए हुए थे सभी का दरवाजा बाहर से बंद पाया। किसी तरह से दरवाजा खोलने पर नीचे के रूम के दो दरवाजे के ताले टूटे हुए पाए गए तथा घर में रखे गोदरेज और बक्सा भी टूटा हुआ पाया गया तथा सभी सामान बिखरे पाए गए। मेरी पत्नी के सभी जेवरात सीकरी झुमका अंगूठी हाथ सेट आदि और लगभग 3 लाख रुपए नगदी भी चोर ले भागे। कुल मिलाकर मेरे घर में 10 लाख रुपए की चोरी हुई है। चोरी की घटना की खबर सुनकर आयरकोठा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल की। चोरी के क्रम में चोरों के द्वारा लाया गया मास्टर चाबी ताले में ही मौजूद था। पुलिस की मदद से घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड की टीम तथा थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी घटनास्थल पर पहुंचे। खोजी कुत्ता काफी देर तक इधर-उधर घूमता रहा अंत में एक मंदिर के पास बैठ गया। थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि चोरों का कुछ वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में मिला है कुछ अन्य सुराग भी हाथ लगे हैं साथ ही अगल-बगल के सभी सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया जाएगा और जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा। घर वालों के द्वारा अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है कितनी की चोरी हुई है। आंकलन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डिहरी जिला नहीं तो वोट नहीं का बैनर और स्टीकर्स लगेगा : टीम डिहरीयंस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। टीम डिहरीयंस के द्वारा प्रस्तावित जिला डिहरी के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंडों में डिहरी जिला नहीं तो वोट नहीं का बैनर और स्टीकर्स लगेगा। टीम डिहरीयंस के संस्थापक/ अध्यक्ष चन्दन कुमार के अनुसार बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव से पहले डिहरी को जिला घोषित करें सरकार नहीं तो वोट पर चोट होगा इस बार। जनता को अब विकास चाहिए जाति-पाति या धर्म विकास में रोड़ा है जिसका लाभ राजनीतिक पार्टी अपने हिसाब से मनमानी करती है। डिहरी को जिला बनाने की मांग 4-5 विधानसभा को प्रभावित करेगा। टीम डिहरीयंस के द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री अन्य मंत्रियों सहित सामान्य प्रशासन विभाग के सभी अधिकारियों को डिहरी जिला की मांग से अवगत है। आश्वासन भी मिला था कि अगर बिहार में अगर कोई नया जिला बनेगा तब डिहरी का नाम सबसे पहले होगा। डिहरी क्षेत्रफल के दृष्टि से 11 वां और जनसंख्या के दृष्टि से 18 वां सबसे बड़ा शहर है। डिहरी आज भी बिहार के 21 जिला मुख्यालयों से बड़ा शहर है एवं इकलौता शहर है जो कि जिला मुख्यालय नहीं है। डिहरी आयोजन क्षेत्र की जनसंख्या 2011 में 3,45179 था। 1972 में पुलिस अधीक्षक का मुख्यालय स्थापित किया गया आज 53 वर्षों से रोहतास जिला का पुलिस मुख्यालय डिहरी है जबकि डिहरी से छोटे-छोटे जगहों को कई वर्षों पहले ही जिला का दर्जा दिया जा चुका है। डिहरी जिला मुख्यालय बनने के सभी मापदंडों को पूरा करता है जबकि डिहरी में पहले से ही अनेक जिला और प्रमंडल स्तरीय कार्यालय मौजूद है जैसे कि डीआईजी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-2, श्रम विभाग, सिंचाई विभाग, महिला थाना, अनुसूचित जाति जनजाति थाना, सीआईडी कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय अवस्थित है। डिहरी पहले से ही विकसित शहर रहा है, डिहरी को जिला मुख्यालय बनाने में ज्यादा संसाधन की आवश्यकता भी नहीं है। जिला डिहरी के अंतर्गत 8 प्रखंडों को चयनित किया गया है जो कि एक दूसरे से सामाजिक और व्यापारिक रूप से जुड़े हुए हैं जिसमें नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू, डिहरी, अकोढ़ीगोला, राजपुर, नासरीगंज और काराकाट प्रखंडों को शामिल किया गया है जिसका क्षेत्रफल 1576 वर्ग किमोमीटर होगा। उपरोक्त सभी प्रखंडों की कुल जनसंख्या आज 15 लाख से भी ज्यादा है। डिहरी को जिला बनाने के लिये टीम डिहरीयंस के द्वारा डिहरी, नौहट्टा, तिलौथू, रोहतास, राजपुर, काराकाट और अकोढ़ीगोला में रैली किया जा चुका है और साथ में स्टिकर्स, बैनर और लीफलेट बांटा गया। ताकि प्रखंड के लोगों में जागरूकता बढ़े, डिहरी को जिला बनाने के लिये बिहार की राजधानी पटना और देश की राजधानी दिल्ली में भी प्रदर्शन हुआ। टीम डिहरीयंस ने डिहरी को जिला बनाने के लिये 10 हजार आम जनता का हस्ताक्षर अभियान और पोस्ट कार्ड अभियान कराकर मुख्यमंत्री कार्यालय में भी भेजा जा चुका है। डिहरी को जिला बनाने से सम्बंधित ईमेल भी टीम डिहरीयंस को पब्लिक ग्रेवीवांस से आया है जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बी. राजेंद्र के द्वारा कार्यवाही भी किया गया है। डिहरी के अंतर्गत झारखंडी मंदिर, नौलखा मंदिर, इकोपार्क, इंद्रपुरी बराज, धूप घड़ी, कशिश वाटरफॉल, तुतला भवानी धाम, चौरासन मंदिर, महादेव खोह और रोहतासगढ़ किला पर्यटन में एक अलग ही पहचान बना सकता है। यहां के पहाड़ों पर प्रचुर मात्रा में गंधक, क्रॉमियम और निकेल भी उपलब्ध है। इनसे सम्बंधित अनेक कारखाना लगाया जा सकता है जिसमें पेंट, ग्लास, स्टील के बर्तन सहित अन्य उद्योग स्थापित किया जा सकता है। डिहरी से आज भी सोन नद से अरबों रुपये का राजस्व बालू से बिहार सरकार को जाता है। डिहरी पहले से ही एक औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता है।

शपथ पत्र

मैं रूबी देवी (RUBI DEVI), पति-धनंजय कुमार गुप्ता (DHANANJAY KUMAR GUPTA) ग्राम-भोपतपुर सिरिस, अंचल+थाना-बारूण, जिला-औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठापूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं और मेरा आधार कार्ड सं. 8230 0869 4406 है।

मेरा सही नाम रूबी देवी (RUBI DEVI) है लेकिन लिपकिय भूलवश लड़की निशा कुमारी के स्कूल के रजिस्ट्रेशन में रूबी देवी (RUBY DEVI) हो गया है। RUBI DEVI और RUBY DEVI दोनों मेरा ही नाम है इस नाम का कोई भी दूसरी महिला मेरे गांव में नहीं है।

मेरा सही नाम रूबी देवी (RUBI DEVI) है जिसके लिए यह शपथ पत्र कर रही हूं ताकि मेरी लड़की निशा कुमारी के मैट्रिक के Registration में सुधार हो सके। मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14150- दिनांक-25/6/25 है।

शपथकर्ता
रूबी देवी

इलाज के दौरान युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढी गोला(रोहतास)। थाना क्षेत्र अंतर्गत करकटपुर गांव में प्रेम प्रसंग के मामले में मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि बीते 23 तारीख को रात्रि में रोहित कुमार पिता स्वर्गीय दिनेश सिंह को करकटपुर स्थित मुख्य सड़क के किनारे मारपीट कर अधमरा कर लोगों ने सड़क किनारे फेंक दिया था। इस मामले में घायल रोहित कुमार की बहन पूजा कुमारी ने मारपीट के मामले में गांव के ही तथा एक अन्य गांव के रहने वाले कुल चार लोगों पर स्थानीय थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को विपिन कुमार सिंह ग्राम करकटपुर तथा विक्की कुमार उर्फ शंकर दयाल ग्राम बंधपा थाना अकोढी गोला के रहने वाले को गिरफ्तार कर लिया वही विनय सिंह एवं विवेक कुमार ग्राम करकटपुर रहने वाले को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई। मृतक के परिजनों ने बताया कि घायल रोहित कुमार का इलाज बनारस के एक निजी अस्पताल में चल रहा था परंतु इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। मृतक के बहनों ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग का था गांव के ही एक लड़की है दोनों आपस में प्रेम करते थे, परंतु कुछ दिनों से उनके भाई उससे बात नहीं कर रहा था। इसी क्रम में शाम के समय लड़की ने भाई को बुलाया उसी समय लड़की के परिजनों ने मिलकर मेरे भाई की पिटाई की और मरा हुआ समझकर सड़क किनारे फेंक दिया।

पासवान समाज के बुद्धिजीवियों की बैठक, अधिकारों की लड़ाई का किया ऐलान

देश भर में दलित समाज के अधिकारों का हो रहा हनन : ललन पासवान

मदन कुमार



डिहरी ऑन-सोन। डिहरी में रविवार को पासवान समाज के सैकड़ों बुद्धिजीवियों की एक विशेष बैठक बंजारी के पूर्व मुखिया बजरंगी पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई जबकि संचालन चर्चित उद्घोषक राजकुमार पासवान ने की। बैठक में समाज के उत्थान, एकजुटता और अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में चेनारी विधानसभा के पूर्व विधायक ललन पासवान ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि आज समाज के अस्तित्व, अधिकार और सम्मान पर संकट गहराता जा रहा है। दलित समाज विशेषकर पासवान(दुसाध) समुदाय को न्यायपालिका में आरक्षण, प्रमोशन में आरक्षण और राजनीति में उनकी जनसंख्या के अनुरूप भागीदारी नहीं मिल रही है। दलितों के अधिकारों को लगातार कुचला जा रहा है। अब संघर्ष की शुरुआत करनी होगी। हमारा समाज अब जागरूक है और अब हर स्तर पर अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आगे बढ़ेगा। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि देशभर में दलित समाज के अधिकारों का हनन हो रहा है जिसे अब चुप-चाप नहीं देखा जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज को अब संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करनी होगी। यह संघर्ष शाहाबाद की धरती से शुरू किया जाएगा। इसलिए सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि समाज के अधिकारों की रक्षा और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक संगठित आंदोलन की आवश्यकता है। कई वक्ताओं ने अपना-अपना विचार प्रकट किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश पासवान, अखिलेश पासवान, मुरली पासवान, संजय पासवान, पवन कुमार, त्रिपुरारी पासवान, नंदू पासवान, अजय पासवान, लक्ष्मण पासवान, बेहतरीन उद्घोषक अनिल विश्वास, शुशांक शेखर, जोखन पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सफाई के लिए तोड़ा गया नाला, लोगों में आक्रोश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। नगर पंचायत के कुदरा-भभुआ बाईपास सड़क के किनारे स्थित नाला की सफाई के लिए नाला को तोड़ा गया जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नाला के तोड़े जाने से नाला के बगल में स्थित दुकानदारों को परेशानी हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि उक्त नाला के ऊपर ढलाई कर रास्ता बनाया गया था। नाला की सफाई के नाम पर चार दिन पहले नाला पर हुए ढलाई को तोड़ा गया, लेकिन अभी तक नाला की सफाई भी नहीं हुई और न ही नगर प्रशासन द्वारा तोड़े गए नाला की मरम्मती कराई जा रही है। स्थानीय निवासी अभिजीत कुमार सिंह का कहना है कि उक्त नाला जाम है। नाला की सफाई के लिए स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से गुहार लगाई थी, लेकिन नगर प्रशासन द्वारा उस स्थान पर नाला को तोड़ा गया है जहां जाम नहीं है।

सरकार सभी वर्गों और क्षेत्रों के समुचित विकास को लेकर कृतसंकल्पित : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। ग्रामीण विकास मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज डुमरावां में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार प्रदेश के हर वर्ग और क्षेत्र के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज बिहार सड़कों, पुलों, योजनाओं और सामाजिक उत्थान के माध्यम से एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।

इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास:



बिहारशरीफ-एकंगरसराय-गोलापुर होते हुए लालबाग से डुमरावां तक 3.24 किमी सड़क मरम्मत कार्य।
एनएच-110 स्थित जमालीचक मोड़ से डुमरावां रोड होते हुए मंडाछ महादलित टोला तक 0.64 किमी सड़क मरम्मत कार्य।
डुमरावां में यात्री शेड का उद्घाटन।
कुशवाहा भवन से पैन तक नाले का निर्माण कार्य। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आज बिहार की हर बस्ती सड़कों से जुड़ रही है। गांव-टोले हों या शहर-कस्बे, सभी स्थानों को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत अब तक 85,556 बेटियों को 16.70 करोड़ की राशि वितरित की गई है। यह महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में नीतीश जी की दूरदर्शी सोच का प्रमाण है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में राज्य में 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लोगों को पेंशन दी जा रही है। 'बसेरा-2' अभियान के तहत एक वर्ष में 53 हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि सुलभ कराई गई है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों का कार्यकाल विकास की मिसाल है। कार्यक्रम में जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जिला परिषद सदस्य ममता कुमारी, पूर्व मुखिया युगल किशोर, राजकुमार मांझी, ललन कुशवाहा, डी.पी.एस. कुशवाहा, जयंत शर्मा, संजय कुशवाहा, मनोज यादव, विश्वास सिंह, शिवचरण कुशवाहा, सरयुग रविदास, पप्पू सिंह, प्रमोद यादव, मुन्ना पासवान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ घर घर जाकर करें वोटरों का भौतिक सत्यापन : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जून से 25 जुलाई तक होने वाले मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (गोविंदपुर) सह नवादा के डीडीसी प्रियंका रानी ने रविवार को कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ, सीओ समेत सभी बीएलओ, बीएलओ के सुपरवाइजर, पर्यवेक्षकीय अधिकारी समेत अन्य सम्बंन्धित कर्मी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए डीडीसी प्रियंका रानी ने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन करें। मतदाताओं से 11 निर्धारित दस्तावेजों में कोई भी एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा। सत्यापन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को एक गणना प्रपत्र प्रारूप फॉर्म दो प्रति में उपलब्ध कराया जाएगा,जिसे दस्तावेजों के साथ भर कर एक प्रति स्वंय मतदाता तथा दूसरी प्रति बीएलओ को जमा करना होगा। डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यह संपूर्ण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर हर हाल में पूरा किया जाए। सही व पात्र मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूची में शामिल किया जाए वहीं फर्जी व अपात्र मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का भी उन्होंने निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि मतदाता का पहचान व पते के प्रमाण के तौर पर जमीन रसीद, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, एलआईसी प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज मतदाताओं को जमा करने होंगे। हालांकि, निर्धारित 11 दस्तावेजों के अलावा यदि कोई अन्य वैध दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं, तो उस पर भी विचार किया जायेगा लेकिन हर हाल में दस्तावेज जमा करना होगा। बैठक में यह भी कहा गया कि जिन लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं, उनके लिए भी विकल्प तलाशे जाएंगे, ताकि वास्तविक मतदाता वंचित न रहें। बीएलओ तीन बार घर जाकर दस्तावेज लेंगे, इसके अतिरिक्त इच्छुक मतदाता ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी दस्तावेज जमा कर सकते हैं। डीडीसी ने आम मतदाताओं से भी अपील की है कि वह बीएलओ का सहयोग करें और समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि क्षेत्र में एक सटीक और निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार की जा सके।

बिहार के लिए चुनाव लड़ूंगा : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच रविवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीएम नीतीश के गढ़ में हुंकार भरी। चिराग पासवान ने कहा कि जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा तब तक चैन की सास नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि 'मैं चाहता हूं कि बिहार के लोगों को अपने ही पंचायत में रोजगार के अवसर मिले। लोग डरते है और पूछते हैं कि क्या चिराग पासवान बिहार से चुनाव लड़ेंगे। हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार से चुनाव नहीं लड़ूंगा, मैं बिहार के लिए चुनाव लड़ूंगा। बिहारियों के लिए चुनाव लड़ूंगा। और चिराग पासवान सभी 243 सीटों पर बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की सोच को रखते हुए मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ूंगा। जहां भी गठबंधन के साथी रहेंगे उनके लिए चिराग मजबूती के साथ खड़ा रहेगा।' चिराग पासवान इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे।



चिराग पर जैसे ही लोगों और कार्यकर्ताओं की नजर पड़ी। सभी उनकी गाड़ी की तरफ जुट गए। इस कारण काफी भीड़ हो गई। इसके बाद चिराग अपनी गाड़ी के ऊपर बैठ गए और कार्यकर्ताओं का अभिवादन करने लगे। इस बीच कार्यकर्ता काफी उत्साहित हो गए और वे भी गाड़ी पर चढ़ने लगे।
कुछ कार्यकर्ता तो चिराग की सुरक्षा को दरकिनार करते हुए उनके करीब पहुंच गए और उनका हाथ पकड़ने लगे। इस दौरान चिराग की सिक्योरिटी में खड़ा गार्ड कार्यकर्ताओं को गाड़ी से हटाता दिखा। कार्यकर्ता के गाड़ी पर चढ़ने से बाद में चिराग पासवान ने उन कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी भी ली। हालांकि, कार्यकर्ताओं के गाड़ी पर चढ़ने से चिराग की गाड़ी का बंपर टूट गया। सभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि 'आज इस ऐतिहासिक भीड़ और भीड़ के उत्साह को देखकर एक बात तो तय है कि अब वह दिन दूर नहीं जब मेरा बिहार फर्स्ट बनेगा और बिहारी फर्स्ट बनेंगे।'आज आप लोग लाखों की संख्या में यहां उपस्थित हैं। मेरे पिताजी ने यह सपना देखा था कि बिहार को एक विकसित राज्य बनाना और बिहार को विकसित राज्य के श्रेणियां में लाना है। यह साल बिहार के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

डीडीसी ने किया गणना प्रपत्र प्रारूप का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के सफल क्रियान्वयन को लेकर बूथ लेवल अफसर घर घर दस्तक देकर विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में मतदाता सूची को सत्यापित करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने और संशोधित करने का आवेदन लेगे। जिसके सफल क्रियान्वयन को लेकर डीडीसी प्रियंका रानी ने रविवार को कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय में बैठक आयोजित किया। इसके बाद उन्होंने स्वंय गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के बूथ नम्बर 220 (प्राथमिक विद्यालय बरवाडीह, नावाडीह) में जाकर मतदाताओं के बीच गणना प्रारूप प्रपत्र का वितरण किया। तथा मौके पर मौजूद बीएलओ व शिक्षक अरुण कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार मौजूद थे।

आम महोत्सव कृषि और संस्कृति का सफल संगम : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा ज्ञान भवन, गांधी मैदान, पटना में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव-सह-प्रतियोगिता, 2025 के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण करने के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को उद्यानिक कीट अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि सरकार आम उत्पादकों को पैकेजिंग पर अनुदान देकर उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करेगी। साथ ही उद्यानिक फार्म में आकर्षक वाटिकाओं का निर्माण कर बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि आम महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों के 806 आम उत्पादक कृषकों एवं उद्यमियों के द्वारा आम एवं इसके उत्पाद के 5214 प्रदर्शों के साथ भाग लिया गया। प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न वर्गों के अलग-अलग शाखाओं का मूल्यांकन वैज्ञानिकों की कमिटी द्वारा की गई एवं प्रत्येक वर्ग के हर एक शाखा में तीन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों एवं कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। चयनित 31 प्रथम प्रदर्शों के बीच कुल 1.55 लाख रूपये, 26 द्वितीय प्रदर्शों के बीच कुल 1.04 लाख रूपये एवं 24 तृतीय



प्रदर्शों के बीच कुल 72 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये गये। साथ ही सभी को प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 5,000 रूपये, 4,000 रूपये का द्वितीय एवं 3,000 रूपये का तृतीय पुरस्कार पारितोषिक दिया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 3.31 लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। 64 हजार रूपये के साथ सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्राप्त करने वाला जिला वैशाली रहा जिसके बाद 54 हजार रूपये भागलपुर, 45 हजार रूपये मधुबनी 29 हजार रूपये समस्तीपुर तथा अन्य जिले हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 05-10 साल के 40 से अधिक बच्चों के बीच आम खाओ प्रतियोगिता में पटना के रियांश राज ने प्रथम, मधुबनी के विप्लव कुमार झा ने द्वितीय तथा पटना के ही अनुशिका नयन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों ने क्रमशः 8.20 सेकेण्ड, 9.00 सेकेण्ड तथा 9.80 सेकेण्ड में एक आम खाया। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में 40 से अधिक स्कूलों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया जिनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, पटना के सोहन शुभम रेड्डी ने प्रथम, डीएवी स्कूल, खगौल, पटना के श्रीजा शरण ने द्वितीय तथा सेन्ट माइकल्स स्कूल, पटना के जयश्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर, नालन्दा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, डुमरांव तथा डॉ. कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज के छात्रों ने 6 टीमों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नालन्दा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय की टीमों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समझौते के बहाने बुलाकर होटल में मारपीट, जदयू नेता समेत दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। शहर के प्रसाद बीघा स्थित होटल मिलाप में आपसी विवाद के समझौते के बहाने बुलाकर दो युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों में न्यू एरिया निवासी एवं प्रखंड 20 सूत्री समिति सदस्य सूर्य नारायण गुप्ता के पुत्र तथा जदयू नेता पवन कुमार और मोहित कुमार शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, होटल मालिक तरुण कुमार ने दोनों को विवाद सुलझाने के नाम पर होटल में बुलाया और जैसे ही वे पहुंचे, दरवाजा बंद कर लिया गया। इसके बाद होटल के भीतर छिपे 10-15 लोगों ने पवन और मोहित पर अवैध हथियारों और मुक्कों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के बाद दोनों को होटल के



बाहर अधमरी हालत में छोड़ दिया गया। इस दौरान हमलावरों के भागने के क्रम में चंदन कुमार नामक एक अन्य युवक को भी ईंट-पत्थर से घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बंद होटल का दरवाजा तोड़ कर होटल मालिक तरुण कुमार को हिरासत में ले लिया। जदयू नेता पवन कुमार ने बताया कि तीन महीने पहले उन्होंने तरुण कुमार की दुकान तीन वर्षों के एग्रीमेंट पर किराए पर ली थी। लेकिन दुकान मालिक ने एग्रीमेंट की अनदेखी कर जबरन दुकान पर कब्जा कर लिया और दुकान में लगे सामान का पैसा भी नहीं दिया। जब उन्होंने अपने सामान के पैसे की मांग की तो लगातार टाल-मटोल और षड्यंत्र शुरू कर दिए गए। पवन कुमार ने आरोप लगाया कि तरुण कुमार ने समझौते का बहाना कर होटल में बुलाया और वहां पहले से छिपे बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान धमकी भी दी गई कि अगर पुलिस को सूचना दी गई तो जान से मार दिया जाएगा। घायलों का इलाज नवादा सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

शिक्षिका की विदाई पर भावूक हुए छात्र-छात्राएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा किए गए शिक्षकों के तबादले के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकंदरा नवादा के दो शिक्षिका-बबीता कुमारी (विशिष्ट शिक्षिका) और मानसी मित्तल (विद्यालय अध्यापक टीआरई-1) का स्थानांतरण अन्यत्र विद्यालय में हो जाने के उपरांत शनिवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार की ओर से नम्र विदाई दी। दोनों शिक्षिकाओं को उपहार स्वरूप गुलदस्ता और सॉल दिया गया। इस दौरान स्कूल का माहौल भावुक हो गया। कई छात्राएं फूट-फूटकर रोने लगी। छात्रा चांदनी कुमारी, ज्योति कुमारी लवली कुमारी, दीपाली कुमारी, संजना कुमारी-I, स्मृति कुमारी और संजना कुमारी-II ने बताया कि पिछले कई वर्षों में दोनों शिक्षकों से पढ़ाई और अनुशासन के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिला।

बच्चों के भविष्य के लिए करें अच्छी सरकार का चयन : प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लोगों से अपने बच्चों की चिंता करने और इस बार बच्चों के भविष्य के लिए एक अच्छी सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बिहार बदलाव यात्रा के दौरान नवादा जिला के रोह प्रखंड मुख्यालय के निकट मंडरा खेल मैदान में एक महती जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे पिछले तीन वर्षों से बिहार के गांव-गांव में घूम कर लोगों से मिल रहें हैं और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे बिहार की स्थिति यह है कि यहां के बच्चों के तन को कपड़ा और पैरों को चप्पल तक मुयस्सर नहीं है।उन्हों ने यह भी कहा कि किसी भी पार्टी के नेता को बिहार के बच्चों और उनके भविष्य की चिंता नहीं है, इस लिए बिहार के लोगों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता स्वंय करनी होगी। प्रशांत किशोर ने बिहार विधान सभा के आसन्न चुनाव



के तीन माह पूर्व निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट को रद्द करके वोटरों से नागरिकता का दस्तावेज पेश करने के विवादस्पद फैसले पर आयोग से साफ-साफ पूरी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में वोटर लिस्ट में बदलाव का उदाहरण देते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया को लेकर उस समय भी कई सवाल उठे थे जिसे आयोग ने अबतक स्पष्ट नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने का मापदंड स्पष्ट होना चाहिए ताकि लोगों में संदेह नहीं न रहे कि यह कदम राजनैतिक रूप से प्रेरित है। समारोह की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार 'चुन्नु' और संचालन पार्टी के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने की। इस अवसर पर जिला अभियान समिति के अध्यक्ष सुरजदेव वर्मा, महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, किसान अध्यक्ष मनोज सिंह, युवा अध्यक्ष राजेश यादव, उदय शंकर सिंह, जिला प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा, जिला महासचिव उमेश चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी मो.मखदूम इस्लाम, राज कुमार, प्रवीण चंद्रवंशी, सरला कर्ण, रवींद्र प्रसाद सिंह, स्वीटी सिंह, नरेश चौधरी, मो. कलाम, कन्हैया सिंह, राहुल कुमार, अनुज कुमार रावत, जयशंकर झा, प्रत्युष यादव तथा त्रिवेणी सिंह भी मंचासीन रहे।

पूरा करेंगे हरेक वादा, हम बनाएंगे विकसित नवादा : डॉ.अनुज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जब इंसान मन में कुछ कर गुजरने की ठान ले तो फिर क्या धूप और क्या बरसात। अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि नवादा के उत्थान का बीड़ा अपने सर पर उठाए मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चेयरमैन, जाने माने शिक्षाविद और समाजसेवी तथा जन जागृति फाऊंडेशन के संयोजक डॉ.अनुज सिंह ऐसे ही कर्मवीर हैं जो बिना धूप और बारिश की परवाह किए पिछले छह महीनों से गांव-गांव और घर- घर जा कर नवादा वासियों से मिल रहे हैं और लोगों को अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने नवादा जिले के सर्वांगीण विकास का ऐसा सपना संजोया है जिसके लिए उन्हें नवादा वासियों के साथ और समर्थन की आवश्यकता है। इसी सिलसिले में आज डॉ. अनुज ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ नवादा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नहर पर, शाहपुर एवं औरैना गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्राम औरैना में ग्रामीणों और युवाओं के दल ने डॉ अनुज का जोरदार स्वागत ढोल बाजे के साथ अंग वस्त्र पहना कर किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। लोगों से बातचीत के क्रम में पिछले 30 वर्षों में अलग अलग जनप्रतिनिधियों के द्वारा विकास के खोखले दावों की पोल खुलती रही जिसे सुनकर डॉ.अनुज काफी व्यथित दिखे। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि अगर लोगों ने उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में जीत मिलती है तो वो पूरी इमानदारी पूर्वक एक एक समस्या का समाधान करेंगे और गांव की तस्वीर बदल देंगे। जिसे सुनकर ग्रामवासियों ने एकसुर में उन्हें समर्थन देने का वचन दिया। डॉ.अनुज ने लोगों से जाति धर्म की भावनाओं से उपर उठकर ऐसे व्यक्ति का समर्थन देने की अपील की शिक्षित और ईमानदार तो ही साथ ही सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने वाला हो। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मैंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है वैसे ही नवादा जिले के विकास में भी कोई कमी नहीं रहने दूंगा। चुनाव के बाद भी गांव गाँव जा कर लोगों से मिलूंगा और सभी की समस्याओं का निदान करुंगा।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा में रविवार की सुबह सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर गांव के पास का है। मृतक की पहचान अलीपुर के रहने वालेव रामचंद्र प्रसाद (65) के रूप में की गई है। हादसा हरनौत-गोनावां मुख्य रास्ते पर हुआ है। रामचंद्र प्रसाद पोआरी गांव साइकिल से दूध देने गए थे। जहां से लौटकर वह घर आ रहें थे। तभी सड़क पार करने के दौरान हरनौत की तरफ से आ रही पथ निर्माण विभाग की गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, गाड़ी बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में चली गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ब्रेकर और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। जिससे आवाजाही बाधित हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अलीपुर गांव के पास सड़क ढलान लेती है। जिसके कारण गाड़ियों की रफ्तार ज्यादा रहती है। यही वजह है कि आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। मौके पर पहुंचे परिजनों की चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। हरनौत थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष गणेश राय ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा-बूझाकर मामले को शांत करा लिया गया।

फरार चल रहे पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना क्षेत्र के छतनी, पहवाचक, कानगो बिगहा व गंगटा के अलावे अकबरपुर थाना क्षेत्र से रजौली थाना के विभिन्न कांडों के पांच फरार चल रहे अभियुक्तों को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब मामले में थाना कांड संख्या 349/25 के अभियुक्त छतनी गांव निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार व अकबरपुर थाना क्षेत्र निवासी शैलेन्द्र सिंह के पुत्र रितिक कुमार, थाना कांड संख्या 544/21 के अभियुक्त पहवाचक गांव निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र मुन्ना कुमार एवं थाना कांड संख्या 314/25 के अभियुक्त कानगो बिगहा गांव निवासी उदय प्रसाद के पुत्र संदीप कुमार को पुलिस बलों के सहयोग से गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है वहीं दूसरी ओर मारपीट मामले में थाना कांड संख्या 240/25 के अभियुक्त गंगटा गांव निवासी जीतन प्रसाद के पुत्र फूलू प्रसाद को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



यदुवंशी जागृति एकता मंच का गठन, समाज सुधार की दिशा में शुरू हुई पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय में रविवार को यदुवंशी समाज के जागरूक युवाओं और बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में यदुवंशी जागृति एकता मंच का विधिवत गठन किया गया। इस संगठन का उद्देश्य समाज को संगठित कर आपसी विवादों को सुलझाना, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना तथा शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना है।
बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। दिनेश यादव को अध्यक्ष, प्रकाश



यादव को उपाध्यक्ष और संजय यादव को महासचिव चुना गया। इसके अतिरिक्त विश्वनाथ यादव और फोसन यादव को सह-महासचिव, काजू यादव को सचिव, प्रमोद यादव को कोषाध्यक्ष और जयराम यादव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्य के रूप में मिट्ठू यादव, धर्मेंद्र यादव, भुटटू यादव, राजेश यादव, सत्येंद्र यादव और नागेश्वर यादव को शामिल किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन गांव-गांव जाकर शिक्षा का अलख जगाएगा, समाज में भाईचारा, शांति और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करेगा और छोटे-छोटे विवादों को आपसी बातचीत व मध्यस्थता से सुलझाने का प्रयास करेगा। संगठन का मानना है कि छोटी बातों को नजरअंदाज करने से बड़ी घटनाएं टाली जा सकती हैं, जिससे समाज की छवि सुरक्षित रह सके। मीडिया प्रभारी जयराम यादव ने कहा कि हाल के दिनों में हसनगंज जैसी घटनाएं, जहां भूमि विवाद में सगे चाचा की हत्या हो गई, पूरे समाज के लिए चेतावनी हैं। ऐसे मामलों से सबक लेते हुए संगठन एकजुट होकर समाज में जागरूकता फैलाएगा और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर कार्य करेगा।

न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। जदयू के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को नवादा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड के हण्डिया और पेश पंचायतों में 2005 के बाद बदलता बिहार–न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हण्डिया पंचायत की बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष विक्की कुमार ने जबकि पेश पंचायत में अध्यक्षता पवन कुमार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले का बिहार भय, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के अंधकार में डूबा हुआ था। शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो जाते थे। सामाजिक तनाव, जातीय उन्माद और विधि-व्यवस्था की जर्जर स्थिति आम बात थी। ऐसे कठिन समय में जनता ने नीतीश कुमार को राज्य की कमान सौंपी और उन्होंने न्याय के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतार कर बिहार की तस्वीर बदल दी। उन्होंने बताया कि 2005 से 2010 के बीच राज्य को भयमुक्त बनाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में सुधार की शुरुआत हुई। साइकिल योजना, स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति और सड़क निर्माण जैसी योजनाएं लायी गईं। 2010 से 2015 तक बिजली की व्यापक आपूर्ति सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि जब तक हर घर तक बिजली नहीं पहुंचेगी, वे वोट नहीं मांगेंगे–और उन्होंने अपना वादा निभाया। वक्ताओं ने कहा कि समाज सुधार अभियानों के तहत शराबबंदी, बाल विवाह और दहेज प्रथा पर कठोर कार्रवाई की गई। अनुसूचित जाति, जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय और महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत इंटर उत्तीर्ण छात्राओं को 25,000 और स्नातक पास करने पर 50,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि सिंचाई के लिए नहरों का विस्तार, निजी नलकूपों को बढ़ावा, चेक डैम, आहार-पैन का निर्माण जैसे कार्य तेजी से चल रहे हैं। गांव-टोले में सोलर स्ट्रीट लाइट, शहरों में नागरिक सुविधाओं के विकास और युवाओं को रोजगार देने के लिए सात निश्चय-2 के तहत 12 लाख सरकारी नौकरी और 38 लाख रोजगार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करने का दावा किया गया।

रालोमो के मगध क्षेत्र की 'संवैधानिक अधिकार-परिसीमन सुधार महारैली' में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

बेल पर बाहर आए लोग न्याय की बात नहीं कर सकते : उपेन्द्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने गयाजी के गांधी मैदान में पार्टी की ओर से आयोजित 'संवैधानिक अधिकार- परिसीमन सुधार महारैली' के माध्यम से इस महा अभियान के लिए विक्रमगंज और मुजफ्फरपुर के बाद आज गयाजी से तीसरी बार शंखनाद किया है। इस महारैली में औरंगाबाद, गयाजी, अरवल, नवादा, जहानाबाद, नालंदा,जमुई, शेखपुरा, लखीसराय और संगठन जिला बाढ़ से हजारों कार्यकर्ताओं का समागम हुआ है। पुरा गांधी मैदान लोगों और कार्यकर्ताओं से भरा मिला देखा गया है। कुशवाहा ने हजारों समर्थकों के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का




उद्घाटन किया है।

इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि मैंने हमेशा जनहित के मुद्दों को उठाया है। कॉलेजियम सिस्टम को खत्म कर खुली परीक्षा के माध्यम से जजों की बहाली की मांग करने पर लोग कहते हैं कि आपको कोर्ट के खिलाफ बोलने में डर नहीं लगता है। ऐसे लोगों को मैं कहता हूं कि जो लोग बेल पर बाहर हैं उनकी हिम्मत नहीं हो सकती है कि वो कोर्ट की गलत प्रक्रिया के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि राजद के लोग कभी सुधरने वाले नहीं हैं। कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन का मुद्दा आप लोगों के लिए नया है, लेकिन इसको ठीक से समझने की आवश्यकता है। भारत में 2026 में परिसीमन होना है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 82 देश में हर दस सालों में जनगणना करवाने के बाद परिसीमन आयोग का गठन कर लोकसभा सीटों की संख्या का फिर से निर्धारण करने का अधिकार देता है। वहीं, अनुच्छेद 170 राज्यों में विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा और संख्या तय करने का अधिकार देता है। अभी तक देश में 1951, 1961, 1971 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कर लोकसभा की सीटों को निर्धारित किया गया है। राज्यों के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या आबादी के अनुसार निर्धारण करना परिसीमन का मूल उद्देश्य है। देश में परिसीमन 1971 तक आबादी के अनुसार तय होता रहा है, किन्तु 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने परिसीमन को 25 वर्षों के लिए फ्रीज कर दिया है देश में आपातकाल लागू था और इसी का फायदा उठाकर 42वें संविधान संशोधन के जरिये परिसीमन को फ्रीज किया गया है। पुनः यह रोक अगले 25 साल तक के लिए बढ़ा दी गई हैं यह अवधि साल 2026 में पूरी होने जा रही हैं वहीं, वर्ष 2009 में भी परिसीमन तो किया गया, लेकिन लोकसभा की सीटों को स्थिर रखते हुए सिर्फ निर्वाचन क्षेत्रों को आबादी के अनुसार संतुलित करने का काम किया।

कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन का उद्देष्य ही था पूरे भारतवर्ष में एक समान आबादी के आधार पर सीटों का निर्धारण करना, लेकिन मौजूदा समय में यह उद्देश्य पूरी तरह से खारिज हो चुका है। इस व्यवस्था की वजह से बिहार सहित उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों को लोकसभा सीटों के मामले में बहुत नुकसान हो रहा है। आज दक्षिण भारत में लगभग 21 लाख आबादी पर एक लोकसभा सीट है वहीं, उत्तर भारत में लगभग 31 लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट है।

रबी विपणन में दलहन-तेलहन का किसानों को मिला तोहफा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रबी विपणन मौसम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत दलहन एवं तेलहन अधिप्राप्ति हेतु बिहार के किसानों को मिला है तोहफा। किसानों की आय दोगुनी करने में होगा यह निर्णय सहायक। अब बिहार के किसान 15 जुलाई 2025 तक अपने नजदीकी पैक्स केंद्र पर अधिक से अधिक मात्रा में चना, मसूर, सरसों, राई अधिप्राप्ति कर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,650 प्रति क्विंटल, मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6,700 प्रति क्विंटल, सरसों, राई का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,950 प्रति क्विंटल किया गया है। रबी विपणन मौसम 2025ः26 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दलहन एवं तेलहन क्रय करने के 48 घंटे के भीतर राशि की भुगतान सुनिश्चित किया गया है। राज्य के किसानों से मेरा अनुरोध है कि आप अपने पंचायत के पैक्स एवं व्यापारमंडल केंद्रों पर जाकर उत्पादन को विक्रय कर उपरोक्त समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की एनडीए सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को बिहार के किसानों की ओर से हार्दिक बधाई।

पति ने ममेरे भाई संग मिल की पत्नी की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले के वजीरगंज इलाके में मंझौली पहाड़ी के पास 3 जून को मिली अज्ञात महिला की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या की वारदात को महिला के पति ने अपने ममेरे भाई के साथ मिलकर अंजाम दिया था। मृतका की पहचान नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी दीपक कुमार की पत्नी सुलेखा कुमारी (30) के रूप में हुई है। घटना के बाद एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय और वजीरगंज थानाध्यक्ष ने मौके की जांच कर शव की पहचान में जुटी थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के सभी थानों में फोटो भेजी। इसी दौरान सूचना आई कि शव सुलेखा कुमारी का है और उसका पति दीपक है। पुलिस ने पति दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ के साथ खातिरदारी की तो पूरा मामला सामने आ गया। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि सुलेखा का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। वह एक बार उसके साथ भाग भी गई थी। इससे उसका पति दीपक नाराज था। चरित्र संदेह में दीपक ने अतरी थाना क्षेत्र के दौलतपुर गुलाबी निवासी अपने ममेरे भाई गौतम कुमार के साथ मिल कर सुलेखा की गला घोंट कर हत्या की साजिश रची। रात में दोनों ने चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

निर्वाचक सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश के आलोक में गया जिला अंतर्गत सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा अपने अपने प्रखण्ड में सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को शर्त के निमित्त एनिमेरेशन फॉर्म की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 25 जून से 26 जुलाई तक निर्धारित अवधि में घर-घर जा कर फील्ड ईआर और जरूरी कागजात प्राप्त करना होगा ताकि कोई योग्य मतदाता नहीं छूट जाए। साथ ही ईसीएआई द्वारा निर्गत सभी प्रावधानों से सबको अवगत कराया। गया जिले में मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान की तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिले के सभी 3262 बूथ लेवल ऑफिसर्स एवं 343 निर्वाचन पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र सभी प्रखंडों में आयोजित हुआ जहां संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को आगामी एसआईआर कार्यों के लिए विधिवत प्रशिक्षित करना एवं उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गृह-गृह सर्वेक्षण की प्रक्रिया, गणना प्रपत्र की भराई, प्रविष्टियों की पुष्टि/विलोपन/ परिवर्तन/ नई प्रविष्टियों के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण के उपरांत जिले में 25 जून 2025 से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विधिवत शुरुआत हो चुकी है। इसके अंतर्गत बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्रों में जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। यह सत्यापन कार्य मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने, निर्वाचकों की अद्यतन जानकारी दर्ज करने एवं नई उम्र प्राप्त पात्र नागरिकों को नामांकित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों से एईआरओ एवं ईआरओ ने भी अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया और क्षेत्रीय स्तर पर अभियान की निगरानी सुनिश्चित करने की दिशा में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला।

डायल 112 की जीप पलटी, एएसआई समेत महिला सिपाही घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले में रविवार को डायल 112 की पुलिस जीप दुर्घटना की शिकार हो गई जिसमें गाड़ी पर सवार पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। एक महिला सिपाही की हालत को देखते हुए एएनएमसीएच गया रेफर कर दिया गया। हादसे में एक एएसआई भी जख्मी हो गए। हालांकि समय से एयर बैग खुल जाने से किसी की मौत नहीं हुई। इस हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। गोपीमोड-गुरपा मुख्य सड़क में रविवार सुबह 10:15 बजे की घटना बताई जा रही है। वृन्दावन के जंगल के पास गाड़ी ट्रेंच में जा गिरी। गाड़ी बुरी तरह से डैमेज हो गई। घटना में घायल एएसआई पवन कुमार को सीएचसी में इलाज किया गया जबकि महिला सिपाही सपना कुमारी को गंभीर हालत को देखते हुए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया है कि सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है। हादसे की जांच के आदेश दिए गए हैं। घटना के बाद स्थानीय थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों की भी भीड़ जुट गई। लोगों की मदद से सभी घायल पुलिसकर्मियों को गाड़ी से निकाला गया और इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।

बसपा नेता ने किया गांवों का दौरा, जनता से मिल रहा अपार समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गुरुआ। विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के नेता सह गुरुआ विधानसभा क्षेत्र से भावी विधायक प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव ने शनिवार को अपनी 'समस्या समाधान यात्रा' अभियान के तहत पकरी पंचायत के कठौतिया, कौड़ियां, जलपा, अतोपुर और आजाद बीघा गांवों का दौरा किया। इस दौरान राघवेंद्र नारायण यादव ने गांव-गांव घूमकर ग्रामीणों से बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, राशन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और बेरोजगारी जैसी कई जमीनी से बदहाल समस्याओं को सुना। कहा कि सभी समस्याओं को यदि जनता का आशीर्वाद मिला और मौका मिला तो इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और समाधान का भरोसा दिलाया और कहा कि बसपा की राजनीति सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की है और आज हर वर्ग का व्यक्ति हमारे साथ जुड़ रहे हैं। यह सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि बदलाव की शुरुआत है। इस जनसंपर्क अभियान में क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं, किसानों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समर्थन जताया। ग्रामीणों ने भी इस बात की सराहना की कहा कि कोई नेता पहली बार गांव-गांव जाकर सीधे जनता की बात सुन रहा है। बसपा प्रत्याशी का यह अभियान आगामी चुनाव से पहले ग्रामीण जनमानस को जोड़ने में कारगर माना जा रहा है।

जेसीबी लगा समतलीकरण कार्य को किला बचाओ संघर्ष समिति ने रोका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। रविवार को टिकारी किला की भूमि पर जेसीबी लगा समतलीकरण का हो रहे कार्य को किला बचाओ संघर्ष समिति के हस्तक्षेप के बाद रोका गया। समतलीकरण करा रहे व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर न्यायालय के आदेश पर कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाने की बात कही जा रही थी वहीं किला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा विरोध जताया जा रहा था। रविवार की दोपहर जेसीबी द्वारा मिट्टी बराबर किये जाने की जानकारी होते ही स्थानीय लोगों की भीड़ किला के मैदान के समीप पहुंच गई व कार्य रोके जाने का दवाब बनाया गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय बीडीओ योगेंद्र पासवान व पुलिस अधिकारी दल बल के साथ पहुंचे व मामला समझा। लोगों के विरोध को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जेसीबी द्वारा की जा रही मिट्टी कटाई का कार्य रोका गया साथ ही साथ राजस्व कर्मचारी व अंचल अमीन से भूमि की नापी करा प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। अमीन द्वारा दिये गये प्रतिवेदन में 1020 वर्ग फीट भाग के साढ़े 13 फीट टीलहा को समतल किये जाने की बात कही गई।

विधायक ने पीसीसी पथ का शिलान्यास कर विकास की बढ़ाई गति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। टिकारी के पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ अनिल कुमार ने ढिबरी गांव में पीसीसी पथ का शिलान्यास रविवार को किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी खुशी जाहिर की और विधायक के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि पीसीसी पथ के निर्माण से उनके गांव की सूरत बदलेगी और उन्हें आवागमन में सुविधा होगी। विधायक डॉ अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। विधायक डॉ अनिल कुमार ने अपने दौरे के दौरान ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। डॉ अनिल कुमार का प्रयास है कि टिकारी विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास हो और सभी क्षेत्रों में विकास की गति तेज हो। मौके पर मुखिया कलावती कुमारी, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार यादव, अमरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

दंपति से रुपए छीनने वाले तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले के बेलागंज में 17 जून को बैंक से रुपए निकाल कर लौट रहे दंपति से छिनतई हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, 11,500 रुपए नकद और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। इस बात की जानकारी डीएसपी विधि व्यवस्था रवि प्रकाश सिंह ने दी है। डीएसपी ने बताया कि बीती 17 जून को एक दंपती बैंक से रुपए निकाल कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलहारी मोड़ के पास पेट्रोल पंप पर बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला से पर्स छीन लिया। पर्स में दो लाख नगद रुपए और 6 लाख से अधिक के जेवरात थे। सूचना पर बेलागंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची व सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच शुरू की थी। एसएसपी के निर्देश पर एएसपी और डीएसपी विधि व्यवस्था के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस कांड में संलिप्त एक आरोपी बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा है। पुलिस टीम ने उसे खदेड़ कर पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम अक्षय कुमार, पिता जितेंद्र यादव, निवासी रोहन बिगहा बताया। उसने पूछताछ में घटना में शामिल होने की बात कबूल की। उसके साथ सिंटू कुमार उर्फ बॉस और अनुराग कुमार भी शामिल थे। पुलिस ने अक्षय कुमार के किराए के कमरे की तलाशी ली। वहां से घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक, एक हेलमेट और बेड के नीचे से 11,500 रुपए बरामद किए। मौके से अनुराग कुमार और सिंटू कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि जेवर उनके एक अन्य साथी के पास रखा है जिसे बेचने की योजना थी और बेचने के बाद पैसे के बंटवारे की बात आपस में तय हुई थी। पुलिस ने मखदुमपुर में छापेमारी कर एक आईफोन का बिल और नया कैमरा सेट भी जब्त किया है। ये सामान छिनतई के रुपए से खरीदे गए थे। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है।

मन की बात राष्ट्र को दिशा देने वाला कार्यक्रम : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 123वें मन की बात कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय, बूथ संख्या 200 पर रविवार को सुना गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बार के कार्यक्रम में देश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथ यात्रा का उल्लेख करते हुए इसकी आस्था और परंपरा की गहराई को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह उत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय उदाहरण है।साथ ही, इस वर्ष आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के संदर्भ में प्रधानमंत्री जी ने लोकतंत्र पर लगे उस काले धब्बे की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उस समय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम तथा मुरारजी देसाई सहित कई नेताओं ने इसका विरोध किया था।अनेक पत्रकारों को जेल में डाला गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी गई थी।मेघालय में रेशम उत्पादन से जुड़े कीड़े को जीएल टैग मिलने की खुशी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। इसके अलावा, देश के अंतरिक्ष मिशन में वैज्ञानिक सौरभ शुक्ला के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

तेजी से पंचायत सरकार भवन का निर्माण करवाना करें सुनिश्चित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले में 35 की संख्या में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन में शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण करवाने के लिए डीएम शशांक शुभंकर द्वारा राशि बढ़ोतरी की स्वीकृति दी है। साथ ही निर्देश दिया है कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा किया जाना है। डीएम ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव एवं मुखिया गण को निर्देश दिए हैं कि शीघ्र ही तेजी से पंचायत सरकार भवन का निर्माण करवाना सुनिश्चित करें। विदित हो कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत राज विभाग बिहार सरकार द्वारा पुराने आवंटन पर भवन का निर्माण करवाया जा रहा था, परंतु कुछ कार्य अपूर्ण रहने पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि जो पंचायत सरकार भवन में शेष निर्माण कार्य बचा है, उसका आकलन कर अतिरिक्त राशि मुहैया कराया जाए।ताकि तेजी से संबंधित पंचायत सरकार भवन पूरी तरह से पूर्ण हो सके।

इन प्रखंडों में कुछ कार्य बाकी है

मानपुर के लखनपुर, खिजर सराय ऊंचौली, हेमरा, बेलागंज श्रीपुर, एरकी, बेल्हाडी, नगर के कुजाप, घुटिया, कोंच के कोच पंचायत, खजूरी, टेकारी के नेपा, गुरुआ के पलुहारा, सिमरू, राजन पंचायत, मोहरा के दक्षिणी कजुर पंचायत, नीमचक बथानी के सरेन, वजीरगंज के सकरदास नवादा, कारी, अतरी के चकरा,सचोड़ा, गुरारू के दबूर पंचायत, शेरघाटी के कचौरी पंचायत, बार पंचायत, फतेहपुर के नीमी पंचायत, डुमरिया के माहुरी पंचायत, डोभी के बारी पंचायत, मोहनपुर के अम्बातरी पंचायत, सिरियावां पंचायत, गोपालखेडा, टनकुप्पा के ढिबर, बशापिपरा, इमामगंज के चकरबन्धा, पकरी गुडिया, आमस के बड़की चिलमी, बोधगया के गाफाखुर्द पंचायत सरकार भवन शामिल है।उपरोक्त सभी पंचायत सरकार भवन में शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण कराने के लिए डीएम द्वारा अतिरिक्त राशि बढ़ोतरी का स्वीकृति प्रदान किया है। जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को कहा कि निर्वाचक सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है। यह विशेष अभियान प्रत्येक योग्य मतदाता को सूची में सम्मिलित करने और अपात्र प्रविष्टियों को हटाने का सुनहरा अवसर है।सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, एवं वालंटियर्स इस जिम्मेदारी को गम्भीरता से निभाएं ताकि गया जिले की मतदाता सूची एक आदर्श सूची बन सके। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत डीएम के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण आदेश से वंचित तबकों के लाखों मतदाताओं के बेदखली की आशंका : लोकतांत्रिक जन पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। लोकतांत्रिक जन पहल के द्वारा आज यहां डाक बंगला चौराहा के निकट भारत के चुनाव आयोग के द्वारा बिहार के मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण संबंधी आदेश और दिशा निर्देश का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया गया जिसमें महिलाएं और युवजन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख लोगों में कंचन बाला, प्रियदर्शी अशोक चक्रवर्ती, अशोक कुमार अधिवक्ता, मणि लाल अधिवक्ता, प्रदीप प्रियदर्शी, फादर निशांत, अशरफी सदा, शशि भूषण पंडित, तबस्सुम अली, आनंद रंजना एडवोकेट (बक्सर), अंकिता पंडित, आशा देवी, असगर, कारू (गया), शौकत अली (फतुहा), सैयद इमाम, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, रवींद्र, प्रेम कुमार पासवान, माखनलाल दास, मनोज राम, रंजन कुमार, उदयन राय और जितेंद्र कुमार अधिवक्ता आदि हैं। लोकतांत्रिक जन पहल ने कहा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत के चुनाव आयोग के द्वारा बिहार के मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हेतु गत 24 जून को जो आदेश और दिशा निर्देश दिया गया है उसके तहत नये -पुराने मतदाताओं से जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र की मांग की जाने वाली है जो पूरी तरह से दलित, अतिपिछड़ा, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी है। आयोग के निर्देश के अनुसार जो लोग एक जुलाई 1987 से पहले जन्म लिए हैं उनको अपना जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। जो लोग 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लिए हैं उनको अपना और अपने मां-बाप में से किसी एक के जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है जो लोग एक जुलाई 1987 से पहले जन्म लिए हैं उनको केवल अपना जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है। दो दिसंबर 2004 के बाद जन्मे लोगों को अपना और अपने मां-बाप दोनों का जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है। इस आदेश का अवलोकन करने से यह साफ पता चलता है कि यह आदेश लाखों वंचित तबके के लोगों को उनके वोट देने के संवैधानिक और मानव अधिकार से बेदखल करने वाला और प्रकारांतर से लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की धज्जियां उड़ाने वाला है।

मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन राशि हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में करें जमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2025 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति , पटना से इंटरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उतीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना से मौलवी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं (लड़कियां) को 15,000/- (पन्द्रह हजार) रूपये प्रति छात्रा की दर से तथा फौकानियां प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को 10,000/- (दस हजार) रूपये प्रति छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाता है। इस योजना के तहत उक्त राशि सीएफएमस के माध्यम से सीधे संबंधित छात्रों के बैंक खाते में राशि भेजी जाती है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त आवंटन के आलोक में राशि वितरण हेतु कार्रवाई की जा रही है।उक्त योजना अन्तर्गत लाभ पाने वाले पात्र छात्र/छात्राओं अविलम्ब आवश्यक कागजात जैसे बैंक पासबुक (आईएफएससी कोड सहित), प्रवेश प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं आवासीय प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति अपने विद्यालय/ महाविद्यालय के माध्यम से हस्ताक्षरित करवाते हुए गया समाहरणालय में अवस्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, गया में जमा कर सकते हैं, ताकि प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा सके। संबंधित विद्यालय के प्राचार्य भी अपने स्तर से छात्राओं से वांछित कागजात प्राप्त कर प्राथमिकता देते हुए ससमय जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, गया में जमा कर सकते हैं।

वजीरगंज पहुंचा गायत्री जन्मशताब्दी वर्ष ज्योति कलश यात्रा रथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। गायत्री माता जन्मशताब्दी वर्ष ज्योति कलश यात्रा रथ रविवार को फतेहपुर से दो दिनों के भ्रमण उपरांत वजीरगंज पहुंचा। रथ आगमन पर दर्जनों श्रद्धालु उसके स्वागत को अखण्ड ज्योति देवी स्थान पहुंचे जहां दीप आरती के बाद रथ को क्षेत्र भ्रमण के लिये रवाना किया गया। रथ सबसे पहले नगर पंचायत अंतर्गत सिन्हा कॉलोनी पहुंचा वहां से रथ मीरगंज देवी स्थान पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने दीप आरती के बाद प्रसाद ग्रहण कर गायत्री माता के जयकारे लगाकर नमन किया। गायत्री परिवार सदस्य मनोज सेठ ने बताया कि वजीरगंज क्षेत्र में रथ का भ्रमण दो दिनों तक होगा।रविवार को रथ आगमन के बाद सिन्हा कॉलोनी, मीरगंज, बभंडीह, कोल्हना, कढ़ौना, सिंघौरा, सेलवे जायेगा तथा सोमवार को पुनावां, एरू, सहिया, सिंगठिया, मलठिया, भोजपुर, चुल्हाई बिगहा भ्रमण करने के बाद अखण्ड ज्योति पुस्तकालय व देवी स्थान में दीप यज्ञ के बाद रात्रि विश्राम होगा।

दो दिवसीय अभ्यास वर्ग प्रारंभ, पर्यावरण संरक्षण पर गहन मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पर्यावरण आयाम द्वारा दक्षिण बिहार प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को गया जी के सीताकुंड स्थित महारानी पैलेस होटल में प्रारंभ हुआ। इस अभ्यास वर्ग में दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 100 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं।यह अभ्यास वर्ग दिनांक 29 एवं 30 जून 2025 तक चलेगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध विषयों पर संवाद, प्रशिक्षण और व्यवहारिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन चार सत्रों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, और जैव विविधता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। द्वितीय दिन सीताकुंड परिसर में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रतिभागी सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे।इस अवसर पर एबीवीपी दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री श्री रौशन सिंह, एसएफडी प्रांत संयोजक श्री सूरज सिंह, राष्ट्रीय संयोजिका पायल कुमारी, एबीवीपी के अखिल भारतीय एसएफडी प्रमुख श्री राहुल गौड़, तथा प्रदेश मंत्री सुमित सिंह सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में युवाओं में पर्यावरण चेतना जगाने की दिशा में यह अभ्यास वर्ग एक सशक्त पहल सिद्ध हो रहा है।

संपादकीय

एससीओ : भारत का रूख सही

अगर आतंकवाद पर एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) का रवैया पक्षपातपूर्ण है तो एससीओ समिट के संयुक्त घोषणापत्र पर भारत का हस्ताक्षर न करना सही फैसला है। भारत के संयुक्त बयान पर दस्तखत न करने से समिट का घोषणा पत्र जारी नहीं हो सका। हालांकि भारत के इस रूख देश के पूर्व विदेशमंत्री यशवंत सिन्हा ने यह कहकर आलोचना की है कि इससे भारत दुनिया में पूरी तरह अकेला पड़ गया है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भी कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में भारत अलग-थलग पड़ गया है।

गौरतलब है कि भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के क्विंगदाओ में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की दो दिनी बैठक के ज्वाइंट स्टेटमेंट पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि एससीओ के कुछ सदस्यों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बनने की वजह से ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी आतंकवाद को लेकर कुछ चिंताए थीं और हम चाहते थे कि वे उस दस्तावेज में जाएं। लेकिन एक देश को उस पर आपत्ति थी। जिसकी वजह से स्टेटमेंट फाइनल नहीं हुआ। भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार आतंकवाद के खतरे से हमें लड़ना चाहिए। इस बात को हमने एससीओ बैठक में उठाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ मीटिंग में आतंकवाद के खिलाफ़ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा पेश की तथा सभी सदस्य देशों से इस चुनौती से निपटने के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति, समृद्धि और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। अपने बयान में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख भी किया। समिट में कोई ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी नहीं हुआ, इसकी पुष्टि चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी की। उसने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जांग शाओगिंग से आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर मतभेदों के कारण एससीओ ज्वाइंट स्टेटमेंट पर भारत के इनकार से जुड़ा सवाल किया गया। इस पूरे मामले में भारत की सफलता भी है और असफलता भी। सफलता यह है कि भारत द्वारा दस्तखत न करने के कारण संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। क्योंकि बयान के ड्राफ्टर में बलूचिस्तान में हो रहे आतंकी हमलों का जिक्र तो था, लेकिन पहलगाम आंतकी हमले का कोई उल्लेख नहीं था। इसके पीछे चीन और पाक की चाल यह बताने की कोशिश थी कि बलूचिस्तान में आंतकी हमलों के पीछे भारत का हाथ है, जबकि पहलगाम में मामले में पाक और चीन चुप्पी साध लेना चाहते थे, जो भारत नहीं होने दिया। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि जहां एससीओ के सदस्य देश बलूचिस्तान में आंतकी हमलों के खिलाफ एकजुट हो गए, वहीं भारत के कश्मीर में हो रहे आंतकी हमलों का कोई जिक्र नहीं किया गया। यह शुद्ध रूप से चीन और पाक की कूटनीतिक चाल थी, उसे भारत ने भांप पर सुंक्त घोषणा पत्र दस्तखत करने से इंकार कर दिया। इस दृष्टि विदेश मंत्रियों का यह सम्मेलन विफल ही रहा। उल्लेखनीय है कि शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में चीन, रूस और सोवियत संघ का हिस्सा रहे चार मध्य एशियाई देशों कज़ाख़स्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान ने मिलकर थी। इसका उदय रूस, चीन और इन मध्य एशियाई देशों के बीच वर्ष 1996 में सीमा को लेकर हुए एक समझौते के साथ हुआ था।

जंगल की आग से पानी में घुलता जहर

मानव सभ्यता की प्रगति प्रकृति के साथ सामंजस्य से ही संभव हुई है। पेड़-पौधे, नदियां, पर्वत, वनों की हरियाली ये सभी तत्व न केवल जीवन के लिए आवश्यक हैं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन के मूल आधार भी हैं। इन्हीं में से वन (जंगल) पृथ्वी के 'फेफड़े' कहे जाते हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर प्राणवायु ऑक्सीजन का सृजन करते हैं। वनों की उपस्थिति न केवल वायु गुणवत्ता बनाए रखती है, बल्कि जलवायु संतुलन, जैव विविधता का संरक्षण, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और भूजल स्तर को बनाए रखने जैसे अनेक आवश्यक कार्यों में सहायक होती है। किन्तु विडंबना यह है कि आज यही वन अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। जंगलों में लगने वाली आग, जो पहले कभी प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा मानी जाती थी, अब मानवजनित कारणों से एक विकराल संकट का रूप ले चुकी है। यह संकट केवल वृक्षों की क्षति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर वायु, जल और भूमि तीनों जीवन धाराओं पर गहराई से पड़ रहा है। विशेषकर जल स्रोतों में फैलता प्रदूषण इस संकट का एक ऐसा पहलू है, जिसकी चर्चा अपेक्षाकृत कम होती है, परंतु इसके दुष्परिणाम अत्यंत व्यापक और घातक हैं।

अली खान



हाल ही में न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अंतरराष्ट्रीय शोध अध्ययन में यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हुआ कि जंगल की आग के बाद, वहां के निकटवर्ती जल स्रोत नदियां, झीलें, तालाब वर्षों तक प्रदूषित रह सकते हैं। यह अध्ययन प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'नेचर कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट' में प्रकाशित हुआ है, जिसमें अमेरिका की उन्नत प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों ने 500 नदियों और झीलों से एक लाख से अधिक जल नमूने लेकर यह विश्लेषण किया कि आग के बाद जल स्रोतों की गुणवत्ता में किस प्रकार का परिवर्तन आता है। इस शोध में पाया गया कि जंगलों की आग के बाद जल में नाइट्रोजन, ऑर्गेनिक मैटर (जैविक पदार्थ), राख, रेत और मिट्टी जैसे हानिकारक तत्वों की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है। इनमें से कई तत्व मानव शरीर के लिए विषैले होते हैं और पीने योग्य जल के मानकों से कई गुना अधिक पाए गए हैं। यह भी देखा गया कि इन तत्वों का प्रभाव आग के बाद एक वर्ष से लेकर आठ वर्षों तक बना रह सकता है। वर्षा के माध्यम से जब यह तत्त्व जल स्रोतों में प्रवाहित होते हैं, तो वे पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक रूप से प्रभावित करते हैं। जलीय स्रोतों के प्रदूषित होने से जल प्रदूषण की समस्या पर्यावरण की सेहत को भारी क्षति पहुंचाती है। दरअसल, यह जल प्रदूषण जलीय जीवों (मछलियों, कीटों, जल-वनस्पतियों) के जीवन चक्र को बाधित करता है, जिससे स्थानीय जैव विविधता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, यह प्रदूषित जल मनुष्यों के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है। भारत, जो एक विशाल भौगोलिक विविधता वाला देश है, उसका लगभग 21 फीसदी क्षेत्र वनाच्छादित है। इन वनों में से अधिकांश क्षेत्र सूखे जंगलों से संबंधित हैं, जो जलवायु परिवर्तन और मानवीय दखल के चलते अत्यधिक संवेदनशील हो चुके हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022-23 में भारत में 2,12,249 जंगल की आग की घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें सबसे अधिक घटनाएं उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुईं।

विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र, जहां की भौगोलिक बनावट में तीव्र ढलान, कम नमी और चीड़ जैसे ज्वलनशील पेड़ अधिक पाए जाते हैं, यह क्षेत्र जंगल की आग के लिए अत्यंत संवेदनशील है। इन क्षेत्रों में जल स्रोतों गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सतलुज जैसी नदियों का उद्गम होता है, जिन पर करोड़ों लोगों की जल आपूर्ति निर्भर है। ऐसे में, इन क्षेत्रों में जंगलों में लगने वाली आग का जल गुणवत्ता पर पड़ने वाला प्रभाव सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए चिंता का विषय बन जाता है। हिमालयी क्षेत्रों में एक बार यदि जल प्रदूषण की प्रक्रिया आरंभ हो जाए, तो वहां की तीव्र ढलानों और तेज बहाव वाली नदियों के कारण यह प्रदूषण तेजी से मैदानी क्षेत्रों तक फैल सकता है। इससे केवल एक क्षेत्र विशेष नहीं, बल्कि सम्पूर्ण गंगा घाटी जैसे विस्तृत क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का स्पष्ट मानना है कि जंगल की आग की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा कारण वैश्विक तापमान में हो रही लगातार वृद्धि है। वर्ष 2024 में ही जंगल की आग ने वैश्विक स्तर पर 40 करोड़ हेक्टेयर भूमि को प्रभावित किया और 6.5 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया, जो अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। शोधों में यह भी स्पष्ट हुआ है कि जंगल की 95 फीसदी आग मानवजनित होती है। ये आग कभी जंगलों में लापरवाही से फेंकी गई बीड़ी से, कभी ट्रेनों से निकली चिंगारी से, तो कभी पेड़ों की सूखी शाखाओं के आपसी घर्षण से शुरू होती है। वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, कोयले-तेल-गैस का अत्यधिक उपयोग, वनों की अवैध कटाई और वन क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप इन आगजनी की घटनाओं को और अधिक घातक बना देते हैं। विगत वर्षों में मानसून में अनियमितता, वर्षा की कमी और बढ़ती गर्मी ने जंगलों को अत्यधिक शुष्क बना दिया है, जिससे आग तेजी से फैलती है। पेड़ों की सूखी टहनियां, पत्तियां और चीड़ जैसे पेड़ आग को और भी अधिक भयावह बना देते हैं।

जंगलों की आग के बाद जल स्रोतों में घुलने वाले नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, रसायन और जैविक पदार्थों से जल की गुणवत्ता अत्यधिक खराब हो जाती है। इससे सबसे पहले प्रभावित होता है वहां का जलीय जीव समुदाय यथा मछलियाँ, कीट-पतंगे, काई, शैवाल आदि। यह पारिस्थितिक श्रृंखला को तोड़ देता है। साथ ही, मनुष्यों के लिए यह जल विषाणुजनित रोगों, त्वचा विकारों, पाचन संबंधी समस्याओं और यहां तक कि कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जल शुद्धिकरण की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, वहां इसका असर और भी अधिक होता है। इसके अलावा, जंगलों की आग से जो राख और जहरीले कण वायुमंडल में फैलते हैं, वे वायु प्रदूषण को चरम पर ले जाते हैं। ये कण वायुमंडल में लंबे समय तक रहते हैं और हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट लाते हैं। यह अस्थमा, फेफड़े की बीमारी और आंखों की जलन जैसे स्वास्थ्य संकट को जन्म देता है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए जंगल की आग और उसके कारण उत्पन्न जल प्रदूषण कई स्तरों पर चुनौतीपूर्ण हैं। जंगलों की निगरानी प्रणाली की कमजोरी, जंगलों के निकट रहने वाले समुदायों की जानकारी और भागीदारी की कमी के साथ-साथ जल स्रोतों की नियमित गुणवत्ता जांच का अभाव भी चिंतित करने वाला है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन के स्थानीय प्रभावों की अनदेखी, वन नीति और जल नीति में समन्वय की कमी भी चिंताजनक है। इस संकट का समाधान केवल एक विभाग या संस्था के बस की बात नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।

वन क्षेत्रों में आधुनिक अग्नि चेतावनी प्रणाली (ड्रोन, सैटेलाइट, थर्मल इमेजिंग) लागू की जाए। जंगलों की सफाई, सूखी टहनियों और पत्तियों को समय-समय पर हटाया जाए। ग्रामीणों और वनवासियों को आग से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए।

नदी, तालाब और झीलों के आस-पास बफर जोन विकसित किए जाएं। वर्षा के बाद जल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जाए। प्रदूषित जल स्रोतों की सफाई और पुनः शुद्धिकरण की व्यवस्था हो।

स्कूलों, पंचायतों और ग्राम स्तर पर आगजनी और जल प्रदूषण से जुड़ी जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

अध्यात्म

ईश्वर बहुत दयालु है



एक राजा का एक विशाल फलों का बगीचा था, उसमें तरह-तरह के फल होते थे और उस बगीचा की सारी देखरेख एक किसान अपने परिवार के साथ करता था। वह किसान हर दिन बगीचे के ताज़े फल लेकर राजा के राजमहल में जाता था।

एक दिन किसान ने पेड़ों पे देखा नारियल, अमरुद, बेर, और अंगूर पक कर तैयार हो रहे हैं, किसान सोचने लगा आज कौन सा फल महाराज को अर्पित करूँ। फिर उसे लगा अँगूर करने चाहिये, क्योंकि वो तैयार हैं। इसलिये उसने अंगूरों की टोकरी भर ली और राजा को देने चल पड़ा ! किसान राजमहल में पहुचा, राजा किसी दूसरे ख्याल में खोया हुआ था और नाराज भी लग रहा था। किसान रोज की तरह मीठे रसीले अंगूरों की टोकरी राजा के सामने रख दी और थोड़े दूर बैठ गया। अब राजा उसी ख्यालों-ख्यालों में टोकरी में से अंगूर उठाता एक खाता और एक खींच कर किसान के माथे पे निशाना साधकर फेंक देता।

राजा का अंगूर जब भी किसान के माथे या शरीर पर लगता था तो किसान कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। राजा फिर और जोर से अंगूर फेकता था, किसान फिर वही कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। थोड़ी देर बाद राजा को एहसास हुआ कि वो क्या कर रहा है और प्रत्युत्तर क्या आ रहा है, वो सम्भल कर बैठा। उसने किसान से कहा, मै तुझे बार-बार अंगूर मार रहा हूँ और ये अंगूर तुंम्हे लग भी रहे हैं, फिर भी तुम यह बार-बार क्यों कह रहे हो कि ईश्वर बड़ा दयालु है।

किसान ने नम्रता से बोला, महाराज, बागान में आज नारियल, बेर और अमरुद भी तैयार थे पर मुझे भान हुआ, क्यों न आज आपके लिये अंगूर ले चलूं। लाने को मैं अमरुद और बेर भी ला सकता था, पर मैं अंगूर लाया। यदि अंगूर की जगह नारियल, बेर या बड़े बड़े अमरुद रखे होते तो आज मेरा हाल क्या होता ? इसीलिए मैं कह रहा हूँ कि मेरे ईश्वर बड़ा दयालु है!! इसी प्रकार ईश्वर भी हमारी कई मुसीबतों को बहुत हल्का कर के हमें उबार लेता है।

क्या गलत था पुराना शैक्षणिक कैलेंडर ?

कुछ चर्चा इस बात पर भी की जानी चाहिए कि प्री - प्राइमरी , प्राइमरी तथा मिडिल कक्षाओं के बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने की पूर्व घोषणा कब पूरी की जाएगी ? आज नर्सरी से लेकर ऊपर के जी के बच्चों की पुस्तकों एवं कॉपियों का सेट 3000 या उससे अधिक में मिल रहा है। निजी पुस्तक प्रकाशकों द्वारा छपी गई पुस्तकों के माध्यम से पालकों को लूटने का ही काम किया जा रहा है। छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरी पुस्तकें एनसीईआरटी के द्वारा प्रकाशित कराकर इस लुट से बचाया जा सकता है। गौरतलब है कि एनसीईआरटी द्वारा छापी गई कक्षा पहली से आठवीं की पुस्तकें मात्र 400-500 रूपये में उपलब्ध हैं। इसी तरह हाई एवं हॉयर सेकेंडरी की पुस्तकें भी अधिक से अधिक 600 रुपयों तक आसानी से उपलब्ध हैं। शिक्षा को व्यवसाय नहीं सेवा के दायरे में ही रहने दिया जाए। इस हेतु केंद्र स्थित सरकार के साथ ही राज्य सरकारों को भी चिंता करनी चाहिए।

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

बहुत वर्षों से मेरे मन में एक अनसुलझा सवाल मुझको उलझाए हुए है। जब मैं अपनी स्कूली शिक्षा के दौर से गुजर रहा था। बड़ा सुकून महसूस किया करता था। 1 जुलाई से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हुआ करती थी। सितंबर माह में तिमाही परीक्षा, लगभग दिसंबर माह में छमाही परीक्षा और फिर मार्च के अंत तक या अप्रैल माह के प्रथम माह तक वार्षिक परीक्षा संपन्न की जाती थी। इस बीच खेलकूद की गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसे वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन कहा जाता था, भी संपन्न हुआ करते थे। सबसे बड़ी बात यह कि सारी गतिविधियां बिना किसी व्यवधान के ही जाया करती थीं। अप्रैल के अंतिम दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के उपरांत गर्मियों की छुट्टियां शुरू हुआ करती थीं।

इस बीच दीपावली का बड़ा पर्व भी हमेशा की तरह आया करता था। नवरात्र पर्व की अष्टमी तिथि या एक - दो दिन आगे - पीछे दीपावली की छुट्टी शुरू हो जाया करती थी। यह छुट्टियां लगातार लगभग 25 दिन चल करती थीं। पर्व का उत्साह सिर चढ़कर बोला करता था। बच्चे पूरी तरह गर्मी और सूर्य की तपन से राहत पाया करते थे। न जाने उक्त कैलेंडर में क्या कमी अथवा बड़ी त्रुटि कर्णधारों को नजर आई, कि उसे पूरी तरह बदल दिया गया ! अब भरी गर्मी में पूरे अप्रैल माह के अंत तक उन्हें अगली कक्षा की तैयारी में झोंका जाना शुरू कर दिया गया ! इतना ही नहीं मानसून के सक्रिय होने से पहले पुनः 15 जून से तपती दोपहरी में स्कूल की दहलीज पर पहुंचने का फरमान विद्वान शिक्षाविदों द्वारा दिया जाने लगा है !

आज मैं अनेक विद्वानों की नजर में बे-अक्ल कहा जाऊं तो मुझे कोई शिकवा - शिकायत नहीं है। केवल इतना जानना चाहता हूं कि पुराने शैक्षणिक सिस्टम और अत्याधुनिक, वर्तमान के कैलेंडर के बीच शिक्षा जगत के कर्णधारों ने क्या उल्लेखनीय प्रगति की ? क्या पहले के शिक्षाविदों ने जो वार्षिक शैक्षणिक गतिविधि को अपनाया था वह दूषित थी ? क्या उस वक्त शिक्षा ग्रहण करने वालों को आधी - अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा में बैठने विवश होना पड़ रहा था ? क्या परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर शिक्षार्थी नहीं दे पा रहा था। यदि इन प्रश्नों का उत्तर न में है तो फिर एक सु - व्यवस्थित समय - सारिणी को क्यों बदला गया ? दूसरी ओर यदि मेरे प्रश्नों का उत्तर हां में है तो यह बताया जाए कि नए कैलेंडर में बच्चों पर ज्यादा ध्यान दिया रहा है या फिर कहीं न कहीं इसे शिक्षा माफियाओं के स्वार्थ से तो नहीं जोड़ दिया गया है ? मैं आखिर क्यों इस तरह की तुलना में उलझ पड़ा हूं ? जहां तक मैं सोचता हूं इस वक्त के सिस्टम में बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया गया था, जो अब पूरी तरह विलुप्त दिख रहा है। नए शैक्षणिक कैलेंडरों बच्चों की छुट्टियां लगभग खत्म कर दी गई हैं ! मार्च माह के तीसरे सप्ताह तक परीक्षा में उलझे बच्चों को बमुश्किल एक सप्ताह का आराम मिल पाता है। 1 अप्रैल से पुनः 30 अप्रैल तक कक्षाएं लगाई जाती हैं ! आप यह जरूर कह सकते हैं कि 1 मई से 14 जून तक बच्चों को छुट्टी दी जा रही है। मैं इसे नहीं मानता ! कारण यह कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बड़ी चालाकी के साथ 'समर क्लासेज' के नाम पर बच्चों को बाहर जाने से रोक दिया जाता है ! नाना - नानी सहित दादा - दादी का प्यार पाने बच्चे तरसा दिए जा रहे हैं !



वह भी एक समय था जब बच्चे स्कूल की छुट्टियां शुरू होते ही मैदानों में पहुंचने लगते थे। शाम 4 बजे से हर शहर के खेल मैदान बच्चों के खेल जीवन और उनकी उन्मुक्त आवाजों से गूंज उठते थे। हॉकी से लेकर फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल के साथ ही अपनी चाहत के अनुसार बच्चे बेसबॉल के ग्राउंड में धमाचौकड़ी करते देखे जाते थे। आज की नवीन व्यवस्था ने छुट्टियों के गिने - चुने दिनों को भी चुनौती पूर्ण बनाते हुए बच्चों को कोचिंग कक्षाओं से जोड़ दिया है। कुछ इस तरह की स्थिति निर्मित की जा रही है कि बच्चों के साथ ही पालकों को भी ऐसा लगने लगा है कि यदि बच्चे खेल के मैदान में होंगे तो अपना भविष्य नहीं संवार पाएंगे ! 'कुल मिलाकर उस कहावत को साइन बताने का प्रयास सफल होता दिख रहा है जो कुछ इस तरह है - 'पढ़ोगे - लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे - कूदेगो तो बनोगे खराब ..।' मैं पूछना चाहता हूं आज से चार दशक पूर्व के उन लोगों से, जो या तो अब भी अपने सेवानिवृत्ति की प्रतीक्षा में कार्यरत हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, क्या आप लोगों ने भी उस सिस्टम में कोई त्रुटि पाई थी ? यदि नहीं तो अपने बच्चों के साथ अन्याय क्यों? बच्चों के स्वास्थ्य से लेकर सीमित पाठ्यक्रम के साथ भविष्य निर्माण का मजबूत आधार तय करने वाले बेहतरीन शैक्षणिक कैलेंडर को पुनः लागू करने सरकार के कान खड़े क्यों न किए जाएं ?

कुछ चर्चा इस बात पर भी की जानी चाहिए कि प्री - प्राइमरी , प्राइमरी तथा मिडिल कक्षाओं के बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने की पूर्व घोषणा कब पूरी की जाएगी ? आज नर्सरी से लेकर ऊपर के जी के बच्चों की पुस्तकों एवं कॉपियों का सेट 3000 या उससे अधिक में मिल रहा है। निजी पुस्तक प्रकाशकों द्वारा छपी गई पुस्तकों के माध्यम से पालकों को लूटने का ही काम किया जा रहा है। छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरी पुस्तकें एनसीईआरटी के द्वारा प्रकाशित कराकर इस लुट से बचाया जा सकता है। गौरतलब है कि एनसीईआरटी द्वारा छापी गई कक्षा पहली से आठवीं की पुस्तकें मात्र 400-500 रूपये में उपलब्ध हैं। इसी तरह हाई एवं हॉयर सेकेंडरी की पुस्तकें भी अधिक से अधिक 600 रुपयों तक आसानी से उपलब्ध हैं। शिक्षा को व्यवसाय नहीं सेवा के दायरे में ही रहने दिया जाए। इस हेतु केंद्र स्थित सरकार के साथ ही राज्य सरकारों को भी चिंता करनी चाहिए।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक सम्पर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे।

वृषभ

आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी।

मिथुन

दाम्पत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है।

कर्क

आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी।

सिंह

प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

कन्या

आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिससे तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में कोई निर्णय लेना उचित नहीं होगा।

तुला

व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिये। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं।

वृश्चिक

व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बाँट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे।

धनु

सन्तान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

मकर

पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

कुंभ

दिन की शुरुआत आपके लिये शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है।

मीन

कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे।

लूटकांड का आरोपित पैसे के साथ गिरफ्तार

24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया कैश बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। बखरी थाना क्षेत्र के मक्खाचक में दिनदहाड़े हुई छिनतई की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में छीने गए 60 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और संतोष देखा गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मक्खाचक निवासी मो. साबिर हुसैन के पुत्र मो. असलम स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया से 60 हजार रुपये की निकासी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मक्खाचक स्थित सम्राट अशोक भवन के समीप घात लगाए बदमाशों ने उनके हाथ से रुपये से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पीड़ित ने तुरंत बखरी थाना में आवेदन दिया। जिसके आधार पर थाना कांड संख्या 235/25 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुंदन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुडावगंज गांव निवासी प्रेम यादव के पुत्र विशाल कुमार के घर छापेमारी कर छीने गए 60 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। हालांकि आरोपी विशाल कुमार पुलिस की गिरफ्त में आने से पहले ही फरार होने में सफल रहा। पुलिस का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस की तत्परता और तकनीकी अनुसंधान की सराहना की जा रही है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता जरूर बढ़ी थी, लेकिन पुलिस की तेज कार्रवाई ने आमजनों को राहत प्रदान की है।

समारोहपूर्वक मनाई जायेगी दिनकर जयंती

राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी एवं राजनीतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। 117वीं दिनकर जयंती समारोहपूर्वक मनाने को लेकर रविवार को राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति विकास समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक हुई।
बरौनी प्रखंड के दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के मुचकुंद वाचनालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा एवं संचालन वरीय सदस्य राजेश कुमार सिंह ने किया। समिति के सदस्यों ने आगामी सितंबर माह में आयोजित होने वाले 'दिनकर' जयंती को पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। दिनकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालयी कार्यक्रम के साथ-साथ 23 एवं 24 सितंबर 2025 को दो दिवसीय राजकीय एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। साहित्यिक आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय

कवि सम्मेलन का होगा आयोजन

संगोष्ठी एवं विराट 'कवि सम्मेलन' के अलावे कई सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रकवि दिनकर सृजनात्मक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता परीक्षा मध्य एवं माध्यमिक स्तर पर अगस्त माह में आयोजित किया जाएगा जिसमें कई प्रखंड के बच्चे शामिल होंगे। चयनित प्रतिभागियों को जयंती के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही एक स्मारिका समर शेष है...13 का प्रकाशन किया जाएगा। विभिन्न आयोजनों को संपन्न कराने के लिए संयोजक बनाया गया है। साहित्यिक आयोजन के लिए रामनाथ सिंह, राजनीतिक कार्यक्रम के लिए अमरदीप सुमन को संयोजक बनाया गया। स्मारिका प्रकाशन का दायित्व राजेश कुमार सिंह एवं प्रवीण प्रियदर्शी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। आर्थिक सहयोग के लिए ष्ण कुमार शर्मा एवं कृष्णनंदन सिंह पिंकू के नेतृत्व में एक उपसमिति गठित की गई। विद्यालयी कार्यक्रम के लिए लक्ष्मणदेव कुमार एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता परीक्षा के संचालन के लिए संयोजक के तौर पर विनोद बिहारी को मनोनीत किया गया। वहीं परीक्षा संपन्न कराने के लिए एक कोर कमिटी गठित की गई है। बैठक में दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, सचिव संजीव फिरोज, राजेन्द्र राय नेताजी, लक्ष्मणदेव कुमार, अमरदीप सुमन, जितेन्द्र झा, ष्णनंदन सिंह पिंकू, दिनकर स्मृति विकास समिति के सचिव प्रदीप कुमार, रामनाथ सिंह, ए के मनीष, विष्णुदेव सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

एक नजर

हत्या मामले में पति समेत चार पर प्राथमिकी

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में एक नव विवाहिता की हुई हत्या मामले में वीरपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिकी खगड़िया जिला के चौथम थाना क्षेत्र के हरदिया गांव के वार्ड संख्या आठ निवासी मृतका के भाई रूपेश कुमार के द्वारा दर्ज कराई गई है। इसमें पति प्रिंस पासवान, भैसूर रौशन पासवान, ससुर उमाशंकर पासवान, सास रेणु देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई है।आरोप लगा है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोगों ने मेरी बहन जोसनी कुमारी की हत्या कर दी। मृतका के भाई ने बताया कि नवंबर 2024 में मेरी बहन की शादी प्रिंस पासवान भवानंदपुर के साथ हुई थी। इसमें 2 लाख नगद दो भर सोना व एक पल्सर बाइक दी गई थी। उसके बाद भी उसके पति द्वारा 50000 की और मांग की जा रही थी। शनिवार को मृत अवस्था में ही मेरी बहन को छोड़कर ससुराल वाले बेगूसराय के एक निजी अस्पताल से फरार हो गये। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

30 सितम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन

बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बरौनी प्रखंड स्थित शहीद नीरज स्मृति सभा भवन में तेघड़ा, बेगूसराय एवं मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक की गई।अध्यक्षता डीसीएलआर अभिषेक राज ने किया। इस दौरान सभी बीएलओ को हाउस टू हाउस जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ अनिल कुमार एवं तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि सभी मतदाता को तीन श्रेणी में बांटा गया है। सभी बीएलओ को हाउस टू हाउस जाकर आंशिक भरा गणना प्रपत्र दो प्रति में मतदाता को देंगे। प्रत्येक मतदाता के घर पर गणना प्रपत्र देने एवं प्राप्त के ऊपर एक एक स्टीकर भी चिपकाया जाए। सभी मतदाता को स्व. घोषणा पत्र एवं दस्तावेज अनिवार्य से बीएलओ को देना है। उन्होंने बताया कि एक अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा। वहीं एक अगस्त से एक सितंबर तक दावा आपत्ति कार्य होगा। 25 सितंबर तक दावा आपत्ति का निष्पादन होगा। इसके साथ ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितंबर को होगा।

अधेड़ का शव बरामद

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरैपूरा के एक महादलित अधेड़ पुरूष का शव बरामद्गी मामले में यूडी केस दर्ज किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पिछले दिनों शुक्रवार की शाम वीरपुर थाना क्षेत्र के बरैपूरा के बलान नदी के कामिन घाट से एक अधेड़ की क्षत विक्षत सड़ी गली लाश बरामद होने की सूचना मिली थी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शव बरैपूरा वार्ड संख्या एक निवासी 48 वर्षीय चंदु सदा का है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि वे 10-12 दिनों से लापता थे। काफी खोजबीन भी की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अधेड़ की लापता होने की जानकारी परिजनों के द्वारा पुलिस को नहीं दी गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय चौकीदार के लिखित बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सर्वेक्षण को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड मनरेगा सभा भवन में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सत्यापन को लेकर छेत्र के रोसड़ा और वारिसनगर विधानसभा छेत्र के बीएलओ के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदधिकारी आलोक कुमार सिंह ने करते हुए उपस्थित बीएलओ को भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने को कहा गया। साथ ही विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र भी मतदाताओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड विकास पदधिकारी आलोक कुमार सिंह ने सभी बीएलओ को निर्धारित तिथि के अंदर ही शत प्रतिशत मतदाता का सत्यापन कार्य पूरा करने को कहा। मौके पर अंचलाधिकारी वीणा भारती, सीडीपीओ प्रियंका सहित सभी बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन

जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर में चौबेपुर प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि क्रिकेट हमारे क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का एक शानदार मंच है, और मैं इस लीग के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं। इससे पहले आयोजकों ने राजीव रंजन को फूल मालाओं और अंग वस्त्र देखकर सम्मानित व स्वागत किया। इस मौके पर राजद नेता हबीब वारसी, मोहम्मद साबिर, गुडडू, उमेश यादव, रंजन यादव, रजनीश यादव सहित अन्य थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक

जगदीशपुर/भोजपुर अ(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। रविवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बैठक। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफल संचालन हेतु एक समीक्षा सह प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जगदीशपुर ने की। बैठक में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) सहित मतदान केंद्र स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्वाचक सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम विलोपन एवं सूची में त्रुटियों के सुधार जैसे कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से निष्पादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों को गणना प्रपत्र भी वितरित किया गया।

बेहतर पुलिसिंग को लेकर डीआइजी ने दिए निर्देश



बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें पुलिस नियंत्रण कक्ष तथा डायल 112 नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। दोनों नियंत्रण कक्षों का उपयोग कर त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्यवाही हेतु सूचनाओं का त्वरित गति से प्रेषण करने, पुलिस गश्ती वाहनों तथा डायल 112 वाहनों के द्वारा की जा रही कार्यवाही की मनिटरिंग करने तथा सभी पदाधिकारियों को त्वरित गति से सूचना देने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस कार्यों में वायरलेस के माध्यम से त्वरित गति से सूचनाओं का आदान प्रदान करने हेतु वायरलेस का उपयोग बढ़ाने हेतु निर्देश दिया। विशेष कर यातायात व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात को निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

सनदिया में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड व नामांकन के लिए छात्रों को किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। नव जागरण संघ पुरस्कार वितरण समिति छोटकी सनदिया आरा भोजपुर के द्वारा कार्यक्रम में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत मैट्रिक-इंटर एवं स्नातक पास छात्र-छात्रा के लिए शिक्षा समागम सह नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्षता सनदिया के मुखिया हरेंद्र प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, पॉलिटेकनिक, बीबीए, बीसीए, बीएससी, कृषि, जीएनएम, फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, होस्पिटल मैनेजमेंट, एमबीए, एमसीए समेत अन्य छात्र शामिल हुए थे। मौजूद छात्र-छात्रा व अभिभावक से इन विषयों पर विस्तार से बातचीत किया गया। मौजूद संबंधित विभागों के एक्सपर्ट द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर नव जागरण संघ पुरस्कार वितरण समिति के अध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर हरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष कराया जाएगा। लोगों से अपील किया कि आने वाला वर्ष में आर्थिक स्थिति रूप से कमजोर अभिभावक एवं बच्चें इस योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष रूप से ध्यान दें। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता सह संचालन मुखिया हरेंद्र प्रसाद यादव ने किया। इस मौके पर आए हुए एक्सपर्ट अतिथियों का मोमेंटो और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ अखिलेश कुमार सुमन, राजेश कुमार जी (चेयरमैन सीत्योग ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन औरंगाबाद), डॉ निर्भय (आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, मेरठ) सूरज जी (पीपी सावनी यूनिवर्सिटी सूरत गुजरात), गौरव कुमार (क्लासलिंघम युनिवर्सिटी मदुरई तमिलनाडु), अमन जी (आईआईएमटी ग्रुप ग्रेटर नोएडा) मौजूद थे। सहयोग में पप्पू यादव, रौशन कुमार, ब्रजेश कुमार यादव, बिंकु यादव, सोनू कुमार, पूर्व सरपंच विष्णु यादव, नूर आलम उपस्थित थे।

समाज के सभी वर्गों का सीएम ने किया विकास : रीना चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



तेघड़ा। तेघड़ा विधानसभा के गौड़ा पंचायत में पंचायत अध्यक्ष रिक्की कुमार एवं बरौनी नगर परिषद वार्ड 6 के अध्यक्ष नीरज पटेल की अध्यक्षता में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। संचालन तेघड़ा प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार ने किया। बूथस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने कहा कि तेघड़ा विधानसभा में इसबार एनडीए का झंडा बुलंद होगा। पांच वर्षों में तेघड़ा विधानसभा में महागठबंधन के लोगो ने दलित शोषित पीड़ित के लाश पर राजनीति किया। इसके हक और हुकूक की मांग कभी भी विधानसभा में नही उठाया। न ही इसके विकास के लिए कोई रूप रेखा तैयार किया है। इसबार अतिपिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मन बनाये हुये है कि महागठबंधन को इसबार विधानसभा में उखाड़ फेकेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास किया है। प्रदेश सचिव रीना चौधरी ने कहा दलित शोषित पीड़ित की आवाज बनकर इस समाज का राजनीतिक विकास, समाजिक विकास, शैक्षणिक विकास किया है। उन्होंने बोले की बेटियां 2005 से पहले घर से बाहर नहीं निकलती थी। अब बेटियां हर क्षेत्र में नौकरी कर रही है। प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वृद्धा पेंशन की राशि चार सौ रुपये से बढ़ाकर एगारह सौ रुपये महीना किया है। प्रत्येक पंचायत में कन्या विवाह का निर्माण कर पंचायत की गरीब वर्ग के लोगो का मनोबल बढ़ाया है। समाजसेवी सह जदयू नेता हेमंत शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी और सरकार में सभी समाज और धर्म के लोगो को हिस्सेदारी दिया। बिहार पहला राज्य है जहां महिला को पंचायत एवं नगर निकाय में पचास प्रतिशत आरक्षण दिया। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। मीडिया सेल जिला अध्यक्ष मोनू पटेल ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को आरक्षण, जीविका का गठन, समाज सुधार अभियान, न्याय के साथ विकास, मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए और सब धर्म, जाति के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य किये।जदयू जिला प्रवक्ता अरुण कुमार महतो ने कहा रोजगार का मतलब नीतीश सरकार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बादा किया था 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वह अब 10 लाख की जगह 12 लाख सरकारी नौकरी दिए है और 38 लाख लोगों को रोजगार देने का काम किये है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सचिव रीना चौधरी, पूर्व मुखिया हेमंत शर्मा, मिडियासेल जिलाध्यक्ष मोनू पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष पंकज कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष अभिनाश कुमार, सन्नी मेहता, कुंदन कुमार, छोटू शर्मा, राजीव कुमार, पंकज कुमार, राजू मेहता, राजेश चौधरी, अरूण कुमार, प्रधान राय कुमार सौरभ, अंकित वर्मा, प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

हर लड़की भर सकती है अपने सपनों की उड़ान : परियोजना प्रमुख

एनटीपीसी बरौनी परियोजना : बालिका सशक्तिकरण मिशन 2025 का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बरौनी। एनटीपीसी बरौनी परियोजना द्वारा बालिका सशक्तिकरण मिशन-2025 के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुई। इस अवसर पर प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। बालिका सशक्तिकरण केंद्रित इस कार्यक्रम का आयोजन 3 जून से 28 जून तक किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के तीन सरकारी विद्यालयों (यू.एम.एस. कसहा, जी.एम.एस. बिहट तथा यू.एम.एस. चकबल्ली) की 25 बालिकाओं को टाउनशिप परिसर में रहकर पढ़ने और सीखने का अवसर मिला। चार सप्ताह तक चले इस आवासीय कार्यक्रम में बालिकाओं को औपचारिक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग प्रशिक्षण, खेलकूद आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इन विषयों पर बालिकाओं के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाओं के अंतर्गत स्वस्थ एवं स्वच्छ भोजन, वस्त्र, पठन-पाठन सामग्री, अच्छे स्पर्श एवं बुरे स्पर्श पर मार्गदर्शन, स्वच्छता, कंप्यूटर शिक्षा तथा समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। 'सपनों की उड़ान टैगलाइन के साथ जैम कार्यक्रम का उद्देश्य इन युवा लड़कियों के विचारों को पंख देना है ताकि वे समग्र रूप में विकसित हो सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे उत्साही लीडर तैयार करना भी है जो अपने साथियों के समूह में दूसरों को प्रदर्शन करने और समाज की बेहतरी में योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने कहा कि हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं। हम सब मिलकर ऐसी दुनिया बना सकते हैं, जहां हर लड़की अपने सपनों की उड़ान भर सके। उन्होंने जीईएम कार्यक्रम के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया और यह भी कहा कि कंपनी सर्वोत्तम विद्युत उत्पादक होने के साथ-साथ अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति भी सजग है। यह मिशन एक अनवरत यात्रा है। क्योंकि यह केवल एक कार्यक्रम का समापन नहीं, बल्कि इन युवा लड़कियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कार्यक्रम में लड़कियों द्वारा विभिन्न सांस्तिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिनमें अभियान के दौरान सीखे गए उनके कौशल का प्रदर्शन किया गया। चार सप्ताह की गतिविधियों पर प्रकाश डालने वाली एक लघु फिल्म भी दर्शकों को दिखाई गई। समापन समारोह के दौरान, लड़कियों ने नृत्य, कविता और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शकों में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने बालिकाओं में आए सकारात्मक विकास की सराहना की। कुछ अभिभावक तो इस परिवर्तन को देखकर अचंभित रह गए। बालिकाओं के माता-पिता और अभिभावकों ने इस अभियान को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। बच्चों, शिक्षकों और संबंधित एनटीपीसी अधिकारियों के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव भी देखा गया। कार्यशालाओं में भागीदारी और उपलब्धियों के लिए छात्राओं को प्रमाणपत्र और स्मृति-चिह्न वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख जयदीप घोष, ओएंडएम महाप्रबंधक अनिल कुमार त्रिपाठी, मानव संसाधन प्रमुख सरोज कुमार, प्रेसिडेंट मैत्री लेडीज क्लब डोलन चंपा घोष, वरिष्ठ अधिकारीगण, स्कूल प्रिंसिपल, एसोसिएशन के पदाधिकारी, कर्मचारी, लड़कियों के माता-पिता एवं परिवारजन शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी सुनहरी यादें और चेहरे पर मुस्कान लिए विदा हुए।

किसानों के बीच बोनस का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मंझौल। सर्वोदय कमला महिला दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड, मंझौल के वित्तीय वर्ष 2019 से 2022 तक के तीन वित्तीय वर्षों का बोनस वितरण समारोह का आयोजन समिति स्थल कमला कुटीर में किया गया। पथ 17 के प्रभारी रामनाथ के संयोजकत्व में आयोजित इस समारोह में विशेष तौर पर उपस्थित पथ 11 के प्रभारी द्वय जीवछ यादव और अशोक झा के अलावे इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता शकील अंदाज सहित सभी आगत अतिथियों का समिति के निर्वाचित प्रतिनिधियों के द्वारा मिथिला के परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र एवम् पुष्प गुच्छ समर्पित कर सम्मानित किया गया। तदोपरान्त इस बोनस वितरण के कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों ने सर्वप्रथम बिहार सरकार और बरौनी डेयरी द्वारा किसानों के हित में विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में उपस्थित दुग्ध उत्पादक सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया। पथ प्रभारी रामनाथ ने बताया कि यह समिति पथ संख्या 17 का 'अ' वर्गीकरण प्राप्त समिति है और आज तीन वित्तीय वर्षों के बोनस के अलावे 2018-2020 तक दो वर्षों का संघ बोनस और 2016-2021 तक चार वर्षों का दुग्ध मूल्यांतरण की राशि का वितरण कुल 181 किसानों के बीच 2,17,462,64 पैसा किया जा रहा है। किसानों को इसके अलावे एल्युमिनियम की बाल्टी और मिठाई का भी वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता शकील अंदाज ने आज के समय में बरौनी डेयरी और अन्य प्राइवेट डेयरियों में तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से सारगर्भित संदेश से किसानों का खघस ध्यान आकृष्ट किया। पथ प्रभारी जीवछ यादव और अशोक झा ने भी अपनी अभिव्यक्ति से किसानों को पशुपालन के महत्व और उसके लाभ के संबंध में जानकारी दिया गया। समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष मीना देवी ने बताया कि कतिपय कारणों से बोनस वितरण में बिलंब के स्थिति में समिति के निबंधित 70 किसानों के बीच छठ पर्व के अवसर पर एवम् बकरीद पर्व में 06 किसानों के बीच साडी का वितरण किया जा चुका है।

चरित्र निर्माण में खेलकूद की अहम भूमिका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी (बेगूसराय)। युवाओं के चरित्र निर्माण में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेलों से जहां शारीरिक स्वास्थ्य दृढ़ होता है वहीं खेल स्वस्थ मनोरंजन का भी एक साधन है। उक्त बाते बखरी थाना के सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बखरी में चल रहे खेलो बखरी प्रतियोगिता के दौरान कही। प्रतियोगिता के चौथे दिन चार सौ एवं सौ मीटर की फाइनल राउंड दौड़ प्रतियोगिता हुई, जिसमें स्कूली बच्चों ने दमखम दिखाया। उच्च विद्यालय, शकरपुरा में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नगर उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मनीष कुमार सहित अन्य अतिथियों कहा कि छात्रों की सकारात्मक ऊर्जा को खेल के माध्यम से विकसित करने का कार्य विद्यार्थी परिषद कर रही है। खेलों में भाग लेने से व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। किसी भी खेल में सफलता प्राप्त करना व्यक्ति को अपने ऊपर भरोसा करना सिखाता है। हार-जीत का अनुभव व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। नगर मंत्री रविन्द्र कुमार ने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव के कारण आज हम अपने पारंपरिक खेल से दूर होते जा रहे हैं। बच्चों में शारीरिक खेलों की कमी और सामाजिक गतिविधियों से दूरी इनके प्रमुख दुष्प्रभाव हैं। खेलो बखरी प्रतियोगिता खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम संयोजक दिलखुश कुमार ने कहा कि फाइनल राउंड की दौड़ प्रतियोगिता में चार सौ मीटर की दौड़ में ग्रुप ए से प्रथम स्थान अभिलाषा, द्वितीय शिवानी, तृतीय पूनम, छात्रों में हसन, राजा, सुदामा क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। उसी प्रकार ग्रुप बी से मीठी, कोमल, पूजा, विक्रम, सचिन, रौशन पहले तीन स्थान पर रहे। जबकि सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोशनी, द्वितीय रूचि, तृतीय रौशनी रानी ने प्राप्त किया। छात्रों में दीपांशु प्रथम, मिथुन द्वितीय व राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रिंस सिंह परमार, विकास सहनी, पुष्पम कुमार, अंशु कुमार, मणिरत्नम, बिट्टू, अनिल, दीपक, सूरज, सुमित, अंकित, मिथुन, विशाल, बलराम, अमरेश शंकर सहित दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी सीनियर हैंडबॉल टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। जिले की सीनियर बालिका हैंडबल टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है। प्रतियोगिता 28 से 30 जून तक मधेपुरा जिला के घेलाढ़ प्रखंड स्थित आदर्श महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित हो रही है। यह दूसरी बिहार राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबल चौंपियनशिप है। बेगूसराय टीम का चयन हैंडबल दिवस के अवसर पर 23 जून को फर्टिलाइजर स्थित हैंडबल मैदान में किया गया। हैंडबल एसोसिएशन ऑफ बेगूसराय के तत्वाधान में आयोजित इस प्रक्रिया में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसका कैंप 23 जून से लगातार 26 जून तक चला। कैंप के दौरान 12 बालिकाओं को अंतिम टीम में शामिल किया गया। बानी कुमारी, सिद्धि कुमारी आईओसी, डीएवी, सिमरन कुमारी, रविशा कुमारी टाउनशिप टीम नंदनी कुमारी, सृष्टि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ज्योति कुमारी, निधि कुमारी, मध्य विद्यालय बीहट, अग्रिमा सिंह बरौनी, अंशु कुमारी, माही कुमारी, संत जूड'एस पब्लिक स्कूल, टीम का कप्तान अग्रिम सिंह एवं उप कप्तान सिमरन कुमारी को बनाया गया है। जबकि मौसम कुमारी को टीम मैनेजर एवं शिवम कुमार को टीम कोच की जिम्मेदारी दी गई है। बरौनी रेलवे स्टेशन से रवाना होते समय हैंडबल एसोसिएशन ऑफ बेगूसराय के सचिव, संयुक्त सचिव एवं अन्य सदस्य ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं जीत की अग्रिम बधाई दी।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इमामबाड़े में की जियारत, अमन-शांति की मांगी दुआ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। मुहर्रम के तीसरे दिन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने काको प्रखंड के अलीनगर पाली स्थित ऐतिहासिक इमामबाड़े में पहुंचकर जियारत की। इस अवसर पर उन्होंने शमा रौशन कर देश-दुनिया में अमन, भाईचारा और इंसाफ के लिए दुआ की।

राज्यपाल के साथ ज़िला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार और स्थानीय समाजसेवी सैयद सलमान हुसैन भी उपस्थित रहे।

ज़ियारत के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कर्बला केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि न्याय, सत्य और मानवता का संदेश है। इमाम हुसैन ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ जो बलिदान दिया, वह आज भी हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जनाबे अली अकबर की कुर्बानी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इतिहास गवाह है कि एक 18 वर्षीय बेटे ने भी सत्य की राह में अपने प्राण न्योछावर कर दिए।



कर्बला केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि न्याय, सत्य और मानवता का संदेश

इससे पूर्व राज्यपाल ने सैयद सलमान हुसैन के निवास पर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की, जहां सलमान हुसैन ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

राज्यपाल के आगमन को लेकर अलीनगर पाली और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। जिला प्रशासन व पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहा और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

मुहर्रम को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजिग की गई। बैठक में थाना अध्यक्ष द्वारा सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का हर हाल में पालन करने को लेकर लोगों से आग्रह किया। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की मुहर्रम पर्व में डीजे पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही उन्होंने बताया कि अखाड़ा समिति के लोगों को बिना लाइसेंस लिए अखाड़ा निकालने का अनुमति नहीं दिया जाएगा, यदि किसी अखाड़ा समिति के लोग बिना लाइसेंस लिए अखाड़ा निकलते हैं तो उनके विरुद्ध विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही उन्होंने बताया कि लाइसेंस पर निर्धारित रूट चार्ट पर ही अखाड़ा लेकर चलना होगा एवं सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घर-घर दस्तक दे रहा है चुनाव आयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। पूरे बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 का विधिवत शुभारंभ किया गया। जहानाबाद जिले में जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का जोरदार आगाज किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और हर मतदाता को सशक्त एवं जागरूक बनाया जाए। इसी क्रम में रविवार को 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर पंचायत की बूथ संख्या 113,114 और काजीसराय में अवस्थित बूथ संख्या 64, 65, 67 में व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें जीविका की सैकड़ों दीदियां उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, नारी शक्ति की हुंकार और जन-संवाद की ऊष्मा के साथ दीदियों ने घर-घर जाकर सभी नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने एवं अद्यतन कराने के लिए प्रेरित किया। जीविका दीदियों की यह यात्रा न केवल पंचायत भवनों तक सीमित रही, बल्कि बाजारों, चौक-चौराहों और गलियों में भी जागरूकता का उत्सव बन गई। प्रत्येक घर को कवर करते हुए दीदियों ने मतदान के महत्व का संदेश दिया, और आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस दौरान जीविका दीदियों को मतदाता नामांकन फॉर्म भरने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, पात्रता की शर्तें और प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया गया। जिला स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी शिल्पी आनंद ने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप सभी महिलाओं ने सामाजिक व आर्थिक बदलाव में बिहार को देशभर में गौरवान्वित किया है, उसी तरह लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में भी आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप हर घर से जुड़ी हुई हैं, इसीलिए आपकी भागीदारी से मतदाता जागरूकता को नई ऊंचाई मिलेगी।

प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट मैच आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर में चौबेपुर प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि क्रिकेट हमारे क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का एक शानदार मंच है और मैं इस लीग के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं। इससे पहले आयोजकों ने राजीव रंजन को फूल मालाओं और अंग वस्त्र देखकर सम्मानित व स्वागत किया। इस मौके पर राजद नेता हबीब वारसी, मोहम्मद साबिर, गुडडू, उमेश यादव, रंजन यादव, रजनीश यादव सहित अन्य थे।

गर्भी नाला का तटबंध टूट जाने से दर्जनों गांव में धान की खेती पर ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। धान की रोपाई का समय अब जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहा है हुलासगंज प्रखंड के दर्जनों गांवों के किसानों को गर्भी नाला के टूटे तटबंध की चिंता सताने लगी है। पिछले पांच सालों से तटबंध की मरम्मती न होने का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उदेरास्थान बराज से निकले तेल्हाडा एवं भारथू शाखा नहर के बीचों- बीच समानांतर गर्भी नाला जो हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों के लिये संजीवनी साबित होती है तथा हजारों एकड़ जमीन में न केवल धान की फसल बल्कि गेंहू के फसल में भी काफी हद तक सिंचाई होती है। लेकिन अनेक जगहों पर दो वर्ष पूर्व तटबंध के क्षतिग्रस्त हो जाने से धान



के फसल में सिंचाई तो दूर समतल खेतों में कटाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। अभी तक विभाग द्वारा इसे दुरुस्त करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। बताया जाता है कि सिंचाई विभाग से इस नाले की उड़ाही एवं दोनों ओर तटबंधों को 15 वर्ष पूर्व दुरूस्त किया गया था लेकिन कालांतर में रखरखाव पर ध्यान नहीं दिये जाने से पानी के दबाव के कारण कई जगहों पर नाला का तटबंध टूट गया है जिससे अगल बगल के खेतों में कटाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जैसा कि ज्ञात हो गर्भी नाले का उद्भव बीरा गांव के बधार से हुआ है। उदेरास्थान बराज से निकली पुरब में तेलहाडा शाखा एवं पश्चिम में भारथू शाखा नहर के बीचोंबीच सामानांतर हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र में लगभग चौदह किलोमीटर दूरी में नाला का बहाव क्षेत्र है। इसके दोनों ओर हजारों एकड़ जमीन के लिए सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था का यह साधन है। इसमें भारथू एवं तेल्हाडा शाखा नहर का अधिशेष पानी खेतों में सिंचाई के बाद गिरता है। बताया गया कि पानी की अधिकता के कारण इसमें पानी नहरों से अधिक होता है। जल बहाव के तेज गति के कारण इस नाले को पार करना काफी मुश्किल होता है। सिंचाई के लिहाज से इसमें स्लूईस गेट की व्यवस्था है जिससे पानी को रोककर आउटलेटों के माध्यम से पानी से न केवल उपरी भागों में सिंचाई होती है बल्कि आपात स्थिति में पानी संचित भी किया जाता है। गर्भी नाला सुल्तानपुर, वलीपुर, मोकिमपुर, मिर्जापुर, भगवानपुर एवं कोकरसा गांव के किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। भाजपा नगर मंडल की बैठक मखदुमपुर बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सोहन प्रसाद काकू के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया एवं उनकी आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। नेताओं ने प्रत्येक बूथों को मजबूत करने की बात कही। मौके पर जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी उर्फ गुड्डू शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, विवेक कुमार, माधुरी कुमारी, अजीत कुमार, संजय कुमार राय, सुरेंद्र यादव, रिंकी देवी, चंदन कुमार, नागेंद्र शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर

बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित

मोतिहारी। भाजपा मोतिहारी विधानसभा अंतर्गत लखौरा, पिपराकोठी एवं ढेकहाँ मंडल की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला रविवार को चंद्रहिया स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता पूर्व मुखिया उपेंद्र चौधरी ने की, जबकि संचालन विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने किया। नगर विधायक प्रमोद कुमार ने बूथ जीता, चुनाव जीता का मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिला महामंत्री मार्तंड नारायण सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)। राजपुर पंचायत के बहुआरा हरिवंश गांव निवासी इकरामुल हक के 31 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शाहिद की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने छोटे भाई के साथ पुणे जाने के लिए दरभंगा फ्लाइट पकड़ने निकले थे कि मुजफ्फरपुर में अज्ञात पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। शाहिद पुणे की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत थे। जून माह में उनकी शादी प्रस्तावित थी। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक परिवार का आर्थिक आधार था।

सांप के काटने से युवक की मौत

पहाड़पुर (पूर्वी चंपारण)। शनिवार को खपड़ैल घर में सोते वक्त जहरीले सांप के काटने से नरेश पांडेय (42 वर्ष) की मृत्यु हो गई। पीड़ित ने खुद साइकिल से अस्पताल पहुंचने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बेटियों को छोड़ गए हैं। गांव में शोक का माहौल है।

भूमाफिया ने किया आत्मसमर्पण

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। हरैया थाना क्षेत्र के चर्चित 20 लाख की रंगदारी व जबरन भूमि कब्जा मामले में फरार चल रहे चार भूमाफिया आरोपियों– सोनू कुमार सिंह, मनु कुमार सिंह, बीरेंद्र सिंह एवं पवन यादव ने पुलिस के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि एसआईटी टीम की कार्रवाई के कारण यह सफलता मिली। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

14 शराबी गिरफ्तार

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। मध निषेध टीम ने अभियान चलाकर 14 शराबियों को गिरफ्तार किया। नेपाल सीमा से सटे विभिन्न चेक प्वाइंट्स पर घात लगाकर की गई कार्रवाई में 24 घंटे के भीतर ये गिरफ्तारियां हुईं। सभी को ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद हिरासत में लिया गया और न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया।

कट्टा के साथ गिरफ्तार

चकिया (पूर्वी चंपारण)। पुलिस ने बांसघाट बाजार के पास मलिक गाछी से एक युवक दीपक कुमार को देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त शराब कारोबार, फरार वारंटी व अन्य मामलों में 10 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि कुल 105 लीटर देशी शराब भी बरामद की गई है। सभी आरोपितों को मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

ट्रैक्टर चोरी, प्राथमिकी

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। घोड़ासहन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनहिया स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के निकट से अज्ञात चोरों ने एक ट्रैक्टर की चोरी कर ली। ट्रैक्टर चिरैया थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव निवासी विजय बैठा का बताया जा रहा है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR05GC 5573 है। इस संबंध में विजय बैठा ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में एक स्थानीय युवक पर शक जाहिर किया गया है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में कांड दर्ज कर लिया गया है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

चकिया वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष बने संदीप

चकिया। स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में नगर परिषद के वार्ड पार्षदों की बैठक सुनील सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से चकिया पार्षद संघ का गठन किया गया तथा सर्वसम्मति से वार्ड पार्षद संदीप कुमार को अध्यक्ष व रौशन ओझा को उपाध्यक्ष तथा मनोहर कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में शामिल वार्ड पार्षदों ने कहा कि संघ बनने से हम लोग मजबूत होंगे। हम लोगों के अलग रहने का फायदा अधिकारी व अन्य लोग उठा रहे थे। संघ का प्रयास रहेगा नगर परिषद के अंदर ज्यादा से ज्यादा विकास हो। एकता में बहुत बल है सहित अन्य बात कही। बैठक में वार्ड पार्षद मुन्नी देवी, ज्योती देवी, अनीता देवी, ममता देवी, गीता देवी, आरती कुमारी, चंदा देवी, रामकली देवी, पिंकी देवी, बबीता देवी, मोसरता प्रवीण, हेना जमील,रजिया खातून,पार्वती देवी, सुनील कुमार ठाकुर, दीनानाथ साह, विलटू राम, मो शौकत, मनीष कुमार, प्रकाश कुमार दास, विशाल कुमार तथा प्रवीण सम्राट,राजन कुमार, शंभू साह, सिकन्दर प्रसाद, चंदन सिंह, राजू, फिरदौस, गुलाम रब्बानी, सराफत अली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विवाहिता प्रेमी के साथ फरार

पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक विवाहिता नकदी और जेवरात लेकर आंधी रात को प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस बाबत पीड़ित पति अभिषेक कुमार राम ने थाने में पत्नी के प्रेमी चकिया के मनीष कुमार और उसकी मां को आरोपित करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि घर में रखे नकद व जेवर संभाल कर प्रेमी को फोन कर बुलाया। और उसके साथ नई जीवन का ख्वाब सजाने को भाग निकली। आवेदन में बताया है कि छानबीन करने पर पता चला कि चकिया का एक युवक उसे भागा ले गया है। इस बाबत महिला के पति अभिषेक कुमार राम के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें उसने चकिया के रामेश्वर साह के पुत्र मनीष कुमार व उसकी मां शर्मिला देवी को आरोपित किया है। आरोपित की मां चकिया पावर हाउस के समीप चाय की दुकान चलाती है।

वृक्ष प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार, इसकी सुरक्षा जरूरी : सत्येंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 213वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन जिले के मखदुमपुर प्रखंड के सागरपुर गांव में सत्येंद्र कुमार के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत महाप्रबंधक, सर्तकता, कोल इंडिया सत्येन्द्र कुमार ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है। वे न केवल धरती को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं, बल्कि जीवन के



लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने बताया कि आज बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के कारण तेजी से पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। यदि हमने समय रहते पेड़ों के महत्व को नहीं समझा तो इसका गंभीर खामियाजा पूरी मानव जाति को भुगतना पड़ सकता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण प्रदान करें। 'वृक्ष है तो जीवन है' - इस भावना को समझकर हमें प्रकृति के इस अमूल्य खजाने की रक्षा करनी चाहिए। इस दौरान सत्येंद्र कुमार ने गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण जैसे पुण्य कार्यक्रम में शामिल होकर मैं भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। गायत्री परिवार के द्वारा मंत्र चादर, सदसाहित्य एवं प्रज्ञा अभियान पाक्षिक देकर उन्हें सम्मानित ही किया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के रंगेश कुमार, श्यामनारायण कुमार, प्रवीण कुमार, अभय कुमार, अभिषेक कुमार, रामानंद शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, शिशुपाल सिंह, सुमंत शर्मा, विनोद कुमार, विजय कुमार, खैरा नर्सरी के संचालक सुमन जी सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

शराब के साथ दो तस्कर व दो शराबी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। जीतना थाना पुलिस ने शनिवार की संध्या गश्ती अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों और दो शराब पीने के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि जमुनी पुल के पास से चनरी गांव निवासी धर्मलाल राय (पिताः राजेन्द्र राय) और बलुआ गांव, कुंडवा चैनपुर निवासी दिलीप कुमार (पिताः कांत लाल राम) को 36 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब के साथ पकड़ा गया। इसी क्रम में जोलगावा चौक से दो शराब सेवन करने वालों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के गोला पकड़िया



निवासी राकेश कुमार (पिताः उपेंद्र पासवान) और दरपा थाना क्षेत्र के तिनकोनी गांव निवासी बिल्टू कुमार (पिताः हीरामन महतो) के रूप में की गई है। ये दोनों शराब पीते हुए पाए गए। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों के विरुद्ध मादक द्रव्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू की पंचायतवार बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुगौली प्रखंड के दक्षिणी श्रीपुर एवं भटहा पंचायतों में पंचायतवार बूथ सदस्यों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाना रहा। बैठक में विधानसभा प्रभारी सुरेश प्रसाद गुप्ता और सुनील सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ ही किसी चुनाव की बुनियाद होते हैं, और यदि पार्टी को मजबूत बनाना है तो हर पंचायत और हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और



संगठनात्मक समर्पण जरूरी है। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री सदस्य सुनील भूषण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष कबीर पटेल, जिला सचिव गोविंद सिंह, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मो. साबिर, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद सिंह कुशवाहा, रामाश्रय पासवान, पद्माकर मिश्रा, छात्र संघ अध्यक्ष मो. तबरेज, पंचायत अध्यक्ष विकास कुमार एवं अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में बूथ समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में हर पंचायत में सदस्यता अभियान और जनसंपर्क अभियान को तेज़ी से चलाया जाएगा, ताकि पार्टी की नीतियां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए कार्य आमजन तक पहुंच सकें।

विभिन्न मामलों में नौ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। आदापुर थाना पुलिस ने गश्ती अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 180 बोतल कस्तूरी विदेशी शराब भी बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब सेवन के आरोप में कचुरवारी गांव निवासी सोना लाल राऊत (पिताः जोखु राऊत), बहादुरपुर निवासी दीपक राम (पिताः कपिल देव राम), पंकज कुमार (पिताः बच्चा राम), रंजन राम (पिताः नथुनी राम), एवं श्यामपुर बाजार निवासी आबिद कुरैशी (पिताः सगीर कुरैशी) को गिरफ्तार किया गया।इसके अतिरिक्त



एक एनबीडब्ल्यू वारंटी धीरज कुमार (पिताः हीरालाल भगत, निवासी श्यामपुर बाजार) को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई मादक पदार्थ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और इसके कारोबार के विरुद्ध करवाई करते हुए टेहटा मुशहर टोली में छापेमारी कर 20 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि टेहटा मुशहर टोली में छापेमारी कर रहीश मांझी के घर से 20 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है साथ ही इस दौरान कारोबारी रहीश मांझी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

6 लाख 76 हजार रुपये की लागत से बने सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के दलीपपुर पंचायत के रामनगर गांव में विधायक मद निर्मित मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पीसीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। 6 लाख 76 हजार रुपये की लागत से बने सड़क का उद्घाटन विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर और योजना पर्ट से पर्दा हटाकर स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद नेता मान सिंह ने किया। इससे पहले ग्रामीण कपिलमुनि सिंह ने विधायक को फूल मालाओं व गमछा देकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने कहा कि ग्रामीणों के मांग पर अपने विधायक निधि से सड़क पास कराकर निर्माण करने का कार्य किया हूं इससे ग्रामीणों के आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी। इस गांव में आजादी के



पहली बार सड़क विधायक की मद राशि से बनाया गया है। हमने 7 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा के जगदीशपुर विधानसभा में कई कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमने जगदीशपुर विधानसभा को चकाचक कर दिया। हमने 10 लाख, 7 लाख, 12 लाख के ऐसे हमने कई कार्य किया। विकास करना ही मेरी एकमात्र प्राथमिकता है। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, अभय सिंह, गोलू कुमार, प्रकाश कुमार अमन सहित अन्य मौजूद रहे।

मांगों को लेकर कार्यालय सहायक कर्मियों का विरोध तीसरे दिन भी जारी, काले बिल्ले लगाकर जताया आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (गोप गुट) के आह्वान पर कार्यालय सहायक व लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रखा। समाहरणालय से लेकर अनुमंडल, प्रखंड और अंचल कार्यालयों के कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया और भोजनावकाश के दौरान नारेबाजी कर सरकार के प्रति अपना असंतोष जाहिर किया।

कर्मियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी सारी ज़िम्मेदारी सरकार की होगी। संघ के नेताओं ने कहा कि लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी वर्षों से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश गहराता जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कर्मियों में अनुराग कुमार, संजय कुमार सिंह, त्रिभुवन प्रसाद, कृष्णा सिंह, सत्येन्द्र साह, उपेन्द्र नाथ संतपुरी, रामदेव उरांव, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, श्यामसुंदर कुमार, विक्रांत कौशिक, प्रियरंजन कुमार, विनीत कुमार, सतीश कुमार, अनिल कुमार सहनी, प्रवीण कुमार, शम्स तबरेज, विकास भारती, सुबोध कुमार, रत्नेश्वर कुमार वर्मा, नरेन्द्र कुमार, सुनील मिश्रा, गौरव कुमार, वीर भूषण कुमार, विक्रम विनोद, हरेंद्र राम, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार, नंदकिशोर राम, संजय कुमार सहित कई कर्मचारी शामिल रहे। संघ की ओर से यह आंदोलन तब तक जारी रखने की घोषणा की गई है।

आद्रा मेला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



देव (औरंगाबाद)। आद्रा नक्षत्र के दूसरे रविवार को देव नगरी में स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में आद्रा मेला का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर के दर्शन कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। प्रत्येक रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देव सूर्य मंदिर में उमड़ती है, लेकिन आद्रा मेला के वजह से इस रविवार को भीड़ अत्यधिक बढ़ गयी। दूर-दराज से आए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर परिसर में जुटने लगे थे। मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहे। भीड़ का आलम ऐसा था कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद सूर्य मंदिर की परिक्रमा की और हवन-यज्ञ में भी भाग लिया। भीड़ के कारण अस्पताल मोड़, देव बाला पोखर से लेकर सूर्य मंदिर तक लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहा। हजारों की संख्या में वाहन विभिन्न स्थानों पर खड़े दिखाई दिए। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए देव थाना पुलिस मुस्तैदी से तैनात रही। पुलिसकर्मियों ने भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी लगातार की जा रही थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आर्द्रा मेला का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि यह देव नगरी की सांस्कृतिक पहचान का भी जीवंत प्रमाण बना रहा।

भेटनिया गांव में बनेगा 16 करोड़ की लागत से पुल और सड़क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत भेंटनिया गांव में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल और संपर्क सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने विधिवत पूजा-पाठ कर किया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों से पुल निर्माण का जो वादा किया था, उसे आज निभाया गया है। उन्होंने बताया कि इस जनसमस्या को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंचाया गया और निरंतर ध्यानाकर्षण कराया गया, जिसके फलस्वरूप आज यह ऐतिहासिक सौगात भेंटनिया को मिली है। यह पुल मंदार नदी पर निर्मित होगा, जिससे भेंटनिया, शाहपुर, इंदरार, प्रेम बीघा, बहादुरपुर, मुजाड़ी गधरप सहित दर्जनों गांवों को पौथू और बराही बाजार तक पहुंचने में करीब 5 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पुल के अभाव में ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में विशेष रूप से आवाजाही में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को। मुखिया रामजन्म यादव, पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा, पंचायत समिति सदस्य रामजी यादव, जदयू पंचायत अध्यक्ष राजा राम चंद्रवंशी, रघुनंदन महतो, नथुनी चौधरी समेत अन्य ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता जताई और इसे हजारों ग्रामीणों के लिए सपना सच होने जैसा क्षण बताया। इस मौके पर ख्वाजा अतीक राज्जा, संजय अंबेडकर, मोहम्मद कौसर, किशु गुप्ता, आनंद मोहन सिंह, अर्जुन ठाकुर, रंजीत यादव, सुरेंद्र कुमार, बसंत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

लोक गायक भिखारी ठाकुर महोत्सव 10 को 11 जुलाई को मातृ पितृ वंदन महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



औरंगाबाद। जनेश्वर विकास केंद्र एवं बासमती सेवा की एक बैठक शहर के अधिवक्ता संघ भवन में की गई। बैठक की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष राम जी सिंह ने की। बैठक के संचालन करते हुए बैठक के कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में बताते हुए सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने एवं कला कौशल मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने कहा की देव ग्राम चैनपुर में दस जुलाई को भोजपुरी जगत के जनक लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती मनाई जाएगी उनके जयंती के उपलक्ष पर पारंपरिक भोजपुरी गीतों का प्रतियोगिता कराया जाएगा, इनके जयंती मनाने का मूल उद्देश्य लोकगायन एवं भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है। आज के प्रवेश में अपने चंद लोकप्रियता हासिल करने के लिए भोजपुरी कलाकार भोजपुरी समाज को धूमिल कर रहे हैं, जातिवाद या अश्लीलता भरी अपने संगीत से बिहार की भोजपुरी सभ्यता को बर्बाद कर रहे हैं, भिखारी ठाकुर ने अपनी संगीत के माध्यम सोकगायन को एक नहीं पहचान दी थी, 11 जुलाई को मातृ पितृ वंदन महोत्सव भी आयोजित चैनपुर में हो रहा है, और यह महोत्सव का उद्देश्य है समाज में पुत्र बहू बेटियों के बीच जागृति लाना ताकि वह अपने माता-पिता एवं सास ससुर का सेवा निस्वार्थ भाव से कर सके, यह भारत की सभ्यता रही है ,अपने माता-पिता को भगवान से बढ़कर हम सभी पूजते है, तमेव माता चपिता तमेव के देव से भी पहले माता-पिता को हम सभी याद करते हैं। इस मौके पर उज्जवल रंजन, वीरेंद्र कुमार, प्रोफ़ेसर दिनेश प्रसाद, अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह, कबी लव कुश प्रसाद, धीरेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, हेरंब मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, सिहेश कुमार सिंह, सतीश कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार सिंह अन्य कई लोग मौजूद थे।

प्रकृति से सकारात्मक संबंध बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम : डॉ. शंभूशरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



औरंगाबाद। विवेकानंद वीआईपी स्कूल, औरंगाबाद में शनिवार को पर्यावरण शिक्षा और संसाधनों का संरक्षण विषय पर एकदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए चालीस शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना और शिक्षकों को सतत विकास की शिक्षा में सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन करते हुए संसाधनसेवी प्रिया आलोक एवं सूची कुमारी ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा और संसाधनों का संरक्षण आपस में गहराई से जुड़े हुए विषय हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण शिक्षा लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक करती है, जिससे वे अपने व्यवहार में सकारात्मक बदलाव ला सकें और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाएं।

प्रशिक्षकों ने स्टेम शिक्षा (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी तरीकों को समझाया। उन्होंने बताया कि यह शिक्षण पद्धति केवल रटने की बजाय छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और वास्तविक जीवन की समस्याओं को सुलझाने में मदद करती है, जिससे उनका पर्यावरणीय दृष्टिकोण मजबूत होता है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा आज की दुनिया अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों–जैसे जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और जैव विविधता के क्षरण–से जूझ रही है। ऐसे समय में शिक्षकों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने वाले मार्गदर्शक भी हैं। हमें स्थायित्व के लिए अब और देर नहीं करनी चाहिए।

इस अवसर पर जिले के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम ने शिक्षकों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना को और प्रबल किया।

फोरलेन की मांग को लेकर अंबा में प्रदर्शन, कई घंटे तक यातायात बाधित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। नेशनल हाईवे 139 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को अंबा में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उक्त मार्ग पर चार घंटे तक यातायात ठप्प रहा और सड़क के दोनों तरफ कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि एनएच 139 पर होने वाली दुर्घटना और मौत के आंकड़े भयावह है। इन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण उक्त सड़क पर मानक क्षमता से अधिक गाड़ियों का परिचालन होना है। सड़क को फोरलेन में तब्दील कर दुर्घटना के आंकड़ों को कम किया जा सकता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लगातार मांग के बावजूद फोरलेन प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, जिसे जनता में काफी आक्रोश है। ट्रस्ट ने फोरलेन की मांग पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रखंड के लाल डॉ. ज्योति कुमार बने असिस्टेंट प्रोफेसर, गांव और क्षेत्र को किया गौरवान्वित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र के मौआरी गांव निवासी और वर्तमान में राजकीयकृत इंटर विद्यालय बम्भई (अरवल) में राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. ज्योति कुमार ने एक बार फिर अपने अथक परिश्रम और शैक्षणिक समर्पण का प्रमाण देते हुए बिहार स्टेट यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन, पटना द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (राजनीति विज्ञान) पद पर सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सामान्य वर्ग में उच्च रैंक अर्जित कर अपने परिवार, गांव और समूचे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ. ज्योति कुमार शिक्षा क्षेत्र में पहले से ही एक सशक्त नाम रहे हैं। इससे पूर्व वे औरंगाबाद जिले में सेकेंड्री शिक्षक के तौर पर कार्यरत रह चुके हैं। साथ ही, गोह प्रखंड में स्पेशल एजुकेशन के क्षेत्र में संसाधन शिक्षक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। अपने समय के प्रसिद्ध शिक्षक स्व. नंदकिशोर शर्मा के इकलौते पुत्र डॉ. ज्योति ने प्राथमिक शिक्षा गांव के राजकीय विद्यालय से प्राप्त की। मैट्रिक परीक्षा राजकीयकृत उच्च विद्यालय, तिलकपुरा (हसपुरा) से पास की। इसके बाद मगध विश्वविद्यालय से स्नातक (ऑनर्स), पटना विश्वविद्यालय से एम.ए. (राजनीति विज्ञान), एम.एड और पीएच.डी. की उपाधियां हासिल कीं। उन्होंने आरसीआई, नई दिल्ली से स्पेशल एजुकेशन में ब्रिज कोर्स भी किया है। शैक्षणिक उपलब्धियों की बात करें तो वे यूजीसी नेट, दक्षता परीक्षा और एसटीईटी जैसे मानक परीक्षणों में सफल रहे हैं। उनके कई शोध-पत्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके साथ ही वे अब तक आधा दर्जन से अधिक राष्ट्रीय सेमिनारों और कॉन्फ्रेंस में शोध-पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें कई मंचों से सम्मानित किया गया है।

गड़हनी में कार्यकर्ता सम्मेलन सह स्वागत समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गड़हनी/भोजपुर। स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी के उत्सव पैलेस में गाडगे भीम संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन सह स्वागत समारोह किया गया। उद्घाटन पूर्व मंत्री सह एमएलसी श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य राधा चरण साह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष उदय शंकर सिंह ने संयुक रूप से कर किया। अध्यक्षता लाल बहादुर राम ने की। उद्घाटनकर्ता ने कहा कि नीतीश सरकार में दलितों, अतिपिछड़ा का सम्मान मिला है। उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ा भी गया है। नीतीश कुमार ने सभी दलितों, अतिपिछड़ा गरीबों के बस्ती व टोला तक सड़क, नाली सहित कई विकास से जोड़ा गया है। वहीं राधाचरण साह, श्रीभगवान सिंह व उदय शंकर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने रामेश्वर रजक को राज्य महादलित आयोग के सदस्य बनाए जाने से गरीबों में काफी उत्साह है। वहीं दलितों, अतिपिछड़ा का उत्थान होगा। रामेश्वर रजक दलित पिछड़ों व गरीबों के लिए हमेशा लगे रहते है। किसी भी सुख दुख में हमेशा उनके साथ एक पैर पर खड़े रहते है। सभी उपस्थित लोगों ने रामेश्वर रजक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया व बधाई दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण

आरा/नबिटा ब्यूरो। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आरा सदर प्रखंड अंतर्गत जमीरा पंचायत स्थित प्राथमिक कन्या विद्यालय में बनाए गए विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना फॉर्म की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

अतिपिछड़ा समाज को सत्ता में देनी होगी हिस्सेदारी : धर्मेन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



औरंगाबाद। शहर के एक निजी रिसोर्ट में अतिपिछड़ा समाज का एक बैठक आयोजित की गई जिसमें अतिपिछड़ा समाज के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अति पिछड़ा समाज का सम्मेलन 12 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। आबादी के अनुसार समाज को विधानसभा और लोकसभा में राजनैतिक भागीदारी दिए जाने की बात कही साथ ही वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में अति पिछड़ा समाज के राजनैतिक भागीदारी पर चर्चा की गई। इस बैठक में कुटुंबा के प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को सरकार बनाने के लिए अतिपिछड़ा समाज की राजनैतिक भागीदारी देना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल यदि नजर अंदाज करता हैं तो समाज अपना वोट की ताकत दिखाएगी। यह समाज यदि किसी को सत्ता में बैठाना जानती है तो हटाना भी जानती हैं वहीं बिनोद ठाकुर ने कहा कि अति पिछड़ा समाज इस बार अपना हक लेकर रहेगी। गया प्रजापति ने औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा सीट मे से कम से कम एक सीट पर टिकट देने वाले दल को ही यह समाज साथ देने की बात कहीं। शारदा शर्मा और राजरूप पाल ने अति पिछड़ा समाज के एकजुट होने की आह्वान करते हुए चुनाव के लिए तैयार रहने का बात कहीं। राजनीति दलों द्वारा टिकट नहीं मिलने पर समाज के लोग निर्दलीय भी चुनाव लड़ सकते हैं। इस दौरान दिनेश पाल, बिजेंद्र चंद्रवंशी, दिलीप गुप्ता, बबन प्रजापति, अरविंद ठाकुर, राजदेव पाल, मंजय शर्मा, शंकर ठाकुर, सुदामा सिंह, शिवम कुमार, राजु ठाकुर, अजित ठाकुर, उपेंद्र सिंह, नवल प्रसाद, मुना सहित अन्य मौजूद रहे।

सड़क हादसा में पति-पत्नी घायल पत्नी की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के पराव बिगहा मोड़ के पास रविवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान केशोपुर गांव निवासी कामेश्वर यादव और उनकी पत्नी फुलिया देवी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. जमिल अख्तर ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि पत्नी फुलिया देवी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि दंपती बाजार जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर एक जानवर के कूद जाने से उनकी बाइक असंतुलित हो गई और दोनों गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष निखिल कुमार सिंह ने बताया कि वे पास से गुजर रहे थे, तभी हादसा होते देखा। उन्होंने तत्काल घायल दंपती को अस्पताल पहुंचाया और इलाज की व्यवस्था कार्रवाई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटनास्थल पर उचित संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सह बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर के कासमा रोड स्थित भाजपा कार्यालय में नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त मंडल कार्यसमिति बैठक सह बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने की, जबकि संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह उपस्थित रहे। साथ ही, विधानसभा प्रभारी अनीता सिंह, विधानसभा संयोजक दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, नगर मंडल प्रभारी प्रदीप कुमार चौरसिया तथा ग्रामीण मंडल प्रभारी जुगल किशोर सिंह मंच पर मौजूद थे। सभी अतिथियों का स्वागत माला और अंगवस्त्र देकर किया गया। अपने संबोधन में गोपाल शरण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही किसी भी चुनाव की जीत की कुंजी होती है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने बूथ कमेटी में कम से कम 25 सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तथा हर पन्ना प्रमुख के चयन को जरूरी बताया। आगामी 15 दिनों में बूथ सशक्तिकरण को धरातल पर उतारने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर पर समर्पित कार्य योजना तैयार करनी होगी। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल महामंत्री बाल गोविंद साहू, धीरज खत्री, ग्रामीण महामंत्री शिवनारायण साव, विमलेश पासवान, नगर उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, नगीना देवी, प्रमोद दास, नगर मंत्री अरुण पाल, उपेंद्र प्रसाद, अर्जुन राम, गुड्डू गुप्ता, राजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, शुभम सिंह, अरविंद राज सिंह, गौरव कुमार सिंह, रवि कुमार और लूटन सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : गोपाल शरण सिंह

बिहार पेंशनर समाज की बैठक संपन्न, मातृ सम्मान में पौधारोपण का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा प्रखंड के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय (हाईस्कूल मोड़) में रविवार को बिहार पेंशनर समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगदानंद लाल कर्ण ने की, जबकि संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सचिव सुरेश प्रसाद सिंह एवं उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने सभी पेंशनभोगियों से अपील की कि वे अपनी माताओं के सम्मान में साल में कम से कम एक पीपल या छायादार पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने इसे समाज के लिए लाभकारी बताते हुए प्रधानमंत्री से पौधारोपण को एक राष्ट्रीय योजना का हिस्सा बनाने की मांग भी की। सचिव श्री सिंह ने वार्षिक सहयोग राशि समय पर नहीं मिलने पर चिंता जताते हुए सभी सदस्यों से सहयोग राशि शीघ्र जमा करने की अपील की। संगठन के सुचारू संचालन के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक बताई गई। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि सभी पेंशनभोगी प्रतिदिन योगाभ्यास करें, जिससे स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योग को वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। बैठक में अंबिका प्रसाद सिंह, रामजीत प्रसाद, किशोरी चौधरी, कपील प्रसाद सिंह, शिवदयाल चौधरी, विश्वंभर प्रसाद, कैलाश प्रसाद, एकरामुल हक, नन्हकु यादव, कामेश्वर सिंह, गणेश प्रसाद, जयराम प्रसाद एवं मोमताज अंसारी सहित दर्जनों पेंशनर सदस्य मौजूद रहे।

महारैली से लौट रही कार ने बाइक सवार को मारी ठोकर, युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गोह (औरंगाबाद)। गोह थाना क्षेत्र के हमीदनगर मोड़ के समीप रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार द्वारा बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिए जाने से सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान नीमा गांव निवासी लालदेव यादव के 30 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सरोज बाइक से पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। इसी दौरान दाउदनगर की ओर से आ रही ब्रेजा कार ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उक्त कार रालोमो (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा) की गया गांधी मैदान में आयोजित महारैली से लौट रही थी। ओवरटेक के प्रयास में यह दुर्घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल सरोज कुमार को इलाज के लिए गोह पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से कार और बाइक को जब्त कर लिया गया है। पीड़ित परिजनों द्वारा लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले आयुष कुमार सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 में सफलता प्राप्त कर औरंगाबाद जिले का नाम रोशन करने वाले आयुष कुमार को रविवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महापरिवर्तन आंदोलन के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान प्रदान किया। सम्मान समारोह में संगठन के महासचिव संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष लवलेश कुमार यादव, प्रवक्ता रामजन्म सिंह, शिष्टमंडल के सदस्य अरुण कुमार, विनय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने आयुष को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने शिक्षा को 'शेरनी का दूध' और मानस की शक्ति बताया। समारोह के अंत में जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा करने वाले हाथ, पूजा करने वाले हाथों से अधिक पवित्र होते हैं। उसी तरह, छात्रों के लिए पूजा नहीं, शिक्षा ही सबसे बड़ी साधना है।

लापता छात्र का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला, परिजनों में मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर के न्यू एरिया निवासी 17 वर्षीय छात्र जीतू कुमार का शव शुक्रवार को चरकावां नहर के पास रेलवे ट्रैक किनारे से आरपीएफ द्वारा बरामद किया गया। शव की पहचान पहले नहीं हो सकी थी, जिसे सोननगर जीआरपी ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बाद में जब परिजनों को सूचना मिली, तो वे सोननगर पहुंचे और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की।

मृतक छात्र के लापता होने की एफआईआर उसकी मां निरा देवी ने 25 जून को रफीगंज थाना में दर्ज कराई थी। जानकारी के मुताबिक, जीतू का 25 जून को ही जन्मदिन था। वह जन्मदिन मनाने के बाद रात में लापता हो गया था।

पोस्टमार्टम के बाद जीआरपी ने शव परिजनों को सौंप दिया। शव पहुंचते ही पूरा मुहल्ला मातम में डूब गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से पूरे मामले की गहराई से जांच की मांग की है।

पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान में तेजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में तेजी हो गई है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि जिले का हर पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

मतदाता सत्यापन कार्य शुरू, घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच फॉर्म का किया जा रहा वितरण

394 बीएलओ, 40 सुपरवाइजर, पांच एआरओ गणना कार्य में जुटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म वितरण कर रहे है। इस फॉर्म के साथ जरूरी दस्तावेज आयोग को जमा कराने होंगे। गौरतलब है की मसौढी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3,53,607 है। जिसमें पुरुषों की संख्या 1,83,533 है, जबकि महिलाओं मतदाताओं की संख्या 1,70,074 है। ऐसे में 394 बीएलओ, 40 बीएलओ सुपरवाइजर के साथ पांच एआरओ इस पूरे गणना कार्य में युद्धस्तर पर जुट गए हैं। ऐसें में मतदाताओं की जानकारी जुटाने के लिए घर-घर सर्वे शुरू कर



दिया है। इसके तहत विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। बीएलओ रविवार से हर घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एनुमरेशन फॉर्म) दें रहे है। मतदाताओं को यह फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। इसके आधार पर आयोग फर्जी मतदाताओं की जांच करेगा और उन्हें मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। साथ ही नए योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाएगा। जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, उन्हें अपनी जन्म तिथि या जन्म स्थान की सत्यता प्रमाणित करने के लिए फॉर्म के साथ कोई एक वैध दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। बताया जा रहा है की, जिन लोगों का जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में हुआ है, उन्हें न सिर्फ अपना वैध दस्तावेज देना होगा, बल्कि अपने माता-पिता में से किसी एक का वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह, 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मे मतदाताओं को अपना और अपने माता-पिता का वैध दस्तावेज फॉर्म के साथ देना होगा। अगर माता-पिता में से कोई भी भारतीय नहीं है, तो उन्हें अपने जन्म के समय का अपने माता-पिता के वैध पासपोर्ट और वीजा की सेल्फ अटेस्टेड प्रति देनी होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एक गणना प्रपत्र (एनुमरेशन फ़ॉर्म) बाट रहे है। इसमें मतदाता का नाम, फोटो, पता, आधार नंबर, जन्म तारीख, मोबाइल नंबर, माता-पिता या अभिभावक का नाम आदि से जुड़ी जानकारी होगी। वोटर्स को अपना नया फोटो इसमें लगाना होगा। फॉर्म भरने के बाद इसे बीएलओ को वापस करना होगा. इसके साथ अपनी पहचान को सत्यापित करने के लिए मांगे गए दस्तावेज देने होंगे। मतदाता यह काम ऑनलाइन भी कर सकते हैं. बहरहाल बीएलओ को यह कार्य 26 जुलाई तक पूरी कर लेनी है।बीएलओ दो सेट में यह फॉर्म को वितरण कर रहे हैं एक फॉर्म मतदाता खुद रखेंगे और दूसरे फॉर्म को दस्तावेज के साथ भरकर बीएलओ को सौंपेंगे।

भारतीय किसान संघ का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पालीगंज (नबिटा संवाददाता)। भारतीय किसान संघ दक्षिण बिहार प्रांत का दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग पालीगंज के मसौढ़ा स्थित मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया। समापन सत्र के दौरान अखिल भारतीय संगठन मंत्री माननीय दिनेश कुलकर्णी ने कहा कि किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने किसानों को एकजुट होकर भ्रष्टाचार व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विभिन्न जिलों से आए किसानों ने अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और शोषण के मामलों को प्रमुखता से उठाया। इन मुद्दों को लेकर किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही राजस्व मंत्री से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को उनके सामने रखेगा। बैठक में भारतीय किसान संघ बिहार प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री बालकिशोर पाठक, प्रदेश संगठन मंत्री हेमराज, दक्षिण बिहार प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार, प्रांत मंत्री अशोक कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष बलराम सिंह, महिला प्रमुख श्रीमती बबीता देवी आदि उपस्थित थे।

एक नजर

संगठन विस्तार को लेकर बैठक

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भाजपा नगर मंडल संगठनात्मक कार्यसमिति का विस्तार को लेकर बैठक रविवार को थाना स्थित एक मैरेज हॉल में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने की। बैठक में पूर्व विधायक आशा सिन्हा, भाजपा नेता ब्रजेश सिंह, रंजीत कुमार ,उदय सिंह व अनिल कुमार आदि शामिल हुए. बैठक में मंडल को सशक्त करने तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने पार्टी के अद्यतन दिशा निर्देश से अवगत करवाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के कठिन मेहनत से ही पार्टी को चुनावी सफलता मिलेगी. लोगों का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है, लेकिन जीत के लिए और मेहनत करनी होगी. बैठक में बीएलओ वन व टू का चयन करने, सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं का एक वाट्सअप ग्रुप बना कर पार्टी के सभी गतिविधियों को इसमें डालने का निर्णय लिया गया। मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि मंडल का संगठनात्मक विस्तार किया गया है. जिसमें मंडल प्रभारी दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष शमशेर कुमार, देवराज अमित, टिंकू साव, अजीत राय, रेशमी रानी व शोभा कुमारी शर्मा, महामंत्री सोनू कुमार व सुमित वालिया, मंत्री शोभा गुप्ता, संध्या कुमारी, अर्जुन प्रसाद, संजय सिंह, मनोज यादव, रोशन कुमार व कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता व अभिषेक कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया है। मौके पर भाजपा नेत्री आशा देवी, शशि शर्मा, पार्षद रमेश कुमार उर्फ मुन्ना महतो, विकास केसरी, गौरीशंकर प्रसाद, सुजीत कुमार समेत आदि मौजूद थे।

चार दिन से व्यक्ति लापता

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के बीबीगंज मैदा टोली निवासी सतीश गुप्ता पिछले चार दिन से लापता है. इस संबंध में उनकी पत्नी रेखा देवी ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का लिखित शिकायत किया है. लिखित शिकायत में रेखा देवी ने बताया कि मेरे पति सतीश गुप्ता पिछले 26 जून को दोपहर में बिना किसी को बताये घर से गायब है. उन्होंने बताया कि देर रात तक घर नही आये तो अपने परिजनों व उनके मित्र के पास खोजबीन किया . परंतु कही कुछ पता नही चला है. उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है. किसी अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

पान दुकानदार से अपराधियों ने की लूटपाट

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। रानीतालाब थाना क्षेत्र के सैदाबाद गांव का सन्नी कुमार शनिवार को देर रात अपने पान दुकान को बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान सैदाबाद चौक पर तीन अपराधियों ने रोक कर उससे लूट पाट की। पालीगंज डीएसपी-2 ने बताया कि अपराधियों ने दुकानदार से 13000 रुपए, एक मोबाइल, सोने का लॉकेट लूट लिया। वही बीच बचाव कर रहे एक दूसरा सन्नी कुमार नाम के युवक को अपराधियों ने जांघ में गोली मार दी जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया जिसका इलाज तत्काल स्थानीय पीएचसी में करा कर पटना रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सीसीटीवी के द्वारा अपराधियों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महाराजा दक्ष प्रजापति गौरव समारोह को लेकर बैठक

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अगामी 13 जुलाई को भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में होने वाले महाराजा दक्ष प्रजापति गौरव समारोह को सफल बनाने को लेकर रुकनपुरा स्थित एक निजी हॉल में जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. शीला प्रजापति ने की। बैठक में उन्होंने कहा कि हमारी प्रजापति समाज की जनसंख्या के आधार पर राजनीति में आजतक उचित स्थान नहीं दिया गया है। उन्होंने कुम्हार समाज के उत्थान हेतु विशेषकर युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने प्रजापति समाज की उपस्थिति अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। डा. शीला प्रजापति ने कहा कि अब समय आ गया है, हम सभी एकजुट होकर होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी संख्या व शक्ति के साथ सता के गलियारे तक प्रजापति समाज को पहुंचाने में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी का हिस्सा बनें। बैठक में विहार के अलग-अलग जिला से आए प्रजापति समाज के लोगों ने सता में भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण बातें कहीं। बैठक में डा अरूण प्रजापति, सतीश, मनोरंजन पाल, सुरेश प्रजापति, अर्जुन, गोविंद, मृत्युजंय, उमाकांत, शेषनारायण, माया देवी, कंचन देवी आदि मौजूद थे।

9 को विभिन्न मुद्दों पर ट्रेड यूनियनों की होगी हड़ताल, तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। सीपीएम लोकल कमेटी मसौढ़ी की बैठक रविवार को कैलूचक ए वन कोचिंग सेंटर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कामरेड सुरेंद्र कुमार ने की। बैठक में आगामी 9 जुलाई 2025 को ट्रेड यूनियन के अहवान पर आम हड़ताल को सफल करने के लिए सुबह 8:00 बजे से पार्टी के तमाम जन संगठन के लोग एवं पार्टी के सभी सदस्यगण मसौढ़ी में पार्टी कार्यालय के पास पहुंचेंगे और रोड मार्च करेंगे साथ ही 13 जुलाई 2025 को पार्टी के राज्य कार्यालय जमाल रोड में सभी लोकल कमिटी के सदस्य को चलने के लिए आमंत्रित किया गया। इसी की तैयारी को लेकर बैठक पर सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई और हडताल को सफल बनाने की दिशा में कई अहम बातों को विस्तार से सभी कार्यकर्ताओं के बीच रखा गया। इस बैठक में कामरेड कृष्ण प्रसाद रामदयाल प्रसाद मधेश सिंह सत्येंद्र प्रसाद रामनारायण प्रसाद, जयप्रकाश कुमार, अवधेश कुमार, सी पी मंडल, विश्वनाथ प्रसाद यादव, सोनालाल प्रसाद, बासु देवी, छोटू कुमार, पप्पू कुमार भाग लिए।

तीन अपाची बाइक के साथ चार चोर गिरफ्तार

जहानाबाद से आकर मसौढ़ी में किया करते थे अपाची बाइक की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी शहर के विभिन्न मुहल्ले से लगातार हो रहे बाइक चोरी की घटना को देखते हुए मसौढ़ी पुलिस द्वारा गठित टीम के द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक तरीकों से मसौढ़ी पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। चोरी के तीन अपाची बाइक के साथ चार बाईक चोरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चारों बाइक चोर जहानाबाद के रहने वाले हैं, जो जहानाबाद से मसौढ़ी आकर घूम घूम कर विभिन्न मोहल्ले बाजारों में बाइक की चोरी किया करते थे। ऐसे में मसौढ़ी थाना कांड संख्या



493/ 25 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त सन्नी कुमार पिता वीरेंद्र विश्वकर्मा, मोहल्ला मल्हचक, जहानाबाद, विकास कुमार पिता उदय प्रसाद श्यामनगर जहानाबाद, राहुल कुमार पिता अर्जुन यादव, कालहडीह परसबिगहा, गुड्डू कुमार पिता देव कुमार सिंह शांति नगर जहानाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि यह सभी बाइक चोर गैंग जहानाबाद से आकर आकर मसौढ़ी में बाइक की चोरी किया करते थे। सबसे पहले पूरे शहर में रेकी किया करते थे, उसके बाद बाइक चोरी कर जहानाबाद ले जाकर उसे फोटो खींचकर सप्लायर को भेजते थे, उसके बाद 8 से 10000 में वह ग्राहकों को बेच देते थे। मसौढ़ी में लगातार हो रहे रही बाइक चोरी की घटना को देखते हुए टीम गठित कर इसके पीछे पुलिस की टीम काम कर रही थी। गिरफ्तार बाइक चोरों की आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है, इसके अलावा कहां-कहां कितने बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया है इसकी पूरी कुंडली को खंगाली जा रही है।

विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ जीतेगा एनडीए : उपेन्द्र कुशवाहा

मसौढ़ी में उपेन्द्र कुशवाहा का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सासंद उपेंद्र कुशवाहा का रविवार को गया जाने के दौरान मसौढ़ी में सरवां बाईपास पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर कर अभिनंदन किया। एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में



विधानसभा चुनाव होने हैं आप लोग हमें ताकत दीजिए ताकि बिहार में कॉलेजियम सिस्टम, परिसीमन समेत कई मुद्दों पर आपकी जोरदार आवाज बना सकें, इसे साथ ही उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित, दलित, महादलित, पिछड़ा व अतिपिछड़ा समाज के लोगों की भलाई के लिए काम किया जाएगा। अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को समाज की अगली पंक्ति में लाने का प्रयास किया जाएगा। एनडीए की सरकार में जनता की मदद की पूरी कोशिश की जाएगी। मजदूरों का पलायन रोकने का प्रयास किया जाएगा। उपेंद्र कुशवाहा ने जनता से जो वादा किया है उसे हर हाल में पूरा करने की दिशा में काम किया जाएगा। वहीं चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सर्वेक्षण पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए विपक्ष बयान बाजी कर रहे हैं फर्जी मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा कदम उठाया गया है जो अच्छा काम है मौके पर एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं में जदयु ग्रामीण के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल एवं बिजेपी नेता राकेश कुमार, अजय कुमार शर्मा, जदयु श्रमिक प्रकोष्ठ के चंद्रकला देवी, अशोक शर्मा एवं कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

बेलगाम ऑटो ने बालक को कुचला, ऑटो जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। शाहपुर थाने के दाउदपुर निरंकारी सत्संग के पास रविवार को दोपहर में सड़क पार कर रहे एक बालक बेलगाम ऑटो चालक ने गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी बालक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी रणधीर राय के 6 वर्षीय पुत्र अरमान कुमार के रूप में की गई। मौत की सूचना पर परिजनों चित्कार कर उठे। पुलिस ने ऑटो जब्त किया है जबकि चालक फरार हो गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार को दोपहर में अपनी मां के साथ निरंकरी सत्संग दाउदपुर जा रहा था इसी दौरान बालक ने अपनी मां से हाथ छोडकर सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने अरमान को धक्का मार दिया जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी अरमान को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। ऑटो को जब्त किया गया है। मृतक के परिजनों के बयान के बाद ऑटो चालक पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'विश्व शान्ति और वैज्ञानिक चेतना' विषय पर परिचर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। अखिल भारतीय शान्ति व एकजुटता संगठन ऐप्सो के तत्वधान में प्रोग्रेसिव स्कूल, बाढ़ के सेमिनार हॉल में परिचर्चा का आयोजन किया गया। विषय था 'विश्व शान्ति और वैज्ञानिक चेतना'। इस मौके पर ऐप्सो की पटना पूर्वी इकाई का भी गठन किया गया। जिला महासचिव भोला शर्मा ने कहा कि ऐप्सो भारत भर में युद्ध के खिलाफ शान्ति के लिए काम करने वाला संगठन है. यह विश्व शान्ति परिषद से जुड़ा हुआ है। प्रदेश महासचिव अनीश अंकुर ने कहा कि आज विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा अमेरिका के नेतृत्व वाला 'नौर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑरगेनाइजेशन' नाटो है। आज दुनिया में घटने वाली अंतराष्ट्रीय घटनाओं की खबरें इन देशों के रणनीतिक हितों को ध्यान में रखकर की जाती है। अतः उसके खिलाफ संघर्ष की जरूरत है। जिला महासचिव जयप्रकाश ने बताया कि आज हमें समाज में विवेक और विज्ञान पर आधारित समाज की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। पटना हाईकोर्ट की अधिवक्ता शगुफ्ता रशीद ने कहा कि आज हमलोगों को अपने आसपास में हो रही घटनाओं से सजग रहने की जरूरत है। हमें अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करने की जरूरत है। बहुत सारी गलत बातें, अफवाह फैलाई सत्ताधारी लोगों द्वारा फैलाई जा रही हैं। शिक्षक नेता नरेन्द्र ने कहा कि विश्व शान्ति परिषद ने दुनिया भर में युद्ध के विरुद्ध शान्ति कायम करने के लिए अतुलनीय काम किया। भगत सिँह पुस्तकालय के विनय कुमार, वासदैव प्रसाद, पत्रकार अखिलेश सिन्हा, अधिवक्ता आशा प्रसाद ने विश्व में बढ़ती अशांति और साम्राज्यवाद के विस्तार को लेकर चिंता जताई। परिचर्चा के पश्चात सांगठनिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान ऐप्सो की पूर्वी पटना इकाई का गठन किया गया। विपिन सिँह और शिवकुमार प्रसाद और हेमंत कुमार महासचिव चुने गए हैं। अध्यक्ष मंडली में विजय कुमार सिंह, दामोदर महतो और शैलेन्द्र कुमार शर्मा जबकि सचिव मंडल में अनूप कुमार, अरुण कुमार, सुमन कुमार, हरे कृष्ण और आशा सिन्हा चुने गए।

शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने का निर्णय

शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मुहर्रम पर्व को लेकर लहसूना थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष खुशबू खातून की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिला परिषद सदस्य, मुखिया अंजली कुमारी सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा करना था। थानाध्यक्ष खुशबु खातून ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस



प्रशासन पर्व के दौरान पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा ताकि पर्व के दौरान किसी को कोई परेशानी न हो। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में मदद करेंगे। इस बैठक से यह संदेश गया कि मोहर्रम का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। मौके पर निशियावां पंचायत के मुखिया चंदन भारती, जिला परिषद सदस्य उदय कुमार सिंह, वार्ड सदस्य अरुण कुमार समेत के लोग शामिल रहे हैं।

पेज 1 का शेष

2027 तक बनकर...

कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। टनल के आगमन और निकास बिल्डिंग में ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर के साथ तीन लेवल का बेसमेंट भी होगा। बेसमेंट के तीन स्तरों में एक स्तर पर पार्किंग की सुविधा दी जाएगी, अन्य दो स्तरों पर संग्रहालय से जुड़ी सुविधाएं, कैफ़ेटेरिया और पर्यटकों के लिए विश्राम क्षेत्र बनाए जाएंगे। सुरंग में आधुनिक लाइटिंग और सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए जाएंगे, जिससे आने वाले वर्षों में यह टनल न केवल एक ट्रांजिट पाथवे बल्कि एक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो सके। बिहार सरकार इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरी करने की कोशिश में जुटी हुई है।

भागलपुर से होगी भारत...

और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, ऑनबोर्ड टूर एस्कॉर्ट, हाउसकीपिंग, सुरक्षा और पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह यात्रा आराम और सुरक्षा के साथ कई तीर्थों के दर्शन और आध्यात्मिक पूर्ति प्राप्त करने का एक अद्वितीय मौका प्रदान करती है - वो भी किफायती कीमत पर। बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों के जो लोग इस यात्रा के भागीदार बनना चाहते हैं वह आईआरसीटीसी के कोलकाता और रांची कार्यालय या अधिकृत एजेंटों के माध्यम से भी बुकिंग कर सकते हैं।

राज्य के सभी आंगनबाड़ी...

ओर से पोषण ट्रैकर पर गलत सूचनाएं दी जाती हैं। बच्चों की वास्तविक संख्या नहीं दी जाती है। बच्चों की वृद्धि माप भी गलत की जाती है। ऐसी शिकायतें आयेदिन आईसीडीएस निदेशालय पहुंच रही है। ऐसे में अब आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच होगी। गलत पकड़े जाने पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिका पर कार्रवाई होगी। वर्तमान में एक लाख 15 हजार छह सौ आंगनबाड़ी केंद्र है। इन सभी की जांच होगी, लेकिन इसमें प्राथमिकता उस आंगनबाड़ी केंद्र को दिया जाएगा जहां से आये दिन शिकायतें आती हैं।

बीजेपी का बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी नगर मंडल के तत्वावधान में बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने की। मौके पर मसौढ़ी विधानसभा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष संजय यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। संजय यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को कार्यकर्ता बूथ टू बूथ जाकर बताएं तथा बूथ को सशक्त करें। संबोधन मे विकसित भारत के अमृत वर्ष, सेवा सुशासन गरीब कल्याण विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि आज हर महत्वाकांक्षी योजना गांव गांव तक हर घर में पहुंच रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोर शोर से कार्य करना होगा।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा, संजय केसरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा किरण सिंह, महामंत्री आलोक, निरज कुमार, शंकर चंद्रवंशी, धनेश्वर ठाकुर, शोभा कुमारी, मृदुला पटेल, अखिलेश सिंह, अमृत सागर, समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

अमरकांत की जन्मशती पर दोपहर का भोजन कहानी पर बतकही का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के सभागार में बतकही की 28 वीं कड़ी आयोजित की गई। प्रसिद्ध कहानीकार अमरकांत की जन्मशती के अवसर पर उनकी कहानी दोपहर का भोजन का पाठ किया गया। कहानी का पाठ शिक्षिका प्रियंका पांडेय द्वारा किया गया। बतकही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने



की और संयोजन पुरुषोत्तम पाठक, चंदन कुमार और सिंहेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बतकही की शुरुआत करते हुए डॉ शिवपूजन सिंह ने कहा कि इस कहानी में मध्यमवर्गीय परिवार के आर्थिक तंगी को प्रस्तुत किया गया है। ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह ने कहा कि कहानी में समाज के निम्नवर्गीय परिवार के हृदय को झकझोरने वाली पहलुओं का वर्णन किया गया है। डॉ रामाधार सिंह ने इस कहानी को सामाजिक पर्यावरण से जोड़कर बताया। शिक्षिका शशिबाला सिंह ने कहा कि यह कहानी आज भी प्रासंगिक है। शिक्षक राम सुरेश सिंह ने कहा कि शीर्षक से ही कहानी की यथार्थता का पता चलता है। शिक्षक रामभजन सिंह ने कहा कि तंगहाली से गुजरती मां की अंतर्व्यथा का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है। रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इसमें नारी पात्र के उदार चरित्र का वर्णन किया गया है। शिक्षक डॉ हेरम्ब मिश्र ने कहा आज के दौर में इस कहानी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। शिक्षक जयप्रकाश सिंह ने कहा कि इस कहानी की प्रासंगिकता हर युग में रहेगी। पुरुषोत्तम पाठक ने कहा कि निर्धनता आने पर कभी विचलित नहीं होना चाहिए। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कहानी के संवाद अत्यंत ही मार्मिक है। धन्यवाद ज्ञापन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने किया। मौके पर चंदन पाठक, नारायण मिश्र, अशोक कुमार सिंह, ओमप्रकाश पाठक, लवकुश प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

परीक्षा के दौरान गर्मी से दो छात्राएं बेहोश

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक उच्च विद्यालय में परीक्षा के दौरान दो छात्राएं गर्मी के कारण बेहोश हो गईं। छात्राएं तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव निवासी पल्लवी कुमारी (16) और अनन्या कुमारी (14) हैं। शिक्षकों ने तुरंत एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया, जहां प्रभारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी के कारण छात्राएं बेहोश हुई थीं, अब दोनों की स्थिति सामान्य है।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय हरपुरजान के शिक्षक राज्यवर्धन नारायण सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उनके पिता यशवंत कुमार सिंह ने मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि एनएच 227ए पर कृष्णा ढाबा के पास एक कार की टक्कर से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद शिक्षक के श्राद्धकर्म पर शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

ट्रक की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चैनपुर गांव में एनएच 227ए पर एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पिकअप वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में पिकअप चालक मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

स्कूल में अवैध वसूली के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महुली चकहन प्लस टू विद्यालय में एसएलसी व सीएलसी बनवाने के नाम पर अवैध वसूली के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का आरोप है कि लिपिक बदरुद्दीन अंसारी 100 से 800 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं।प्राचार्य द्वारकानाथ गिरी ने बताया कि उन्होंने पहले ही नोटिस जारी किया था कि किसी छात्र से पैसे नहीं लिए जाएं, फिर भी शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से जांच की मांग की है और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही।

मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण

इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित खोभारी साह प्लस टू विद्यालय के सभागार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। डीसीएलआर धनंजय त्रिपाठी और बीडीओ द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि हाउस टू हाउस सर्वेक्षण 25 जून से 25 जुलाई तक चलेगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

मोहर्रम मेला की तैयारी को लेकर बैठक

इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इसुआपुर बाजार में होने वाले मोहर्रम मेले की तैयारी को लेकर जामा मस्जिद परिसर में बैठक आयोजित की गई। अब्दुल गफूर अंसारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अखाड़ा के स्थान, साफ-सफाई, और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, एमडी वारिस, बब्लू अंसारी, मुन्ना अंसारी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

जनता दरबार में वर्षों पुराना विवाद सुलझा

इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इसुआपुर थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में एक पुराने विवाद का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। यह विवाद अमरदह गांव के अखिलेंद्र श्रीवास्तव और शिवकली देवी के बीच था। मौके पर अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय व एसआई उमेश प्रसाद मौजूद रहे।

अरविंद निराला बने उपाध्यक्ष, समर्थकों में खुशी

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी अरविंद कुमार निराला को बिहार राज्य उद्यमी सह व्यवसाय आयोग में उपाध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थकों ने खुशी जाहिर की है। बिहार प्रदेश जदयू व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शहर के नवदुर्गा ज्वेलर्स के निदेशक प्रमोद कुमार ने श्री निराला के उपाध्यक्ष बनने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। श्री कुमार ने कहा है कि अरविंद निराला की यह नियुक्ति व्यवसायी समाज के लिए सम्मान व प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि श्री निराला बिहार के व्यवसायी वर्ग, स्वरोजगार से जुड़े लोगों की आवाज बनेंगे। हर्ष व्यक्त करनेवालो में रामचंद्र प्रसाद, राकेश कुमार समेत अन्य लोग भी शामिल है।

गंडक में डूबा युवक, लापता

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रविवार की दोपहर अपने तीन दोस्तों के साथ नगर के सुखपुरवा घाट पर नहाने गए एक युवक गंडक नदी में डूब गया। युवक को डूबता देख उसके दो अन्य मित्रों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन रोते बिलखते सुखपूरवा घाट पहुंचे। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना पटखौली थाने की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंचे पटखौली थाना के पुलिस ने बताया कि युवक पटखौली का निवासी सतीश कुमार (18 वर्ष) है। इस घटना की सूचना एसडीआरएफ को दे दी गई है। नदी में पानी बढ़ने से खोजबीन करने में परेशानी हो रही है।

पं.चंपारण की सीमा पर पीके का हुआ भव्य स्वागत

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार बदलाव यात्रा के क्रम में प.चंपारण की सीमा में पहुंचे जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का जनसुराज कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। जनसुराज के संस्थापक सदस्यों में शामिल अष्ट विनायक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल के निदेशक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने नौतन प्रखंड के मच्छरगांवा चौक पर प्रशांत किशोर का स्वागत किया। मौके पन बृजकिशोर राव, सुभाष राव, समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।विदित हो कि बिहार बदलाव यात्रा के क्रम में सीवान में आयोजित सभा को संबोधित करने के बाद प्रशांत किशोर गोपालगंज भाया मंगलपुर होते हुए प.चंपारण की सीमा में प्रवेश किये। और बैरिया प्रखंड के पखनाहा में आयोजित बिहार बदलाव यात्रा आमसभा में भाग लेने के लिए मच्छरगांवा के रास्ते पहुंचे।

आरोपियों के घर पर चस्पा इश्तेहार

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भंगहा पुलिस ने सेढवा गांव में डुगडुगी बजाकर फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चस्पा किया है।थानाध्यक्ष दिपक प्रसाद ने बताया कि मारपीट के अभियुक्त राजेश महतो चुमन महतो एवं सर्वजीत महतो के घर पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। वहीं लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी सूकट बिन,धनई बिन एवं हरिकिशन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पुलिस भेजा गया है।

मारपीट के अभियुक्त धराए

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इनरवा पुलिस ने इनरवा से कांउटर केस में अलग-अलग कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि नजीरूल मियां एंव रफीक मियां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

महिला समेत छह वारंटी गिरफ्तार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर पुलिस ने पूर्व मामले में फरार चल रहे एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी के ऊपर न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था। धराये वारंटियों में नौतनवा के शेख तबरेज,अमवा टोला मंझरिया के योगेन्द्र मुखिया,भसुरारी के धामु यादव,डीके शिकारपुर के अमित पटेल,मलदहिया के शेख जमशेद एवं अंबेडकर नगर की सीमारेखा देवी शामिल है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया गिरफ्तार सभी अलग मामले में फरार चल रहे थे। सभी के ऊपर न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था। जिसके आलोक में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं।

सिविल सर्जन ने नवनियुक्त एएनएम के साथ की बैठक

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार ने नवनियुक्त एएनएम के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम में अपेक्षित सुधार करने के साथ कई आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने बैठक में कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य निरीक्षण नियमित रूप से करने व कैल्शियम की गोली,आयरन की दवा देने को कहा गया।बच्चों का टीकाकरण नियमित रूप से करने को कहा गया।भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस, पारासीटामोल की गोली भी हर वक्त उपलब्ध रखें।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनुपम प्रसाद, डॉक्टर लुकमान, शिवशान्त कपूर, शकील अहमद, रविंद्र कुमार शर्मा,आरती कुमारी, लवली कुमारी, पूजा कुमारी, कंचन कुमारी, अर्चना कुमारी, गीता कुमारी, श्वेता कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

राजेंद्र बाबू के गांव में खुले नेत्र संस्थान का सैटेलाइट सेंटर: पीएम मोदी को भेजा गया पत्र

इंजीनियर प्रमोद मल्ल ने की मांग, कहा- बच्चों की आंखों की समस्या से प्रभावित हो रही पढ़ाई ● 25 हजार से अधिक बच्चे आंख की बीमारी से पीड़ित, गांवों में नहीं है जांच और इलाज की सुविधा ● राजेन्द्र बाबू के नाम पर चल रहे नेत्र संस्थान का एक केंद्र हो जीरादेई में

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

जीरादेई (सिवान)। देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जन्मस्थली जीरादेई को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद जगी है। आपन सिवान संस्था के संयोजक और भारत गौरव देशरत्न राजेन्द्र मेमोरियल फाउण्डेशन के संस्थापक इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सेन्टर फॉर आप्थाल्मिक साइंसेज का एक सैटेलाइट सेंटर जिरादेई में खोलने की मांग की है।



गांवों के बच्चों में तेजी से बढ़ रही आंखों की समस्या

प्रमोद मल्ल ने पत्र में लिखा है कि गांवों में बड़ी संख्या में बच्चे आंखों की बीमारी से जूझ रहे हैं। खासकर 12 वर्ष तक के बच्चों में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जीरादेई विधानसभा क्षेत्र में ही 25 हजार से ज्यादा बच्चे आंखों की किसी न किसी समस्या से पीड़ित हैं। संसाधन और जानकारी के अभाव में गांव के बच्चों की समय पर जांच नहीं हो पाती, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक विकास प्रभावित होता है।

शहरों में इलाज संभव, गांव के बच्चे रह जाते हैं पीछे

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि शहरों के संपन्न परिवार अपने बच्चों की समय पर आंखों की जांच कराकर उनका इलाज करा लेते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह सुविधा नहीं होने से वहां के बच्चे अंधकार में जीवन जीने को मजबूर हैं। ये बच्चे तेज बुद्धि के होते हुए भी सही इलाज न मिलने के कारण भटक जाते हैं और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

राजेन्द्र बाबू की धरती पर नेत्र संस्थान की शाखा हो स्थापित

पत्र में प्रमोद मल्ल ने यह भी लिखा है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर देशभर में संचालित नेत्र संस्थान का एक केंद्र यदि राजेन्द्र बाबू की जन्मभूमि जिरादेई में स्थापित किया जाए, तो यह न केवल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी पहल होगी, बल्कि राजेन्द्र बाबू की विरासत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

नेत्र संस्थान के विशेषज्ञों से जांच और इलाज की मिलेगी सुविधा

इस सैटेलाइट सेंटर के खुलने से न केवल जिरादेई बल्कि आसपास के हजारों गांवों के लोगों को नेत्र रोगों की समय पर जांच और इलाज मिल सकेगा। साथ ही बच्चों की शिक्षा और भविष्य भी बेहतर होगा।

ओवर लोड वाहनों से अवैध वसूली में फंसे इएसआई

डीएम ने की निलंबित करने की सिफारिश

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ओवर लोडिंग वाहनों से अवैध वसूली के मामले में जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित इएसआई (प्रवर्तन अवर निरीक्षक) सत्येंद्र कुमार रजक फंस गये है। आरोपो की जांच के लिए गठित समिति की रिर्पोट मिलने के बाद जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने उन्हें निलंबित करने की सिफारिश राज्य सरकार से की है। उनके विरुद्ध प्रपत्र क की भी कार्रवाई की जायेगी।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन को विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-727 मदनपुर मोड़ के पास ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे परिवहन विभाग की टीम पर वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के द्वारा अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए हमला करने की सूचना प्राप्त हुई थी।जिसे जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग की टीम पर किए गए हमलों एवं चालक तथा वाहन मालिकों द्वारा लगाए गए आरोपों की संयुक्त जांच का आदेश बगहा एसडीएम एवं एसडीपीओ को दिया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में पुरे प्रकरण की जांच कर अधिकारियों ने अपनी रिर्पोट सौंप दी है। जिसमें इएसआई सत्येंद्र कुमार रजक की भूमिका संदिग्ध पाया गया है।

शहर में भूमिगत गैस पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू

सांसद- मंत्री ने किया कायारंभ

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अब बेतिया शहर में शीघ्र हीं पाईप के जरिये रसोई गैस की आपूर्ति आरंभ कर दी जायेगी। रविवार से घरों तक पाईप के माध्यम से रसोई गैस आपूर्ति करने के लिए भूमिगत पाईप बिछाने का कार्य आरंभ कर दिया गया। घरों तक पाईप के माध्यम से रसोई गैस आपूर्ति के लिए एजेंसी द्वारा पाईप लाईन बिछाने का काम आज से आरंभ कर दिया।



इसका विधिवत शुरूआत एक कार्यक्रम के माध्यम से प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने किया। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डो के घरों में चरणबद्ध तरिके से एमडीपीई पाईप लगाया जायेगा। अबतक शहर के 8000 घरों में एमडीपीई पाईप लगाया जा चुका है। वहीं भूमिगत पाईपलाईन बिछाने के लिए खुदाई का काम आरंभ कर दिया गया। इस पाईप लाईन से गैस की आपूर्ति किये जाने से उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर गैस की आपूर्ति हो पायेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डा. जायसवाल ने कहा कि नगर निगम के सभी घरों में 2026 के शुरूआत तक पाईप से गैस की आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है। घरों में एमडीपीई पाईप लगाने का काम भी लगातार चल रहा है। वहीं शहर के विभिन्न वार्डो में सड़को में भूमिगत पाईप बिछाने का काम भी आरंभ हो गया। यह सुविधा शुरू होते हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर रिफिलिंग के झंझट से मुक्ति मिल जायेगी। और सिलेंडर रखने से भी राहत मिलेगी। पाईपलाईन के जरिये गैस की आपूर्ति शुरू होने के बाद गैस सिलेंडर बुकिंग का झंझट पूरी तरह से समाप्त हो जायेगा। सिलेंडर होम डिलेवरी करनेवालों को अतिरिक्त राशि भी नही देनी पड़ेगी।मंत्री रेणु देवी ने कहा कि इस पाईप लाईन के जरिये गैस की आपूर्ति शुरू हो जाने से गृहिणियों को काफी फायदा मिलेगा। इससे पैसे की बचत होगी और प्रदूषण भी कम होगा। घरों में जितना गैस उपयोग होगा उतना हीं बिल आयेगा। किचन का बजट भीनियंत्रित हो सकेगा। मौकेपर मौजूद भारत पेट्रोलियम के विवेक प्रताप सिंह विशेन ने बताया कि पाईप लाईन से मिलने वाले गैस एलपीजी गैस से काफी सस्ता है। प्रत्येक युनिट के लिए करीब 55-56 रुपया देना पड़ेगा। अभी एलपीजी गैस के लिए करीब 92-94 रुपया प्रतिकिलो खर्च करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अबतक के सर्वेक्षण के मुताबिक नगर निगम क्षेत्र के करीब 300 किलोमीटर सड़क पर भूमिगत पाईप लाईन बिछाने की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, आनंद सिंह, शिवेंद्र कुमार शिबु, संदीप श्रीवास्तव, जनक प्रसाद आदि भी मौजूद रहे।

सड़क पर उतर डीआईजी और एसपी ने चलाया वाहन जांच अभियान

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अपराधियों के गतिविधियों पर नकेल कसने एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से शनिवार की रात चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय, पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन स्वंय सड़क पर उतर गये। और अपने देखरेख में सघन वाहन जांच अभियान चलवाया। हालाकि इस दौरान कोई खास उपलब्धि हासिल नही हुयी। लेकिन पुलिस की सक्रियता के आगे संदिग्ध गतिविधियों के लोग गली कुचो से अपने वाहनों को निकालते देखे गये। इस दौरान पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया।



डीआईजी के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जांच अभियान चलाया गया।शाम छह बजे से रात नौ बजे तक सड़क से गुजरने वाले वाहनों की पुलिस ने तलाशी ली। डीआईजी और एसपी के साथ सदर एसडीपीओ विवेक दीप, यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह, साइबर थाना के डीएसपी गौतम शरण ओमी व अन्य पुलिस पदाधिकारी जांच में शामिल रहे। वाहन जांच के दौरान डीआईजी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान नियमित जारी रहेगा। एसपी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और अपराध नियंत्रण को सुनिश्चित करना है। इससे अपराध नियंत्रण के साथ असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने में भी मदद मिलेगी। वही आम लोगों ने वाहन जांच अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की इस पहल से अपराधियों और और असामाजिक लोगों के हरकतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी ही सुरक्षित यातायात के प्रति भी लोगों में जागरुकता आएगी। सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों में डर बना रहेगा। वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया।

मजदूरी करने कश्मीर गया बेलवा का अब्दुल लापता

परिजनों ने एसडीएम से मदद की लगाई गुहार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। काश्मीर के पहलगाम में मजदूरी करने गया एक युवक 24 जून से लापता है। वह मजदूरी करने के लिए घर से कश्मीर गया था। युवक साठी थाना क्षेत्र के बेलवा गाव निवासी अबुलैश शेख का 28 वर्षीय पुत्र अब्दुल अदुद उर्फ पिंटू आलम बताया गया है। पुत्र के लापता होने से उसके परिजन काफी परेशान है। मामले में अब्दुल के पिता अबुलैश शेख ने साठी थाना व अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अपने बेटे की तलाश करने की गुहार लगाया है। पिता ने बताया है कि उसका बेटा अब्दुल 19 जून 2025 को घर से मजदूरी करने के लिए घर से कश्मीर के लिए निकला, 21 जून को काश्मीर के पहलगाम में पहुचकर परिजनों से बात कर बताया कि वह शकुशल पहुच गया है। 24 जून को करीब 10 बजे अब्दुल से उसके पिता से अंतिम बार उसकी बात हुई थी। इस दौरान अब्दुल ने बताया कि वह अपने कमरा से काश्मीर के नावगाव मजदूरी के लिए जा रहा है। इसके बाद करीब 11 बजे उसके पिता ने दोबारा फोन किया तो उसका मोबाइल 6005958082 बन्द मिला। शाम तक उससे संपर्क नही होने से परिवार के लोग परेशान हो गए। इसके बाद अबुलैश शेख ने कश्मीर में मजदूरी कर रहे अपने दूसरे बेटे अमजद से संपर्क किया। अमजद ने भी अपने भाई की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कही सुराग नही मिला।

जल में पुकारे हाथी, आके बनी गईनी साथी... जेकर केहु ना सहारा, ओकर भइनी ए हरी...

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जल में पुकारे हाथी, आके बनी गईनी साथी... जेकर केहु ना सहारा, ओकर भइनी ए हरी... जैसे भावपूर्ण भजनों से रविवार को एकमा प्रखंड के तिलकार गांव स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर संगीतमय वातावरण में डूबा रहा। एकमा प्रखंड के परसा पूर्वी पंचायत अंतर्गत जिलेबिया पोखरा तालाब किनारे स्थित इस मंदिर में भव्य भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अगुवाई मंदिर के संस्थापक प्रभुनाथ मिश्रा व व्यवस्थापक सेवानिवृत्त फौजी पुरुषोत्तम मिश्रा ने की। आयोजन स्थल प्राचीन वन देवी मंदिर प्रांगण रहा। कार्यक्रम में लोकगायक रामेश्वर गोप की अगुवाई में प्रसिद्ध कलाकारों की टोली ने एक से



बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। ब्यास परमेश्वर यादव प्रेमी, मिसराम, तारकनाथ पांडेय समेत कई गायकों ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वाद्य संगीत में भी उत्कृष्टता देखने को मिली। ढ़ोलक पर वीरेंद्र मिश्र, तबले पर शारदा प्रसाद व उनके साथ शिव शंकर, राजेश्वर साह, गौतम मिश्रा, लक्खी, जग्गु व भिखारी यादव ने विभिन्न वाद्ययंत्रों का शानदार संचालन किया। इस धार्मिक आयोजन में चंद्रिका प्रसाद, प्रमोद मिश्रा, गणेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। देर शाम तक भक्ति रस में सराबोर वातावरण बना रहा।

मारपीट सरपंच पुत्र समेत तीन महिला जख्मी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के महुअवा गांव में मारपीट की घटना हुई है। घटना में बिनवलिया पंचायत के सरपंच पुत्र समेत तीन महिलाएं जख्मी हो गयी हैं। मामले में सरपंच की पतोहू गुलिस्तां प्रवीण ने शिकारपुर थाने में आवेदन देकर करवाई की मांग की है। पुलिस को दिए आवेदन में शाहबाज आलम, ओकर अहमद, शकील अहमद,नसीम अहमद, शमीम अहमद व सफी अहमद को आरोपित किया गया है। आरोप है कि उक्त आरोपित पूर्व के भूमि विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपित घर मे घुसकर मारपीट करने लगे। बीच बचाव को आई उसकी दोनो ननद समेत पति की पिटाई की गई। जिसमें उसकी दोनो ननद जख्मी हो गयी और उसके पति का हाथ टूट गया।

बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के घर में हजारों की चोरी

मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मांझी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में चोरों ने बीएमपी के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर बदरे आलम खान के





बंद घर को निशाना बनाते हुए हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना तब सामने आई जब घर की देखरेख करने वाली महिला रविवार सुबह वहां पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदरे आलम खान वर्तमान में अपने परिवार के साथ पटना में निवास करते हैं। सोनबरसा स्थित उनके पुश्तैनी मकान की देखभाल गांव की ही एक महिला करती थी, जो किसी कारणवश दो दिन के लिए बाहर गई हुई थी। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसपैठ की। घर में प्रवेश करने के बाद महिला ने देखा कि बक्सा, अलमारी के ताले टूटे हुए थे, घर का सामान बिखरा हुआ था और कई जगहों पर कब्जा उखड़ा हुआ मिला। फिलहाल घर के सदस्यों के न रहने के कारण चोरी गए सामानों की पूरी सूची नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरी की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ समय से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

कटेया से पटना के लिए रोडवेज की नई बस सेवा शुरू, ग्रामीणों को मिलेगा बड़ा लाभ

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सीवान। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने कटेया-सीवान मार्ग पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक और नई रोडवेज बस सेवा की शुरूआत की है। यह सेवा अब सीवान-गोपालगंज के सुदूरवर्ती गांवों तक सरकारी परिवहन की पहुंच सुनिश्चित करेगी। यह नई सुविधा सीवान डिपो के पूर्व प्रतिष्ठान अधीक्षक रजनीश कुमार के कार्यकाल में योजना स्तर पर शुरू की गई थी। अब इसे वर्तमान अधीक्षक रवि राज के निर्देशन में नियमित संचालन की मंजूरी मिली है। अधीक्षक रवि राज ने बताया कि "यह सेवा अब नियमित रूप से जारी रहेगी ताकि दूरदराज के लोगों को भी राजधानी पटना पहुंचने में सहूलियत हो।"

यात्रियों को मिलेगा सुबह का बेहतर विकल्प

बस के संवाहक मनोज कुमार ने बताया कि नई बस कटेया से सुबह 6:40 बजे, भोरे से 7:10 बजे, और मीरगंज से 8:00 बजे रवाना होकर दोपहर 1:00 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं, पटना से वापसी की सेवा दोपहर 3:50 बजे शुरू होगी और यह छपरा होते हुए शाम 7:10 बजे तक लौटेगी।



पहले से एक बस सेवा चल रही है सुबह 3:40 बजे

उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पहले से एक बस सेवा चला रहा है, जो कटेया से प्रतिदिन सुबह 3:40 बजे पटना के लिए रवाना होती है। अब इस नई सेवा के जुड़ने से यात्रियों के पास दो विकल्प उपलब्ध हो जाएंगे।

- अब सुदूर गांवों से भी पटना पहुंचना होगा आसान
- सीवान डिपो से शुरू हुई नई सेवा, पूर्व अधीक्षक रजनीश कुमार के कार्यकाल में बनी थी योजना
- वर्तमान अधीक्षक रवि राज ने दी जानकारीः सेवा होगी निरंतर जारी
- हर दिन सुबह 6:40 बजे कटेया से चलेगी बस, दोपहर 1:00 बजे पटना पहुंचेगी

ग्रामीणों ने जताई खुशी, यात्रा होगी आसान और सुलभ

इस नई बस सेवा के शुरू होने से कटेया, भोरे, मीरगंज सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राजधानी जाने में खासी राहत मिलेगी। अब उन्हें निजी वाहनों या महंगे साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की यह पहल ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम है। अगर इसी तरह सुविधाएं बढ़ती रहीं, तो जल्द ही राज्य के अन्य दूरदराज इलाकों तक भी परिवहन सुविधा सुलभ हो सकेगी।

लापरवाही एवं शिथिलता पर चनपटिया के बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य में लापरवाही बरतने पर चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के बुथ नंबर 129 पर तैनात बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। डीपीआरओ राकेश कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार कार्य करें एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करें। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज किया जाना भी शामिल है।

सड़क हादसे में किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। बारून थाना क्षेत्र के बरुआ पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से सड़क पार कर रहे 11 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक किशोर की पहचान नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के चैनपुर भटौलिया गांव निवासी उमाशंकर पासवान के पुत्र ओमप्रकाश कुमार के रूप में हुई है। इस घटना में घर का इकलौता चिराग बुझ गया। घटना रविवार की दोपहर की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि 10 दिन पूर्व गर्मी की छुट्टी होने के कारण ओमप्रकाश अपने घर चैनपुर भटौलिया से बारून थाना क्षेत्र के बरुआ पुल स्थित महावीरगंज गांव स्थित अपनी नानी के घर गया हुआ था। मृतक ओमप्रकाश के नाना रामाशीष पासवान ने बताया कि रविवार की दोपहर वह किसी काम से राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक रौंदती हुई निकल गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि शव के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। जब स्थानीय लोगों ने शोरगुल मचाया तो गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे तो ओमप्रकाश को मृत पड़ा देखा। इसके बाद घटना की सूचना ननिहाल के परिजनों को दी गई। सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और ओमप्रकाश को मृत पड़ा देख चीत्कार उठे। इसके बाद कुछ लोगों ने घटना की सूचना बारून थाना की पुलिस को दी। सूचना पर बारून थानाध्यक्ष रंजीत कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 19 को जाम कर दिया। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वही ननिहाल से लेकर पैतृक गांव तक मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश घर का इकलौता चिराग था। उसकी दो बहने हैं। पिता मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इस घटना में पिता की आखिरी उम्मीद टूट गई। बारून थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नीतीश के कार्यकाल में हर वर्ग का हुआ विकास : वीरेन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ नेता की वर्चुअल बैठक रविवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारून प्रखंड अंतर्गत पिपरा एवं धनगाई पंचायत में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विजय राजवंशी एवं मनोज कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में फिर से नीतीश कुमार को लाना है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन दिया। कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं को जनता के बीच बताने का काम करें और सभी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के लोगों को बूथ जीतो-चुनाव जीतो का पाठ पढ़ाया। बैठक में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता नीतीश कुमार को पुनः एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाएगी क्योंकि नीतीश कुमार के कार्यकाल में हर वर्ग के विकास का काम हुआ है और सभी इनसे खुश भी हैं। मौके पर जिला संगठन प्रभारी सह प्रदेश सचिव विन्दा चंद्रवंशी, नबीनगर के संगठन प्रभारी प्रो अरुण कुमार शर्मा, बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडे, पवन यादव, विमलेश कुमार, सनी कुमार पटेल, बारून के प्रमुख धनिक लाल मंडल, अंजनी शर्मा आदि उपस्थित थे।

सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर किया जाम

ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। झारखंड के रजहरा से बिहार के पटना को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को फोरलेन करने हेतु सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को शांतिपूर्ण बंदी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिले के अंबा, औरंगाबाद, ओबरा, दाउदनगर तो वहीं अरवल जिले के कलेर, मेहंदिया, अरवल से लेकर पटना जिले के नौबतपुर तक बंदी का भरपूर असर देखने को मिला। राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर बंदी कराने उतरे लोगों का कहना था कि बंदी का मुख्य उद्देश्य एनएच-139 को फोरलेन कराना है। कहा कि इस सड़क पर प्रतिदिन 20 हजार से अधिक गाड़ियों का परिचालन होता है। मानकता के अनुसार यह सड़क फोरलेन होनी चाहिए थी। इस राजमार्ग को फोरलेन हेतु 5500 करोड़ रुपए स्वीकृति की घोषणा केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई थी लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कार्यक्रम में पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, सहजानन्द कुमार डिक्कू, आनंद विश्वकर्मा, गुड्डू सिंह, धीरज सिंह, मुकेश कुमार, रॉकी दूबे, कमलेश कुमार विक्कल, कृष्णकांत शर्मा, विनय कुमार, पप्पू कुमार, संदीप कुमार, नागेंद्र मेहता आदि शामिल थे।

बोलेरो-ऑटो की टक्कर में कई लोग घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के कुटुंबा प्रखंड के तमसी मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो व ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो सवार एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मोहरी इटवा गांव निवासी दिनेश साव, उनकी पत्नी सावित्री देवी, चंदा कुमारी, शोभा कुमारी, जूही कुमारी, मीना देवी, प्रभा कुमारी, प्रिया कुमारी सहित अन्य लोग शामिल है। घटना रविवार की दोपहर की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग अपने घर से दो ऑटो पर सवार होकर अंबा सतबहिनी मंदिर स्थित आद्रा मेला घूमने के लिए जा रहे थे। एक ऑटो पर घर की सभी महिलाएं व बच्चियां सवार थी। वहीं दूसरे ऑटो पर सभी पुरुष सवार थे। सभी महिलाओं व बच्चियों को आद्रा मेला घूमने जाना था। वहीं दूसरे ऑटो पर सवार कुछ लोगों को कहीं दूसरे जगह जाना था तो कुछ लोगों को भी आद्रा मेला घूमने जाना था। जैसे ही महिलाओं व बच्चियों वाला ऑटो कुटुंबा प्रखंड के तमसी मोड़ के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने ऑटो में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि घटनास्थल पर ही ऑटो पलट गया और उसपर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में कुछ महिलाएं व बच्चियां ऑटो के नीचे दब गई। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ऑटो से हटाकर अलग किया। थोड़ी देर बाद ही दूसरे ऑटो पर सवार अन्य परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पता चला कि सदर अस्पताल से भी डॉक्टरों ने कुछ घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायलों को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी चले गए।

डकैती सहित अन्य मामलों में 56 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मादक प्रदार्थों की खरीद-बिक्री पर रोक समेत अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त समेत विभिन्न कांडों के 56 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डकैती के शीर्ष में 1, एससी-एसटी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 5, शराब के शीर्ष कांडों में 13 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1133 वाहनों की जांच की गई जिसमें 148500 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 10 है। इसी क्रम में 76 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

आपके प्रियजनों को आज ही नामांकित करें, उनका कल सुरक्षित बनाएँ



नामांकन यह सुनिश्चित करता है कि आपकी मृत्यु के बाद आपके प्रियजनों को बिना किसी परेशानी के आपकी वित्तीय परिसंपत्तियाँ प्राप्त हो जाएँ

- अपने बैंक खाते, लॉकर और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अपना नामांकन करें
- नामांकन के विवरण की जाँच बैंक से की जा सकती है



अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/nf पर विजिट करें
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

लोक समिति का स्थापना दिवस आज

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। सोमवार को शहर के ब्लॉक मोड स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित लोक समिति का 48वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों और बिहार प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जमनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित गिरिजा सतीश करेंगे जबकि मुख्य वक्ता लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद होंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री शिवजी सिंह करेंगे। यह जानकारी लोक समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने दी।

बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक

अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कमर कस कर मैदान में उतर चुकी है। शीर्ष नेतृत्व ने संगठन की मजबूती के लिए बूथ कमिटी को सशक्त करने का निर्देश जारी किया है। इसी क्रम में रविवार को कुटुंबा मंडल पूर्वी की बैठक तेल्हारा पंचायत के निरंजनपुर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सह 20सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बूथ सशक्तिकरण प्रभारी, विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय, परमेश्वर बैठा, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पूर्व में बनाए गए बूथ कमिटी को पुनः सत्यापित करना है। इसके लिए बूथ कमिटी के सभी नामों के ऊपर दिए गए नंबर पर कॉल कर शीघ्र उसके सत्यापन का कार्य पूरा कर लें और जो कार्यकर्ता किसी कारणवश सक्रिय रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं उनकी जगह नए कार्यकर्ताओं को जोड़े। इस मौके पर मंडल महामंत्री अभय पासवान, अमरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, पूनम देवी, मंत्री अजित गुप्ता, सुजीत सिंह, गौतम वर्मा, संतन कुमार सिंह, कलिका सिंह, देवब्रत कुमार, विश्वरंजन कुमार, राहुल सिंह, अनुज सिंह, अविनाश राज उपस्थित थे।

